हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 20 फरवरी 2026, वर्ष- 08, अंक- 353, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

पेज : 08

सुपर-8 मुकाबलों के लिए करने होंगे सुधार ...



# प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का किया उद्घाटन

## वैष्णव ने की नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं की घोषणा

### एआई समिट को संबोधित कर मोदी ने दिया बड़ा संदेश- सबकी भलाई और सबकी खुशी हमारा बेंचमार्क


एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य पारदर्शिता, जवाबदेही और मानव-हित पर आधारित होना चाहिए। एआई कुछ देशों या कंपनियों का साधन नहीं बने, बल्कि यह "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" का माध्यम बने। प्रधानमंत्री ने एआई के लिए मानव विजन पेश करते हुए कहा कि अवसरों के साथ जोखिम भी हैं, इसलिए इसे मानव-केंद्रित और जिम्मेदार तरीके से विकसित करना जरूरी है। इस मौके पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, वैश्विक तकनीकी कंपनियों के प्रमुख और उद्योग जगत के दिग्गज मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान 'नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं' की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य एआई को समावेशी, बहुभाषी और वैश्विक विकास का साधन बनाना है। प्रधानमंत्री ने डीप फेक जैसी चुनौतियों का जिक्र किया और कहा कि जैसे



खाने की चीजों पर लेबल लगता है कि उसमें क्या है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी लेबलिंग जरूरी है ताकि लोग सच-झूठ पहचान सकें। इसकी स्पीड और स्केल इतनी बड़ी है कि इसके अच्छे और बुरे दोनों प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए सावधानी बरतनी होगी। एआई को खुली छूट मिलनी चाहिए, लेकिन कमान हमारे हाथ में होनी चाहिए । विकासशील देशों के लिए एआई को लोकतांत्रिक बनाना जरूरी है। मनुष्यों को सिर्फ डेटा का स्रोत नहीं बनने देना चाहिए, बल्कि एआई को सशक्तिकरण का माध्यम बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में दो तरह के लोग हैं। कुछ एआई से डरते हैं, कुछ इसमें भाग्य देखते हैं। भारत गर्व से कहता है कि हमें एआई में भय नहीं, भाग्य और भविष्य दिखता है। भारत सेमीकंडक्टर चिप मैन्युफैक्चरिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग तक मजबूत इकोसिस्टम बना रहा है। सुरक्षित डेटा सेंटर, मजबूत आईटी ढांचा और डायनामिक स्टार्टअप कल्चर भारत को किफायती, स्केलेबल और सुरक्षित एआई का हब बना सकता है। भारत की विविधता, युवा आबादी और लोकतंत्र इसे खास बनाते हैं। यहां सफल एआई मॉडल पूरी दुनिया में काम कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे स्कूल का सिलेबस बच्चों के लिए सुरक्षित और परिवार के मार्गदर्शन में होता है, वैसे ही एआई भी बच्चों के लिए सुरक्षित होनी चाहिए। समिट में 3 भारतीय कंपनियों ने अपने एआई मॉडल्स और ऐप्स लॉन्च किए, जो युवाओं की प्रतिभा और भारत की विविधता को दिखाते हैं।

## एआई समिट में एंटोनियो गुटेरेस, मुकेश अंबानी और एन. चंद्रशेखरन ने भारत पर जताया भरोसा



**नई दिल्ली**। भारत के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन और अमेरिकी एआई कंपनी एन्थ्रोपिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डारियो अमोदेई सहित दुनिया के शीर्ष लोगों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने भारत की एआई नेतृत्व क्षमता की खुलकर सराहना की। इन लोगों ने कहा कि भारत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा, जनसंख्या और नवाचार के दम पर दुनिया की सबसे बड़ी एआई शक्ति बनने की स्थिति में है। भारत विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में एआई को प्रमुख ताकत बनाएगा। साथ ही वैश्विक दक्षिण के लिए भी भारत एआई विकास का मॉडल बन सकता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यहां भारत मंडपम में समिट के दौरान आयोजित सत्र में कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस समिट के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण में इस तरह के पहले एआई समिट की मेजबानी करके भारत ने नेतृत्व दिखाया है। एआई का भविष्य कुछ देशों या कुछ अरबपतियों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। यह पूरी मानवता से जुड़ा विषय है। इसमें सभी देशों की भागीदारी जरूरी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि न्यू दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट कमिटमेंट्स के तहत अग्रणी एआई कंपनियां और भारतीय नवाचारकर्ता मिलकर जिम्मेदार एआई के लिए स्वैच्छिक संकल्प कर रहे हैं।

## डेटा स्वायत्त, नियम पारदर्शी और मानवीय मूल्यों पर आधारित हो एआई : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एआई एम्पैक्ट शिखरवार्ता में गुरुवार को वैश्विक नेताओं के समक्ष एआई के नैतिक उपयोग को लकेर तीन सुझाव दिए। इसमें डेटा स्वायत्तता, पारदर्शी नियम और मानवीय मूल्य शामिल रहे। विश्व नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन के दौरान पूर्ण सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने शुरुआती वक्तव्य में विश्वास जताया कि यह सम्मेलन वैश्विक एआई इकोसिस्टम के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर इस 'डिसरप्शन' को मानवता के सबसे बड़े अवसर के रूप में बदल देना है। नैतिक उपयोग के समुझों पर उन्होंने कहा कि डाटा के मालिकाना हक को सम्मान मिलना चाहिए। एआई ट्रेनिंग के लिए एक डाटा फ्रेमवर्क बनाना चाहिए। डाटा सुरक्षित संतुलित विश्वसनीय होना चाहिए। इसलिए ग्लोबल ट्रस्टेड डाटा फ्रेमवर्क जरूरी है। उन्होंने कहा कि एआई प्लेटफार्म अपने सेफ्टी रूल्स बहुत क्लियर और ट्रांसपेरेंट रखें। हमें ब्लैक बॉक्स के बदले ग्लास बॉक्स अप्रोच चाहिए। जहां सेफ्टी रूल्स देखें और वेरीफाई किए जा सके तब अकाउंटेबिलिटी भी क्लियर होगी



और बिजनेस में एथिकल बिहेवियर को भी बूस्ट मिलेगा। एआई रिसर्च में पेपर क्लिप प्रॉब्लम का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई को क्लियर ह्यूमन वैल्यूस और गाइडेंस की जरूरत है। टेक्नोलॉजी पावरफुल है लेकिन डायरेक्शन हमेशा मानव ही तय करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई में नैतिक व्यवहार का दायरा बहुत बड़ा है। ऐसे में एआई के लिए हमें एथिकल बिहेवियर और नॉर्म्स का दायरा भी असीमित बनाना होगा। एआई कंपनियों के सामने बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। लाभ के साथ-साथ उद्देश्य पर भी ध्यान केन्द्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए टेक्नोलॉजी पावर का नहीं बल्कि सेवा का माध्यम है। 'पावर नहीं एंपावर करना।' एआई की दिशा भी ऐसी होनी चाहिए जैसे पूरी मानवता का कल्याण हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है और भगवान बुद्ध ने कहा था 'राइट एक्शन कम्स फ्रॉम राइट अंडरस्टैंडिंग'। इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि हम साथ मिलकर ऐसा रोड मैप बनाएं जिससे एआई का सही प्रभाव दिखे। यह तभी आता है जब हम सही समय पर सही नियत से सही निर्णय लेते हैं। वैश्विक महामारी कोविड का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे दुनिया को एहसास हुआ कि एक दूसरे के साथ खड़े होने से असंभव भी संभव हो जाता है। वैक्सीन विकास से लेकर सप्लाई चेन तक डाटा साझा करने से लेकर जीवन बचाने तक सहयोग ने ही समाधान दिया। टेक्नोलॉजी कैसे मानवता की सेवा का माध्यम बन सकता है यह हमने भारत में कोविड काल में देखा है। प्रधानमंत्री ने माना कि पहले तकनीक भेदभाव का कारण बनी है और कहा कि अब एआई टेक्नोलॉजी को सबके लिए सुलभ और पहुंच में बनाना होगा। हमें ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं और प्राथमिकताओं को भी एआई गवर्नेंस के केंद्र में रखना होगा। प्रधानमंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की ग्लोबल जर्नी में एस्पिरेशनल इंडिया एआई की बड़ी भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि अपने इस दायित्व को समझते हुए ही भारत आज बड़े कदम उठा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### गूगल पांच साल में करीब 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का करेगी निवेश



**नई दिल्ली**। एआई इम्पेक्ट समिट-2026 में भारत को विदेशी कंपनियों से ढेरों निवेश मिले हैं, जिसमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया और क्वालकॉम जैसी कंपनियां शामिल हैं। समिट में कंपनियों ने बताया है कि वे भारत में डेटा सेंटर्स और न्यू एआई मॉडल को डेवलप करेंगे। बुधवार को गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने पीएम मोदी से मुलाकात की और बताया कि कंपनी अगले पांच साल में भारत में करीब 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। समिट में गूगल सीईओ और गूगल डीपमाइंड जीफ डेमिस हासाबिस दोनों भारत में हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गूगल का निवेश देश के पहले बड़े एआई हब को तैयार करेगा। प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा हिस्सा आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में बनने वाला मेगा एआई डेटा सेंटर है। इसमें एआई मॉडल ट्रेनिंग, क्लाउड सर्विस और कंप्यूटिंग का केंद्र बनेगा। एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को ऐलान किया है कि वह ग्लोबल साउथ में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। यह निवेश आने वाले चार साल के दौरान की जाएगी। माइक्रोसॉफ्ट ने बीते साल भारत में 17.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश का ऐलान किया था। योट्टा डेटा सर्विसेज ने भी ऐलान किया है कि वह एनवीडिया के लेटेस्ट चिप्स के डेवलपमेंट पर 2 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश करेंगे।

### गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्यतिथि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ शीर्ष नेताओं दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली**। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर नायक, महान समाज सुधारक और शिक्षाविद गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्यतिथि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ शीर्ष नेताओं ने नमन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कहा कि गोपाल कृष्ण गोखले ने आजादी के आंदोलन से युवाओं को जोड़कर स्वाधीनता के लिए उन्हें प्रेरित किया, वहीं अस्पृश्यता उन्मूलन व समाज सुधार के लिए भी निरंतर कार्य किए। देशहित के विषयों पर गोखले अपनी स्पष्टवादिता के लिए जाने जाते थे। सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कुशल राजनीतिक एवं सामाजिक नेता, महान समाज सुधारक, कानूनी राजनीति के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखने वाले गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती पर नमन किया। किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मां भारती के वीर सपूत, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाज सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आपके ओजस्वी विचार और आदर्श जीवन सदैव हमें राष्ट्र की सेवा व जनकल्याण हेतु प्रेरित करते रहेंगे। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## फ्रीबीज बांट रहे राज्यों पर नाराज हुए सीजेआई, मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की जगह रोजगार दें



**नई दिल्ली**। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने चुनाव के दौरान फ्रीबीज बांट रहे राज्यों को कड़ी फटकार लगा दी है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि आखिर करदाता के अलावा इन योजनाओं का खर्च और कौन उठाने वाला है। उन्होंने कहा कि भोजन और बिजली के बाद अब सीधा कैश ट्रांसफर होने लगा है। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि देश में केंद्र और राज्यों सरकार को रोजगार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास पर अब कम खर्च किया जा रहा है। दरअसल सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कर्ज के बाद भी राज्यों की तरफ से मुफ्त में चीजें बांटने पर चिंता जाहिर कर दी। उन्होंने सवाल किया, आखिर करदाता नहीं, तब इन योजनाओं के लिए भुगतान कौन करेगा? सुप्रीम कोर्ट ने नकद बांटने और मुफ्त की सुविधाएं देने को लेकर वित्तीय समझदारी पर भी सवाल उठाए हैं। सीजेआई का कहना है कि राज्यों को मुफ्त की रेवड़ियां या डोल्स बांटने के बजाय रोजगार पैदा करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। सीजेआई ने चेताया है कि विकास पर अब कम खर्च हो रहा है। उन्होंने कहा, अगर आप मुफ्त खाना..., मुफ्त साइकिल...,मुफ्त बिजली देते... और अब तक सीधा कैश ट्रांसफर हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने कहा है कि कई राज्य राजस्व घाटे का सामना कर रहे हैं, लेकिन फिर भी कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार किए हुए हैं। कोर्ट का मानना है कि कर्मचारियों के वेतन और मुफ्त की सुविधाओं का बोझ इतना बढ़ गया है कि वे विकास के लिए जरूरी फंड को खत्म कर रहे हैं।

## वैश्विक समुदाय समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए आपस में हाथ मिलाए : राजनाथ सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली

विशाखापत्तनम के पूर्वी तट पर चल रहे बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' में 74 देशों की नौसेनाएं हिस्सा ले रही हैं, ताकि समुद्री जुड़ाव, सामूहिक सुरक्षा और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। अभ्यास का औपचारिक उद्घाटन करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यूएन कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ सीज के कानूनी ढांचे को एक बड़े ग्लोबल नेवल आर्किटेक्चर के जरिए और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय नियमों



और नेविगेशन की आजादी पर आधारित समुद्री व्यवस्था बनाना चाहता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद विश्व-मित्र है, इस क्षेत्र में एक कंस्ट्रक्टिव और भरोसेमंद भूमिका निभाता रहेगा । उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे समुद्र में उभरती हुई मुश्किल और आपस में जुड़ी चुनौतियों से असरदार तरीके से निपटें और आपसी सम्मान और लेन-देन की भावना से काम करें। समय के साथ इंटरनेशनल शांति बनाने में नौसेना की भूमिका और बढ़ी है। पिछले कुछ दशकों में तेजी से आर्थिक विकास हुआ है, जिससे इंटरनेशनल व्यापार और ट्रांसपोर्ट में भारी बढ़ोतरी हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे पानी को उन खतरनाक आतंकवादी गतिविधियों से बचाने की जरूरत है, जो इन इलाकों में पैर पसार रही हैं। राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि पुराने खतरे, पाइरेसी, समुद्री आतंकवाद, गैर-कानूनी मछली पकड़ना, ट्रैफिकिंग, साइबर कमजोरियां और जरूरी सप्लाई चेन में रुकावट जैसी नई चुनौतियों के साथ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ा रहा है, जिससे मानवीय और आपदा राहत ऑपरेशन ज्यादा बार-बार और मुश्किल हो रहे हैं।

## शिवाजी महाराज की जयंती कार्यक्रम में मची भगदड़, किले की टूटी रेलिंग, कई घायल

**पुणे**। पुणे जिले के जुन्नार में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के मौके पर समारोह में भारी भीड़ के चलते रेलिंग टूट गई। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। एसपी ने बताया कि इस घटना में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। प्रशासन ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में बताया है। एसपी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना शिवनेरी किला परिसर में हुई, जो शिवाजी महाराज का जन्मस्थान माना जाता है। पुलिस के मुताबिक सुबह करीब 3:30 बजे हाथी दरवाजा और गणेश दरवाजा की ओर जाने वाले हिस्से में भीड़ अचानक बढ़ गई। पीछे से धक्का लगने पर आगे खड़े लोगों का संतुलन बिगड़ गया और कुछ लोग नीचे गिर गए। मौके पर मौजूद पुलिस ने तुरंत भीड़ को कंट्रोल किया। प्रशासन का कहना है कि स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है। रिपोर्ट के मुताबिक वहां मौजूद लोगों ने बताया कि बुधवार रात से ही बड़ी संख्या में लोग किले पर पहुंचने लगे थे। संकरे प्रवेश और निकास मार्गों पर दबाव बढ़ता गया। एम्बरखाना के नीचे वाले हिस्से में एक साथ कई समूह आगे बढ़ने लगे, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

## देशभक्ति दिल से होती, कानून बनाकर मजबूर नहीं करना चाहिए : शशि थरूर



**नई दिल्ली**। कांग्रेस सांसद और पूर्व मंत्री शशि थरूर ने 'वंदे मातरम' को लेकर चल रही बहस पर साफ कहा कि किसी भी नागरिक को गाने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। उन्होंने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइंस की आलोचना कर कहा कि देशभक्ति दिल से होती है, और कानून बनाकर इस गाने को जबरन किसी की जुबान पर नहीं लाया जा सकता। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आदेश दिए हैं कि राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' अब सभी आधिकारिक कार्यक्रमों में पूरा गाना अनिवार्य होगा। कांग्रेस नेता थरूर ने इस दौरान 'वंदे मातरम' के इतिहास का उल्लेख किया। यह गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखा गया था और स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों और सत्याग्रहियों को प्रेरित करता था। उन्होंने कहा कि आज एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के रूप में राज्य और व्यक्तिगत अंतरात्मा के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। स्वतंत्रता के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 'वंदे मातरम' गाती थी, लेकिन देश की धार्मिक विविधता को देखकर 'जन गण मन' को राष्ट्रगान चुना गया। संविधान सभा ने 'वंदे मातरम' को राष्ट्रीय गीत का समान दर्जा दिया, ताकि स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका सम्मानित हो और किसी समुदाय को अलग-थलग न किया जाए।

## अरुणाचल के करीब परमाणु हथियारों का जाल बिछा रहा चीन, भारत के लिए खतरे की घंटी

एजेंसी। नई दिल्ली

चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की सेना न्यूक्लियर हथियारों के दम पर डराने के पैंतरे आजमा रही है। दुनिया की नजरों से छुपकर चीन के अंदर एक बहुत बड़ी साजिश चल रही थी, जिसका कच्चा चिट्ठा अब सैटेलाइट तस्वीरों ने खोल दिया है। इन तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि चीन भारत के अरुणाचल प्रदेश के बिल्कुल करीब परमाणु हथियारों का जाल बिछा रहा है। चीन की यह गुस्ताखी न सिर्फ भारत के लिए बल्कि पूरे एशिया की शांति के लिए खतरा बन सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश की सीमा से महज 800 किलोमीटर दूर चीन के सिचुआन प्रांत में परमाणु



ताकत का विस्तार चल रहा है, जिसका पर्दाफाश सैटेलाइट तस्वीरों ने किया है। इन फोटोज में चीन का वह गुप्त साम्राज्य दिख रहा है जहां न केवल नए परमाणु हथियार बन रहे हैं बल्कि उन्हें और भी घातक बनाने के लिए परीक्षण किया जा रहा है, जहां रूस और अमेरिका के बीच परमाणु संधि खत्म हो चुकी है, दूसरी तरफ चीन का यह बेलगाम परमाणु विस्तार दक्षिण एशिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। सिचुआन की पहाड़ियों में छिपे ये ठिकाने सीधे तौर पर भारत के पूर्वी इलाकों के लिए रेड अलर्ट हैं। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि सिचुआन की घाटियों में दो प्रमुख जगहों पर काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।

## जीएसटी घटाकर लोगों को दी राहत, लेकिन 6 माह में ही दाम बढ़ा कंपनियों ने कर दी छूमंतर

एजेंसी। नई दिल्ली

तू डाल-डाल, मैं पात-पात......यह कहावत मोदी सरकार और एफएमसीजी कंपनियों के हालिया समीकरण पर सटीक बैठती है। केंद्र सरकार आम आदमी को राहत दिलाने की कितनी भी कोशिश क्यों न कर ले, लेकिन कंपनियों ने ठान रखा है कि हम ऐसा नहीं होने देने वाले है। अभी 4 माह पहले ही केंद्र सरकार ने रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले 200 से भी ज्यादा आइटम पर जीएसटी घटाकर आम आदमी को राहत दिलाने की कोशिश की थी, लेकिन एफएमसीजी कंपनियों ने इन सभी प्रोडक्ट के दाम बढ़ाकर राहत को एक झटके में छूमंतर कर सरकार की मंशा पर पानी फेर दिया है। दरअसल एफएमसीजी कंपनियों ने तेल, साबुन, टूथपेस्ट सहित तमाम दैनिक



उपयोग वाली चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी की है। इन एफएमसीजी कंपनियों का कहना है कि लागत में बढ़ोतरी की वजह से इन वस्तुओं के दाम बढ़ाना जरूरी हो गया है। डॉलर के मुकाबले रुपये में आ रही गिरावट से कच्चे माल का आयात महंगा हो गया है, जिसका सीधा असर उत्पादन लागत पर पड़ रहा है। इसके बाद इन प्रोडक्ट की कीमतों में बढ़ोतरी करना मजबूरी हो गया है। वहीं इस पूरे मामले में डिस्ट्रीब्यूटर्स का कहना है कि डिटर्जेंट, हेयर ऑयल से लेकर चॉकलेट, बिस्कुट, नूडल्स, अनाज सहित तमाम रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम बढ़े हैं। इस महीने के आखिर तक इन चीजों के बढ़े दाम वाली पैकेट खुदरा दुकानों पर पहुंच जाएगी और ग्राहकों को भी महंगी कीमत पर सारे सामान खरीदना होगा। जीएसटी कटौती के बाद इन सभी की खपत 6 फीसदी बढ़ गई थी, लेकिन अब फिर से बिक्री पर दबाव पड़ सकता है. डाबर इंडिया के सीईओ ने बताया कि चालू वित्तवर्ष की चौथी तिमाही में वस्तुओं के दाम 2 फीसदी तक बढ़ाए हैं, जो अगले साल भी लागू रहेंगी। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट के प्रबंध निदेशक ने कहा है कि चाय की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। जनवरी से अप्रैल तक बढ़ोतरी की समीक्षा होगी और उसके बाद आगे कीमतें बढ़ाने पर फैसला किया जाएगा।

## रिहाई की मांग को लेकर अटक ब्रिज पर इमरान समर्थकों का कब्जा, मुनीर ने भेजी सेना

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पाकिस्तान में हालात बेकाबू हो गए हैं। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के हजारों समर्थकों ने खैबर प्रांत में सामरिक और रणनीतिक रूप से अहम अटक ब्रिज पर बुधवार को कब्जा कर लिया। ब्रिज के दोनों ओर इमरान समर्थकों के जमावड़े के कारण वाहन अटग गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीटीआई के तेवरों को देखते हुए पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद, पेशावर व रावलपिंडी कैंट से करीब 5 हजार सैनिकों को रवाना किया। उधर, खैबर के सीएम सुहैल अफरीदी ने रिहाई के लिए युवाओं की इमरान रिलीज फोर्स बनाने का ऐलान किया है। इमरान के समर्थन में तहाफुज पार्टी (टीटीपी) ने भी इस्लामाबाद कूच का ऐलान किया है। इमरान समर्थकों के अटक ब्रिज पर कब्जे से खैबर सूबा से पाक से कट गया है। इससे पाकिस्तान में अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन में मुनीर को फौज भेजने का फैसला लेना पड़ा।

आगामी नगर निगम चुनाव के अवसर पर हमारे अख़बार में

उम्मीदवारों, समर्थकों, सामाजिक संस्थाओं एवं व्यापारियों के लिए विज्ञापन देने का सुनहरा अवसर उपलब्ध है।




नगर निगम चुनाव से संबंधित

उम्मीदवार प्रचार विज्ञापन

शुभकामना संदेश

जनहित अपील

समर्थन एवं बधाई विज्ञापन

उचित दरों पर प्रकाशित किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें, क्योंकि स्थान सीमित है।

संपर्क : 8114546954, 9472072441

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों को शुद्ध बीज उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री

» राज्य में बीज नमूनों की जांच के लिए विकसित किया गया मजबूत प्रयोगशाला तंत्र

» पटना, भभुआ, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, सहरसा, दरभंगा एवं मोतीहारी में कार्यरत हैं क्षेत्रीय बीज विश्लेषण प्रयोगशालाएं

» गुणवत्तायुक्त बीज से समृद्ध हो रही है बिहार की खेती

**पटना।**राज्य के किसान अब खेती में गुणवत्तापूर्ण बीजों का उपयोग कर रहे हैं। किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हों, इसे राज्य सरकार सुनिश्चित कर रही है। इसके कारण राज्य में कृषि उत्पादन तेजी से बढ़ा है और किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। मंत्री राम कृपाल यादव ने गुरुवार को कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में बीज एक अत्यंत महत्वपूर्ण तथा निर्णायक उपादान है। बीज पर ही अन्य सभी कृषि निवेशों की सफलता प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निर्भर करती है। गुणवत्तायुक्त एवं शुद्ध बीज के बिना उच्च उत्पादन की कल्पना संभव नहीं है। इसलिए बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार का कृषि विभाग बीज गुणवत्ता नियंत्रण की सुदृढ़ एवं वैज्ञानिक व्यवस्था के साथ कार्य कर रहा है। राज्य में बीज नमूनों की जांच के लिए मजबूत प्रयोगशाला तंत्र विकसित किया गया है। इसके अंतर्गत राज्य स्तरीय बीज विश्लेषण प्रयोगशाला, पटना के साथ-साथ छह क्षेत्रीय बीज विश्लेषण प्रयोगशालाएं भभुआ, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, सहरसा, दरभंगा एवं मोतीहारी में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त राज्य के अन्य 31 जिलों में जिला स्तरीय बीज विश्लेषण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं तथा उनके प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस प्रकार राज्य के सभी 38 जिलों में बीज नमूनों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे किसानों को प्रमाणित एवं गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने में व्यापक सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को प्रमाणित, शुद्ध एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता से न केवल कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय सुदृढ़ होगी और राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क कनेक्टिविटी परियोजना की समीक्षा

**पटना।**ग्रामीण विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क कनेक्टिविटी परियोजना की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से उक्त बैठक में शामिल हुए। सड़क कनेक्टिविटी परियोजना (Road Connectivity Project in LWE Areas) की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सचिव पंकज कुमार पाल ने जानकारी दी कि RCPL के तहत औरंगाबाद, गया, रोहतास, नवादा मुजफ्फरपुर, जमुई, बांका एवं लखीसराय जिले में लगभग 1814 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही विभाग ने 72 पुलों का निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिया है। उन्होंने कहा कि सड़कें बेहतर स्थिति में है और सड़कों का लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है। इस दरम्यान सचिव ने कहा कि परियोजना के तहत शेष कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण किया जा रहा है। 4 सड़कों जिनकी लंबाई करीब 24 किलोमीटर है और 3 पुलों का निर्माण किया जाना है। शेष कार्यों को मार्च, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। यह परियोजना बिहार में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है। बेहतर सड़कें न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी बल्कि आवाजाही, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा तक पहुंच को भी आसान बनाएंगी। इस योजना के तहत बिहार ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

### समस्तीपुर में लोजपा (रा) नेता अंटू सिंह पर फायरिंग, सुरक्षा बढ़ाने की उठी मांग

**पटना।** समस्तीपुर में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) [लोजपा (रा)] के संसदीय बोर्ड के प्रदेश महासचिव अंटू सिंह पर हाल ही में अपराधियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग कर जानलेवा हमला किए जाने की घटना सामने आई है। इस हमले में अंटू सिंह बाल-बाल बच गए, हालांकि घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पार्टी के संसदीय बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष शिशिर राय ने पुलिस प्रशासन से अंटू सिंह की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु उन्हें अविलंब अंगरक्षक उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं संसदीय बोर्ड के प्रधान महासचिव मनीष कुमार सिंह ने घटना में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएं सरकार के सुशासन के प्रति जनता के विश्वास को प्रभावित कर सकती हैं। पार्टी के संसदीय दल के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. ओमप्रकाश सोनू ने भी घटना की जानकारी देते हुए प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### प्राउटिस्ट सर्व समाज कार्यकर्ता सम्मेलन के दूसरे दिन द्विवार्षिक रोडमैप एवं भावी कार्यक्रमों पर मंथन

**पटना।** प्राउटिस्ट सर्व समाज समिति द्वारा पटना में आयोजित तीन दिवसीय "प्राउटिस्ट सर्व समाज कार्यकर्ता सम्मेलन" के दूसरे दिन द्विवार्षिक रोडमैप, घोषणापत्र, नीतियों एवं भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा सम्पन्न हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री प्रद्युम्न नारायण सिंह ने की, जबकि संचालन आचार्य शिवानन्द दानी द्वारा किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री सिंह ने आगामी दो वर्षों के लिए संगठन की कार्यनीति को सशक्त, योजनाबद्ध एवं जनोन्मुख बनाने पर बल देते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्राउट के सिद्धांतों को प्रभावी रूप से पहुंचाना है। इस अवसर पर अंगिका समाज, अमरा बंगाली समाज, मगही समाज, मिथिला समाज, भोजपुरी समाज, बघेली समाज, हरियाणवी समाज, विदर्भ समाज, छत्तीसगढ़ी समाज, डोगरी समाज एवं उत्कल समाज के समाज सचिवों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने संगठन के विस्तार, प्राउट के सिद्धांतों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधियों ने आगामी दो वर्षों के लिए व्यापक जनजागरण अभियान, कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं संगठनात्मक विस्तार हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। सम्मेलन का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक, अनुशासित एवं उद्देश्यपूर्ण रहा। एम पी जैन ने बताया कि सम्मेलन का समापन सत्र 20 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

## मुख्य सचिव ने खेल विभाग की समीक्षा की सुरक्षा, निगरानी, पीपीपी मॉडल एवं संस्थागत सुधारों पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में खेल सचिव महेन्द्र कुमार एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य के खेल तंत्र में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। खेल क्लबों एवं खेल परिसरों की सुरक्षा को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पंचायत स्तर के खेल परिसरों एवं आउटडोर स्टेडियमों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि पारदर्शिता, सुरक्षा एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि खेल क्लबों के सक्रियण एवं संचालन की प्रक्रिया को संस्थागत स्वरूप दिया जाए, जिससे उसकी नियमित समीक्षा एवं प्रगति का आकलन किया जा सके। सचिव स्तर पर नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि राज्य भर में खेल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित हो सके। मुख्य सचिव ने खेल क्षेत्र में स्वस्थ पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के लिए स्पष्ट नीतिगत ढांचा तैयार किया जाए, जिससे सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो सके। स्थानीय उद्योगों को खेल गतिविधियों के प्रोत्साहन में शामिल करने तथा युवाओं को प्रतियोगिताओं एवं खेल आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि समावेशी एवं सुव्यवस्थित पीपीपी मॉडल राज्य में खेल विकास के लिए अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। जमीनी स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि प्रत्येक खेल क्लब के साथ जिला खेल पदाधिकारी, राज्य सरकार के खेल प्रशिक्षक तथा शारीरिक शिक्षक को टैग किया जाए। खेल सामग्री की खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं एकाधिकार की स्थिति को रोकने के लिए उन्होंने खुले आमंत्रण (ओपन कॉल) के माध्यम से खेल सामग्री आपूर्तिकर्ताओं एवं विक्रेताओं को सूचीबद्ध (एम्पैनल) करने का निर्देश दिया, ताकि सभी खेल क्लबों को समान दरों पर गुणवत्तापूर्ण खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही, खेल सामग्री की अधिकतम कीमत (कैपिंग प्राइस) निर्धारित करने का भी निर्देश दिया गया, जिससे राज्य में कहीं भी मूल्य शोषण की स्थिति उत्पन्न न हो। मुख्य सचिव ने राज्य में संचालित 27 एकलव्य केंद्रों की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया तथा शेष प्रस्तावित केंद्रों को शीघ्र सक्रिय करने का निर्देश दिया। विभाग द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि नवंबर एवं फरवरी माह में हाफ मैराथन का आयोजन प्रस्तावित है, जिसकी शुरुआत इस नवंबर से की जाएगी। यह बैठक राज्य में सुरक्षित, पारदर्शी, जवाबदेह एवं समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रति बिहार सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## कानून-व्यवस्था पर विधान परिषद के बाहर विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**बिहार विधान परिषद के बाहर गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के नेतृत्व में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था, बढ़ती हत्या, दुष्कर्म और बलात्कार की घटनाओं को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और जवाब की मांग की। राबड़ी देवी ने कहा कि बिहार में हालात बेहद चिंताजनक हैं। रेप, हत्या और बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार हालात पर नियंत्रण करने के बजाय अपनी पीठ थपथपा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इन मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करता रहेगा। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन विपक्ष झुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार में बेटियों को खुलेआम धमकियां दी जा रही हैं, लेकिन राज्य की बेटियां डरने वाली नहीं हैं और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती रहेंगी। इस दौरान राबड़ी देवी ने हाल ही में मैट्रिक परीक्षा से जुड़े एक मामले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक छात्रा को केवल कुछ मिनट देर से पहुंचने के कारण परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया, जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। राबड़ी देवी ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जिन लोगों ने छात्रा को केंद्र में प्रवेश से रोका, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर कोई छात्र दो-चार या पांच मिनट भी देर से पहुंचता है, तो उसे परीक्षा देने से रोकना कौन सा नियम है।बिहार विधान मंडल में गुरुवार को शराबबंदी को लेकर सियासी माहौल उस वक्त गरमा गया, जब राष्ट्रीय जनता दल के विधान परिषद सदस्य सुनील कुमार ने सरकार और सत्ता पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। सुनील कुमार ने दावा किया कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब आसानी से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि वह दावे के साथ कह सकते हैं कि सत्ता पक्ष के कई मंत्री और विधायक रोजाना शराब का सेवन करते हैं। यहां तक कि बिहार विधानमंडल परिसर में भी शराब की बोतलें खुलती हैं। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे किसी मंत्री या विधायक का नाम नहीं लेंगे।

## बिहार में विकास का स्वर्णिम युग : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

» एडीबी के 9000 करोड़ रुपये से बिहार के विकास को मिलेगी नयी रफ्तार

» जल्द ही देश के विकसित प्रदेशों में शामिल होगा बिहार

**पटना।**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार में विकास का स्वर्णिम युग चल रहा है। आनेवाले समय में एनडीए के कार्यकाल को बिहार के विकास का स्वर्ण काल के रूप में जाना जाएगा। श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार का कोई ऐसा कोना नहीं बचा, जहां विकास की किरण नहीं पहुंची हो। विकास की यह किरण और प्रखर होनेवाली है। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक में करीब 9000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। इससे बिहार के औद्योगिक विकास के एक नये अध्याय की शुरुआत होगी। बिहार की पहचान औद्योगिक प्रदेश के रूप में बनेगी। रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे और जल्द ही देश के विकसित राज्यों में शामिल होगा। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार अब तेज रफ्तार के साथ औद्योगिक विकास के लिए पूरी तरह तैयार है और एशियन डेवलपमेंट बैंक का यह सहयोग विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि गया-मुजफ्फरपुर में औद्योगिक क्लस्टर, रोजगार को बढ़ावा इस निवेश योजना का सबसे बड़ा फोकस औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने पर है। गया और मुजफ्फरपुर में आधुनिक एकीकृत औद्योगिक केंद्र स्थापित किये जाएंगे, जिससे विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र मजबूत होगा। श्री मिश्र ने कहा कि प्रदेश की एनडीए सरकार का उद्देश्य बिहार को अधिक उत्पादक और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था में बदलना है, जिसके लिए युवाओं के कौशल विकास कार्यक्रम भी बड़े स्तर पर चलाये जाएंगे। पर्यटन और कृषि को इस निवेश योजना में प्रमुख स्थान दिया गया है। राज्य के ऐतिहासिक बौद्ध सर्किट को विकसित कर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। श्री मिश्र ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं की बिहार विकास एक नयी उड़ान भर चुका है और जल्द ही यह समृद्धि की नयी शिखर पर होगा।

## ज्ञान भवन में शुरू हुआ महिला उधमी फागुनोत्सव - 2026, उत्पादों की विशेष श्रृंखला बनी आकर्षण का केंद्र

नई सोच एक्सप्रेस



» महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का उत्सव है महिला उधमी फागुनोत्सव : दिलीप जयसवाल

» अब महिलाएं घर से निकलकर हर क्षेत्र में बना रही पहचान : लेशी सिंह

**पटना।**महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित महिला उधमी फागुनोत्सव - 2026 का शुभारंभ गुरुवार को ज्ञान भवन में किया गया। इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमएसएमई डीएफओ पटना की सहायक निदेशक स्वेता, नाबार्ड के डीजीएम भोला प्रसाद सिंह, सिडबी की महाप्रबंधक अनुभा प्रसाद, एआईसी के सीईओ डॉ. विजय प्रकाश, बीआईए के निदेशक रामलाल खेतान, सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा, बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा सहित संघ के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल ने इस आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बिहार कि महिलाएं अब तकनीक, उत्पादन, सेवा और उद्यमिता सहित अन्य सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। महिला उधमी फागुनोत्सव सिर्फ एक मेला नहीं बल्कि महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि अब महिलाएं घर से निकलकर हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है की बिहार की महिला उद्यमियों का आंकड़ा नौ लाख पार कर चूका है। बिहार महिला उद्योग संघ महिलाओं के हुनर को पहचान देने का काम पिछले कई वर्षों से कर रहा है। बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा ने बताया कि 19 से 23 फरवरी तक इस मेले का आयोजन विशेष रूप से महिला उद्यमियों के लिए किया गया है ताकि वो इस मंच के माध्यम से अपने द्वारा तैयार किये गए सामानों को बेच सकें। मेले में 225 स्टॉल लगाया गया है जिसमें बिहार सहित अन्य राज्यों की भी महिला उद्यमी शामिल हुई हैं। इस मेले में सिल्क, हैंडलूम, आभूषण, सत्तू, पापड़, अचार, मिथिला पेंटिंग, टिकुली व सिक्की आर्ट के आइटम्स, थ्री डी प्रिंटेड आइटम्स, रोबोटिक्स, होम डेकॉर सहित अन्य उत्पादों के स्टॉल्स लगाए गए हैं। मौके पर बिहार महिला उद्योग संघ की उपाध्यक्ष इंदु अग्रवाल, डॉ. पूर्णिमा रॉय व किरण रंजन, संयुक्त सचिव अंकिता, सचिव मेनका सिन्हा,सदस्य साधना झा, प्रियंका, अम्बिका देव, सुष्मिता, प्रिया, रुचि चौधरी आदि मौजूद रहीं।

## छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे देश का गौरव है :- शैलेंद्र कुमार



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती के अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जद(यू) शैलेंद्र कुमार एवं श्री साई हॉस्पिटल कंकड़बाग पटना के प्रबंध निदेशक डॉक्टर अखिलेश कुमार सिंह पटना के कंकड़बाग स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने बताएं कि छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे देश का गौरव है और उन्होंने उनके शौर्य राष्ट्रनिष्ठा और संगठन क्षमता को स्मरण करते हुए उनके आदर्श पर चलने का संकल्प लिया। शिवाजी महाराज को भारतीय इतिहास में अद्वितीय सैन्य कौशल, सुशासन और राष्ट्रभक्ति के लिए स्मरण किया जाता है। उनके आदर्श पर हम सभी को राष्ट्रहित और समाज सेवा के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहने की प्रेरणा देते हैं।

## मुख्यमंत्री गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत यंत्र खरीदने के लिए सरकार देती है 50 से 60 फीसदी अनुदान

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**मुख्यमंत्री गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत यंत्र खरीदने वाले गन्ना किसानों को डीबीटी के माध्यम से अनुदान की राशि भुगतान की जाएगी। इसके लिए गन्ना उद्योग विभाग ने चयनित गन्ना किसानों को पूर्ण राशि भुगतान कर यंत्र खरीदने का निर्देश दिया है। विदित हो कि बिहार में गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के आदेश पर गन्ना उद्योग विभाग ने कई योजनाएं शुरू की है, जिसमें मुख्यमंत्री गन्ना यंत्रीकरण योजना भी शामिल है। इस योजना के माध्यम से विभाग गन्ना किसानों को यंत्र खरीदने के लिए 50 से 60 फीसदी तक अनुदान देता है। ताकि गन्ना किसान खेत की तैयारी से लेकर फसल की कटाई में उपयोग होने वाले यंत्रों की खरीद कर सकें। गन्ना उद्योग विभाग किसानों से अनुदानित दर पर यंत्र खरीदने के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अपील की थी। बताया जाता है कि राज्य के अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ देने के लिए कई बार आवेदन करने की तिथि का विस्तारित किया गया था। विभाग के मुताबिक राज्य के 324 किसानों को यंत्र खरीदने के लिए परमिट जारी किए गए थे। इसके साथ ही विभाग ने गन्ना किसानों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि स्वीकृति पत्र प्राप्त चयनित किसान सुमेक पोर्टल (https://sugarcanemech.bihar.gov.in) पर सूचीबद्ध विक्रेताओं को पूर्ण देय राशि का भुगतान कर यंत्र खरीद सकते हैं। यंत्र का सत्यापन पूर्ण होने के बाद अनुदान राशि का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से संबंधित किसान के बैंक खाते में किया जाएगा। बताते चले कि गन्ना उद्योग विभाग के माध्यम से यंत्रीकरण योजना के तहत खेत की तैयारी से लेकर गन्ने की कटाई में प्रयोग होने वाले डिस्क हैरो, पावर वीडर, पावर टीलर, लैंड लेवलर, लेजर लेवलर, रैटून मैनेजमेंट डिवाइस, रोटावेटर, मिनी ट्रैक्टर (4डब्लूडी), ट्रैक्टर माउंटेड हाइड्रॉलिक स्प्रेयर, शुगरकेन कटर प्लांटर एवं हाइड्रॉलिक डिस्क हैरो आदि यंत्रों की खरीद पर 50 से 60 फीसदी का अनुदान दिया जाता है, ताकि किसान अनुदानित दर पर इन आधुनिक यंत्रों की खरीद कर गन्ने की खेती बेहतर तरीके से कर सकें।

## बिहार में सख्ती से किया जा रहा है नई श्रम संहिता का क्रियान्वयन

नई सोच एक्सप्रेस




» राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के क्षेत्रीय सम्मेलन में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने की शिरकत

» सम्मेलन में बिहार के अलावा ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ तथा अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

**पटना।**केंद्र सरकार के स्तर से 29 पुराने श्रम कानूनों को समाहित कर बनाई गई चार नई श्रम संहिताएं बिहार में 21 नवंबर 2025 से ही लागू हो गई हैं। वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यशर्त संहिता 2020 से बिहार के श्रमिकों को बेहतर वेतन, सुरक्षा और फिक्स्ड-टर्म रोजगार जैसे महत्वपूर्ण लाभ मिल रहे हैं। बिहार सरकार इनका लाभ शत-प्रतिशत श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जानकारी केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तत्वावधान में आईटीसी भुवनेश्वर में आयोजित दो दिवसीय "श्रम संहिता और अन्य पहलुओं पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चौथे क्षेत्रीय सम्मेलन" में बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने दी। सचिव ने इस मौके पर श्रण सुधारों से जुड़ी बातों की विस्तृत जानकारी दी। सम्मेलन में बिहार के अलावा ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ तथा अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के प्रतिनिधियों हिस्सा ले रहे हैं। दीपक आनन्द ने कहा कि वेतन संहिता के तहत सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित की गई है, जबकि सामाजिक सुरक्षा संहिता के माध्यम से गिग और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पेंशन, बीमा और मातृत्व लाभ जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। साथ ही, औद्योगिक संबंध संहिता ने उद्योगों के संचालन को सरल बना दिया है और महिलाओं के लिए रात की शिफ्ट में सुरक्षित कार्य की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि नई संहिताओं के तहत बिहार में सप्ताह में अधिकतम 48 घंटे कार्य की सीमा निर्धारित की गई है तथा वेतन का कम से कम 50 प्रतिशत मूलवेतन के रूप में निर्धारित करना अनिवार्य किया गया है, जिससे श्रमिकों के पीएफ और ग्रेच्युटी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से राज्य के श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी। इस दौरान विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. गणेश कुमार झा भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सूखे नशे की चपेट में पूरा बिहार : सुनील

**पटना**। बिहार विधान मंडल में गुरुवार को शराबबंदी को लेकर सियासी माहौल उस वक्त गरमा गया, जब राष्ट्रीय जनता दल के विधान परिषद सदस्य सुनील कुमार ने सरकार और सत्ता पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। सुनील कुमार ने दावा किया कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब आसानी से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि वह दावे के साथ कह सकते हैं कि सत्ता पक्ष के कई मंत्री और विधायक रोजाना शराब का सेवन करते हैं। यहां तक कि बिहार विधानमंडल परिसर में भी शराब की बोतलें खुलती हैं। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे किसी मंत्री या विधायक का नाम नहीं लेंगे। आरजेडी एमएलसी ने आरोप लगाया कि शराबबंदी कानून लागू कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करीब 25 हजार करोड़ रुपये का एक समानांतर कारोबार खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में बिहार की स्थिति गंभीर रूप से बिगड़ी है और राज्य ह्यउड़ता पंजाबह्ल जैसी हालत की ओर बढ़ रहा है। सुनील कुमार का आरोप था कि छोटे-छोटे बच्चे तक सूखे नशे की चपेट में हैं, लेकिन सरकार आंख मूंदे बैठी है।इसके साथ ही उन्होंने मंत्री अशोक चौधरी पर भी तीखा हमला बोला। सुनील कुमार ने उन्हें बिहार का सबसे भ्रष्ट मंत्री बताते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने भारी मात्रा में संपत्ति अर्जित की है। एक दिन पहले ही अशोक चौधरी की पीएचडी की डिग्री को कथित रूप से सुनील कुमार द्वारा फर्जी बताने पर खूब हंगामा हुआ था. उसके पहले अशोक चौधरी ने कहा कि सवाल पुछने वाले को ज्ञान नहीं है.

### रालोजपा ने बनाये महाराष्ट्र व बंगाल में प्रदेश अध्यक्ष

**पटना**।राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस तथा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद प्रिंस राज पासवान पार्टी को मजबूती एवं धारदार बनाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बंगाल के मेदिनीपुर निवासी सोमनाथ पाण्डेय को बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष तथा महाराष्ट्र के अभिनन्दन सोसायटी, मोहन नगर के रहने वाले राज कुमार किशन राव चौहान को महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। प्रदेश मुख्य प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि बिहार विधान सभा चुनाव के बाद पार्टी नेतृत्व ने पार्टी में फेर बदल की। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण राज पासवान ने लखीसराय के ग्राम खैरा, कजरा निवासी जितेन्द्र कुमार पासवान को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष, प्रिंस राज पासवान ने शिवहर जिला निवासी रामपुर खास, हिरम्मा के शमीम आलम को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। इन लोगों के मनोयन पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विरेश्वर सिंह, वरीय उपाध्यक्ष महताब आलम, अम्बिका प्रसाद बीनू, उपेन्द्र यादव, घनश्याम कुमार दाहा, रंजीत पासवान युवा नेता यशराज पासवान, राधाकान्त पासवान, सूरज पासवान, अंकित दूबे आदि ने बधाई दी और सभी ने कहा कि इन लोगों के मनोयन से पार्टी संगठन को मजबूत एवं धारदार बनाएगी।

### विभागीय गलतियों की सजा 641 स्कूल क्यों भुगतें : जीवन

**पटना**।बिहार विधान परिषद के सदस्य जीवन कुमार ने राज्य के 641 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के अस्तित्व को लेकर सरकार को घेरा है। गुरुवार को शून्यकाल के दौरान उन्होंने विभाग की 'त्रुटिपूर्ण नियमावली' का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि इन विद्यालयों की मान्यता अवधि को मार्च 2029 तक विस्तारित किया जाए, ताकि हजारों शिक्षकों और छात्रों का भविष्य सुरक्षित रह सके।एमएलसी जीवन कुमार ने सदन को बताया कि विभागीय विनियमावली 2011 (संशोधित 2013) की कमियों के कारण इन 641 विद्यालयों का कोड पहले निलंबित कर दिया गया था। खुद शिक्षा विभाग ने भी माना है कि संबद्धता विनियमावली 2011 दोषपूर्ण है और इसमें सुधार के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जा चुका है। लेकिन जब तक यह सुधार प्रक्रिया पूरी नहीं होती, इन स्कूलों पर बंदी की तलवार लटक रही है। तथ्यों को रखते हुए श्री कुमार ने कहा कि 15 अप्रैल 2025 के संकल्प के जरिए इन स्कूलों को 31 मार्च 2026 तक के लिए निलंबन मुक्त किया गया था। अब चूंकि यह समयसीमा नजदीक आ रही है, विद्यालय कर्मियों और वहां पढ़ रहे छात्रों के बीच गहरी चिंता और अनिश्चितता का माहौल है। जीवन कुमार ने सरकार से स्पष्ट मांग की है कि छात्रों के हित में इस अवधि को कम से कम तीन साल (2029) और बढ़ाया जाए।

### 15 दिनों में डीजे मुक्त होगा बिहार : श्रवण

**विधान परिषद में नीतीश सरकार ने किया ऐलान..**

**पटना**। बिहार विधान परिषद में गुरुवार को डीजे बजाने पर पूर्ण रोक को लेकर बड़ा ऐलान किया गया। सदन में यह मुद्दा निर्दलीय एमएलसी वंशीधर व्रजवासी ने उठाया। उन्होंने कहा कि तेज आवाज में डीजे बजाने से कई लोगों की हृदयाघात से मौत हो चुकी है। इसके अलावा शादी-विवाह जैसे आयोजनों में गोलियां चलने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। वंशीधर व्रजवासी ने यह भी आरोप लगाया कि जिन गाड़ियों पर डीजे बजाए जाते हैं, उन पर न तो वाहन नंबर होता है और न ही कोई वैध पहचान, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। उनके समर्थन में परिषद के अन्य सदस्यों ने भी डीजे बजाने पर सख्त रोक लगाने की मांग उठाई। मामले पर जवाब देते हुए परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने सदन में स्पष्ट और कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के भीतर बिहार में बिना अनुमति डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और राज्य को डीजे मुक्त किया जाएगा। मंत्री ने साफ किया कि बिना लाइसेंस चल रहे डीजे वाहनों को जब्त किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने यह भी कहा कि साउंड पॉल्यूशन को लेकर परिवहन विभाग विशेष अभियान चलाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने सदन में चेतावनी देते हुए कहा, ह्लबाद में यह मत कहिएगा कि शादी-विवाह में डीजे बजाने की अनुमति दी जाए।

### भारत के आन बान शान थे शिवाजी महाराज : आरसीपी

**पटना**। पटेल परिवार के द्वारा आयोजित शिवाजी महाराज की जयंती समारोह में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह उर्फ आरसीपी सिंह ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत के आन बान शान थे और उनके ही द्वारा किए गए कार्य के चलते देश तरक्की कर रहा है। जयंती समारोह से पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने कंकड़बाग टेंपो स्टैंड स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा की मराठा साम्राज्य को स्थापित करने में छत्रपति शिवाजी महाराज ने अहम भूमिका निभाई थी और उन्होंने एकजुट का संदेश दिया था। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पटेल परिवार के संयोजक शंकर पटेल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी से आज के युवाओं को सीख मिलती है और उनकी जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए पटेल परिवार के सहसंयोजक जितेंद्र पटेल ने शिवाजी महाराज के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके किए गए कार्यों का बखान किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सत्येंद्र पटेल ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सीमा पटेल ने किया। इस मौके पर सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री वृशिण पटेल, पूर्व विधायक सतीश कुमार,पूर्व विधान पार्षद वाल्मीकि सिंह डॉक्टर एल बी सिंह ने भी शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर गणेश प्रसाद सिंह इंद्रजीत पटेल अमित कुमार रिंपी कुमारी शांति देवी पूनम देवी ज्योति रिंकू कुमारी इंदु देवी सहित सैकड़ो लोगों ने शिवाजी महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया

# AIIMS पटना और C-DAC के बीच एआई आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समझौता

नई सोच एक्सप्रेस




**» इस पहल से एम्स पटना में इलाज कराने आए मरीजों को सीधे तौर पर कई लाभ मिलेंगे**

**पटना**।अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना ने सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) पटना के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का उपयोग बढ़ाना और डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करना है। यह समझौता नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे India AI Impact Summit 2026 में औपचारिक रूप से किया गया जो इस पहल के राष्ट्रीय महत्व को दर्शाता है। इस पहल से एम्स पटना में इलाज कराने आए मरीजों को सीधे तौर पर कई लाभ मिलेंगे। एआई आधारित तकनीक डॉक्टरों को मेडिकल रिपोर्ट, एक्स-रे, सीटी स्कैन और लैब रिपोर्ट का तेज़ और सटीक विश्लेषण करने में मदद करेगी जिससे समय पर सही इलाज संभव हो सकेगा। उन्नत तकनीक के माध्यम से कैंसर, दुर्घटना से जुड़ी गंभीर चोटों और अन्य गंभीर बीमारियों की पहचान शुरुआती चरण में ही की जा सकेगी। वहीं डेटा आधारित सिस्टम से जोखिम वाले मरीजों की पहले से पहचान हो सकेगी जिससे समय रहते उनका इलाज और उनकी देखभाल की जा सकेगी। डिजिटल प्रणाली के माध्यम से पंजीकरण, अपॉइंटमेंट और अस्पताल की कार्यप्रणाली बेहतर होगी जिससे मरीजों का इंतजार समय भी काफी कम हो जाएगा। साथ ही मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों से मरीजों का मेडिकल डेटा भी सुरक्षित रहेगा। इस समझौते के तहत एम्स पटना जल्द ही C-DAC मोहाली और नोएडा के सहयोग से एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्पेशल पर्पस हब (AI-SPH) भी स्थापित करेगा। यह हब स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई अनुसंधान, प्रशिक्षण और नवाचार के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र (Centre of Excellence) के रूप में कार्य करेगा। यह हब डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को एआई तकनीक का प्रशिक्षण देने के साथ साथ क्षेत्रीय स्वास्थ्य समस्याओं जैसे संक्रामक रोग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, दुर्घटना उपचार और गैर-संचारी रोगों पर भी शोध करेगा तथा सुरक्षित डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली का विकास करेगा। यह बिहार और झारखंड के मेडिकल कॉलेजों के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा। समझौता ज्ञापन (MoU) पर दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए। AIIMS पटना की ओर से उपनिदेशक (प्रशासन) नीलोत्पल बल, फैकल्टी इंचार्ज (आईटी) डॉ. अभ्युदय कुमार तथा उप फैकल्टी इंचार्ज (आईटी) डॉ. पल्लम गोपी चंद इस अवसर पर उपस्थित रहे। वहीं C-DAC पटना की ओर से केंद्र प्रमुख अभिनव दीक्षित और साइंटिस्ट-डी साकेत कुमार झा उपस्थित थे। कार्यक्रम में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन और संयुक्त सचिव सुदीप श्रीवास्तव भी मौजूद थे। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल ने इस पहल को स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा परिवर्तनकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को बेहतर इलाज, शोध को बढ़ावा और क्षेत्र में तकनीकी क्षमता का विकास होगा। यह साझेदारी भविष्य में एक सुरक्षित, आधुनिक और मरीज केंद्रित स्वास्थ्य व्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जिससे पूर्वी भारत सहित लाखों लोगों को लाभ मिलेगा।

# 77 हजार से अधिक विद्यालयों में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित: मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

**» परिवहन विभाग ने किया बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की ओर से सड़क सुरक्षा अभियान-का किया आयोजन**

**» उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को किया गया सम्मानित**

**पटना**।राज्य में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चल रहा है। अब तक 77,926 शिक्षण संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा चुका है। यह अभियान आगे भी शिक्षण संस्थानों में निरंतर आयोजित किया जाता रहेगा। यह जानकारी परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को पटना स्थित अधिवेशन भवन में सड़क सुरक्षा अभियान 2026 कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि हर साल 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में जागरूकता अभियान चलाया जाता है। सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है और इसे निभाने से ही सभी सुरक्षित रह सकते हैं। परिवहन विभाग मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार जागरूकता कायक्रम चलाये जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में हेलमेट न पहनने, सीटबेल्ट न लगाने आदि नियमों की उल्लंघन करने पर 4 लाख 47 हजार से अधिक चालान जारी किए गए हैं। सड़क सुरक्षा माह के दौरान करीब 1,800 चालकों की नेत्र जांच की गई एवं चश्मा वितरण किया गया। साथ ही 264 यूनिट रक्तदान भी सुनिश्चित किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सरकारी, निजी और स्कूली वाहन चालकों का नेत्र जांच अनिवार्य हो और स्वस्थ नेत्र प्रमाण-पत्र जारी किया जाए। स्कूलों और जिलों में वर्चुअल रियलिटी(वीआर) मशीन के जरिए दिखाया जाएगा कि हेलमेट पहनना कैसे जीवन रक्षा करता है। उन्होंने बताया कि एक महीने में रिकॉर्ड 1 लाख 40 हजार वाहनों का पंजीकरण और 83 हजार ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए हैं। बिहार देश के लिए नए सकारात्मक उदाहरण पेश कर रहा है। यहां पहली बार महिलाएं पिंक बस चलाने जा रहीं हैं। परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य लोगों को यातायात कर्तव्यों का बोध कराना है। विभाग दंड के साथ-साथ जागरूकता पर भी जोर दे रहा है। सभी जिलों में हर शनिवार निजी बस चालकों की ट्रेनिंग आयोजित की जाएगी। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि क्षणिक खुशी के लिए स्टंटबाजी न करें, इससे जान जा सकती है। बिहार देश का पहला राज्य है जहां 1000 से अधिक गुड सेमेरिटन हैं। जल्द ही सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए कैशलेस उपचार योजना लागू होगी। हाल ही में 10 हजार से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड और 500 से अधिक रद्द किए गए हैं। सड़क सुरक्षा पूरे साल व्यवहार का हिस्सा बने, यह सिर्फ कुछ दिनों का अभियान नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम में छह महादलित महिला चालकों रागिनी कुमारी, सरस्वती कुमारी, आरती कुमारी, बेबी, गायत्री कुमारी और अनीता कुमारी को हेवी मोटर व्हीकल (एचएमवी) की नियुक्ति पत्र और सम्मान दिया गया। इसके अलावा 5 गुड सेमेरिटन (राहवीरों) को सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए 25-25 हजार रुपये का चेक, प्रमाण-पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के लिए सड़क सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर वीडियो प्रदर्शन किया गया और सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। एसडीआरएफ ने सीपीआर और आपातकालीन उपचार की ट्रेनिंग दी।राज्य एवं जिला स्तर पर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों कर्मियों को सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर डीटीओ, एडीटीओ, एमवीआई, ईएसआई और अन्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

## नशामुक्त बिहार के संकल्प पर कायम नीतीश सरकार, सख्त कार्रवाई जारी : जदयू

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।जदयू प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार द्वारा साल 2016 से बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी के फैसले को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय सामाजिक सुधार, महिला सशक्तिकरण और जनहित की भावना से प्रेरित था, और आज भी राज्य सरकार अपने इस संकल्प पर पूरी मजबूती से कायम है। शराबबंदी लागू होने के बाद से दिसंबर 2025 तक राज्य में 4.5 करोड़ लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की गई है, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पूरी तरह गंभीर है। इस अवधि में 16 लाख से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हुई है, 10 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं तथा 1.6 लाख से अधिक वाहन जब्त किए गए हैं। ये आंकड़े दशार्ते हैं कि कानून केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कठोरता से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी को असफल बताने वाले विपक्षी दल वास्तविकता से आंख मूंद रहे हैं। सामाजिक स्तर पर इस कानून के सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घरेलू हिंसा के मामलों में कमी, परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार तथा महिलाओं की सामाजिक भागीदारी में वृद्धि जैसे अनेक सकारात्मक परिवर्तन सामने आए हैं। राज्य की लाखों माताओं-बहनों ने शराबबंदी के पक्ष में खुलकर समर्थन दिया है और इसे अपने सम्मान एवं सुरक्षा से जोड़ा है। जहां तक शराबबंदी की समीक्षा की मांग का प्रश्न है, सरकार का मानना है कि जनहित में लिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक और दूरदर्शी है। इसे कमजोर करने या राजनीतिक लाभ के लिए विवाद खड़ा करने का कोई औचित्य नहीं है। कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में यदि कहीं चुनौतियां हैं तो सरकार उन्हें दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है, परंतु शराबबंदी की मूल भावना से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## आत्मनिर्भर भारत अब अमेरिका निर्भर भारत हो गया ::र हुड्डा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इस सरकार का नारा जो ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ल था वह अब लुढ़ककर ह्यअमेरिका निर्भर भारतह्ल हो गया है।अमेरिका से डील करके यह मजबूत सरकार एक मजबूर सरकार बन गई है। इस डील के माध्यम से किसी को सबसे ज्यादा नुकसान किसका हो रहा है और बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है।वहीं उन्होंने गलगोटिया विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि यह सरकार के लिए एक सांकेतिक बात है कि सरकार अपनी दिशा को लेकर सोचे।उन्होंने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में मोदी सरकार ने भारत के किसानों व खेत-खलिहान के हितों की बलि दे डाली। भारत की ऊर्जा सुरक्षा से सरेआम खिलवाड़ किया।भारत की डिजिटल स्वायत्ता व हमारी डेटा प्राईवेसी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। भारतीय हितों की रक्षा में मजबूती से खड़े होने की बजाय, एक मजबूर सरकार ने भारत की संप्रभुता व आत्मनिर्भरता से समझौता कर लिया। मोदी सरकार द्वारा भारतीय हितों की तिलांजलि देने के विभिन्न पहलुओं को परखें गए हैं।व्यापार समझौते का बड़ा प्रभाव ह्यह्यकपासह्लह्ल पैदा करने वाले किसान पर पड़ेगा। 9 फरवरी, 2026 को अमेरिका ने पड़ोसी देश, बांग्लादेश से व्यापार समझौता किया, जिसमें स्पष्ट तौर से कहा गया कि बांग्लादेश अमेरिकी कपास व धागा आयात कर जो कपड़ा व वस्त्र अमेरिका को निर्यात करेगा, उस पर अमेरिका में जीरो शुल्क लगेगा। इसके विपरीत, भारत जो कपड़ा व वस्त्र का बड़ा निर्यातक है, हमारे निर्यात पर 18 प्रतिशत शुल्क लगेगा। इससे तिरुपुर, सूरत, पानीपत, लुधियाना व पूरे देश के वस्त्र उद्योग पर भी विपरीत असर पड़ेगा। 12 फरवरी, 2026 को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सार्वजनिक तौर से देश को बताया कि भारत भी अमेरिका से कपास आयात कर जो कपड़ा वा वस्त्र निर्यात करेगा, उसे भी बांग्लादेश के बराबर राहत मिलेगी। यानी अब अमेरिकी कपास के भारत में निःशुल्क आयात का दरवाजा भी मोदी सरकार ने खोल दिया है। दूसरी ओर, बांग्लादेश भारत से 50 प्रतिशत कपास का आयात करता है। अब कपास का भारत से बांग्लादेश को निर्यात भी बंद हो जाएगा। यह किसान पर डबल मार है।

# स्ट्रोक मरीजों के लिए पारस एचएमआरआई की बड़ी पहल, एडवांस केयर फ्री एम्बुलेंस सेवा शुरू

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।स्ट्रोक जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के त्वरित इलाज की दिशा में पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना ने एक अहम उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल को स्ट्रोक रेडी हॉस्पिटल के रूप में पूरी तरह सुसज्जित किया गया है, जहां हर मिनट की अहमियत को ध्यान में रखते हुए ऑन-साइट एडवांस स्ट्रोक केयर फ्री एम्बुलेंस की सुविधा शुरू की गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना में इमरजेंसी एरिया के समीप एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 30 ऐसे मरीज शामिल हुए, जिन्होंने अस्पताल में स्ट्रोक से संबंधित सफल उपचार और सर्जरी करवाई है। अस्पताल में 24X7 इमरजेंसी सपोर्ट, एडवांस सीटी एवं एमआरआई इमेजिंग, स्ट्रोक रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल, चौबीसों घंटे आईसीयू और न्यूरो रिहैबिलिटेशन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी जा रही है। इस अवसर पर जोनल डाइरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि "स्ट्रोक के मामलों में समय पर इलाज ही सबसे बड़ा जीवन रक्षक होता है। पारस एचएमआरआई अस्पताल में स्ट्रोक एडवांस केयर फ्री एम्बुलेंस शुरू होने से मरीजों को एक ही स्थान पर त्वरित, समन्वित और उच्चस्तरीय इलाज मिल सकेगा। हमारा लक्ष्य है कि स्ट्रोक से होने वाली मृत्यु और विकलांगता को न्यूनतम किया जा सके।" कार्यक्रम में डायरेक्टर जेनेरल सर्जरी डॉ. एए हई , वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक , न्यूरोसर्जरी विभाग चीफ कंसल्टेंट डॉ. वीर अभिमन्यु पंडित और विभागाध्यक्ष आपातकालीन (इमर्जेंसी) डॉ. चंदन किशोर ने भी स्ट्रोक के लक्षणों और समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में डॉ. हेमन्त, डॉ. राम सागर राय, डॉ. शहजादा, डॉ. राजेशआदि भी शामिल थे।

**पारस एचएमआरआई के बारे में**

पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। इस अस्पताल की बेड क्षमता 400 से ज्यादा की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं साथ ही 2 एलआईएनएसी मशीन एंव पीईटी -सीटी की सुविधा भी उपलब्ध है।

# छह साल के नन्हे रोजेदार ने रखा पहला रोजा, मोहल्ले में बनी मिसाल

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।पवित्र माह रमजान के आगमन के साथ जहां बड़े बुजुर्ग इबादत में मशगूल हैं, वहीं छोटे-छोटे बच्चे भी रोजा रखकर दीन के प्रति अपना लगाव दिखा रहे हैं. फुलवारी शरीफ के हारून नगर सेक्टर 2 निवासी मोहम्मद हम्माद हुसैन ने महज छह साल की उम्र में अपना पहला रोजा रखकर परिवार और मोहल्ले का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया. इतनी कम उम्र में पूरे दिन भूखे-प्यासे रहकर रोजा रखना काबिले तारीफ माना जा रहा है. हम्माद हुसैन ने पूरे एहतराम और खुशी के साथ अल्लाह की इबादत के लिए रोजा रखा. शाम को अफ्तार के वक्त परिवार के लोगों ने उनके जज्बे की सराहना की और दुआओं से नवाजा. बच्चे की अम्मी फरहा अरजामंद ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनके बेटे ने अल्लाह की रजा के लिए रोजा रखा, यह उनके लिए बेहद गर्व का पल है. उन्होंने कहा कि अगर बच्चों को बचपन से ही रोजा और इबादत की आदत डाली जाए तो उनमें दीन के प्रति लगाव मजबूत होता है. वहीं अब्बाजान मोहम्मद आफताब हुसैन ने कहा कि इतनी छोटी उम्र में बेटे का यह जज्बा परिवार के लिए खुशी और फख्र की बात है. उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी वह इसी तरह दीन की राह पर चलता रहेगा. आज के दौर में जहां बच्चे खेलकूद और मोबाइल में व्यस्त रहते हैं, वहीं छह साल के हम्माद हुसैन ने रोजा रखकर यह साबित कर दिया कि अगर तरबियत अच्छी हो तो कम उम्र में भी बड़े काम किए जा सकते हैं. रमजान के इस पाक महीने में ऐसे नन्हे रोजेदार समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं और लोगों को दीन की अहमियत का एहसास करा रहे हैं.

# वाणिज्य महाविद्यालय वार्षिक खेलकूद शुरू

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। वाणिज्य महाविद्यालय में 19.02.2026 से 21.02.2026 तक हो रहे वार्षिक खेल-कूद समारोह का उद्घाटन पटना विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो नमिता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद के सदस्य प्रो नवल किशोर यादव थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण, प्रो योगेन्द्र वर्मा एवं पूर्व संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण, प्रो अनिल कुमार की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि प्रो नवल किशोर यादव ने अपने संबोधन में वाणिज्य महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो सुहेली मेहता की मांग पर पटना विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में इंडोर और आउटडोर स्टेडियम को विकसित कराने के लिए सदन में आवाज उठाने का वादा किया और कहा कि कॉलेज के विकास के लिए जहाँ भी उनके मदद की आवश्यकता होगी, हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति ने सभी प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनायें दीं और कहा कि सभी छात्र/छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद की गतिविधि में भाग लेते रहना चाहिए। इससे उनका चैमुखी विकास होगा जो आज के समय की जरूरत है। संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण ने इस अवसर पर खुषी जाहिर करते हुए प्राचार्य से आग्रह किया कि खेल-कूद की गतिविधि आये दिन भी आयोजित होने की आवष्यकता है। पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो0 अनिल कुमार ने महाविद्यालय में हो रहे खेल की गतिविधि के महत्व को बताते हुए कहा कि इससे महावि?ालयों में वर्ममान समय में हो रहे आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण होगा। प्राचार्य प्रो सुहेली मेहता ने छात्र/छात्राओं से अपील की कि वे महाविद्यालय द्वारा संचालित हर गतिविधि में भाग लें। कॉलेज उन्हें वाजिब सुविधा उपलब्ध करायेगा। वार्षिक समारोह का उद्घाटन अतिथियों द्वारा महाविद्यालय का ध्वजारोहण एवं बैलून उड़ाकर किया गया। समारोह में पटना विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव, डॉ. दीप नारायण, कई कॉलेज के प्राचार्य, विश्वविद्यालय के कई विभागों के अध्यक्ष अतिथि के रूप में शामिल थे। समारोह का मंच संचालन, कॉलेज की गेस्ट फैकल्टी. डॉ. निहारिका एवं धन्यावाद ज्ञापन, क्रीड़ा परिषद् के अध्यक्ष, डॉ. अजय कुमार साह ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 74 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक गिरफ्तार



**सुगौली**। थाना क्षेत्र के ग्राम मेहवा में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 74 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मेहवा गांव में अवैध रूप से देसी शराब का निर्माण और भंडारण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से 74 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई और सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।छपराबहास में शराब पीते 6 लोग गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में पुलिस ने छपराबहास इलाके में भी सघन अभियान चलाया। वहां सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए 6 व्यक्तियों को धर दबोचा गया। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच के बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है।पुलिस की इस लगातार कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। थाना पुलिस का कहना है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या सेवन की सूचना तत्काल थाना को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आगाज, जीवन-कौशल सीख रहे छात्र-छात्राएं



**छपरा**। शहर के सांढ़ा ढाला स्थित जी.ए.वी. पब्लिक स्कूल परिसर में भारत स्काउट और गाइड सारण के तत्वावधान में पांच दिवसीय 'प्रथम सोपान' प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह शिविर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में अनुशासन, सेवा भावना और स्वावलंबन के गुणों का विकास करना है। शिविर का उद्घाटन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन सिंह ने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों को जिम्मेदार, अनुशासित और समाजोपयोगी नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण जीवन की चुनौतियों का सामना करने का आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। प्रशिक्षण शिविर का संचालन जिला प्रशिक्षक प्रणव सिंह, नोडल शिक्षक सोहन तिवारी तथा नोडल शिक्षिका खुशबू सिंह की देखरेख में किया जा रहा है। प्रथम चरण में स्काउट्स एवं गाइड्स को संगठन के नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना तथा झंडा शिष्टाचार की जानकारी दी गई।

### जनभागीदारी से बनेगी आदर्श पंचायत मुखिया आदर्श पंचायत की ओर बढ़ता कदमः रमपुरवा महनवा में विकास को लेकर अहम बैठक

**मझौलिया**।प्रखंड अंतर्गत रमपुरवा महनवा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने के उद्देश्य से मुखिया डॉ. चंद्रिका साह की अध्यक्षता में उनके आवास परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत के सभी 15 वार्डों के वार्ड सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं की समीक्षा कर उनके त्वरित समाधान की दिशा में पहल करना था।बैठक के दौरान वार्ड सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को मुखिया के समक्ष विस्तार से रखा। इसमें स्ट्रीट लाइट के नहीं जलने की समस्या प्रमुख रूप से उठाई गई, जिससे रात के समय ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा नल-जल योजना के सुचारू रूप से संचालित नहीं होने, गली-नाली निर्माण में देरी, छठ घाट की समुचित व्यवस्था तथा जर्जर सड़कों की समस्या भी प्रमुखता से उठाई गई। वार्ड सदस्यों ने बताया कि कई स्थानों पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बरसात के समय जलजमाव की स्थिति बन जाती है, जिससे आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुखिया डॉ. चंद्रिका साह ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अभिलंब समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत के विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की बात कही। मौके पर समाजसेवी उपेंद्र कुमार ने कहा कि पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और सामूहिक प्रयास से ही विकास कार्यों को गति मिलेगी। बैठक सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई और सभी ने मिलकर पंचायत के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया। बैठक में उप मुखिया प्रकाश कुमार, वार्ड सदस्य घनश्याम भगत, जलेखा खातून ,जावेद आलम, अवनश मौलाना, तारा देवी, शेख मनु ,मीरा देवी, कमरूल अंसारी, मारगुबआलम सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे ।

### एक वारंटी एक शराब कारोबारी और एक पियक्कड़ पुलिस के हत्थे चढ़े

**मझौलिया**। समकालीन अभियान के तहत मझौलिया पुलिस ने तीन प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मैं भेज दिया । उक्त जानकारी थाना अध्यक्ष अमर कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि माननीय न्यायालय के वारंटी राजा भार वार्ड नंबर 3 निवासी विजय सिंह के पुत्र जितेश कुमार सिंह थाना कांड संख्या 175 ऑब्लिक 2026 बैठनिया निवासी दुलारचंद शाह के पुत्र अशोक शाह को 20 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ तथा थाना कांड संख्या 176/ 2026 पियक्कड़ शेख अनवारुल को समकालीन अभियान के तहत हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# बौद्धिक संपदा का अधिकार बिषय पर कार्यशाला

नई सोच एक्सप्रेस




**मुंगेर**।एम एस एम ई विकास कार्यालय पटना , विकास आयुक्त का कार्यालय , सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बौद्धिक संपदा का अधिकार विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्योग केंद्र नालंदा के परिसर में आयोजित किया गया ! कार्यक्रम के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रवीण कुमार,अपर विकास आयुक्त, विकास आयुक्त का कार्यालय, नई दिल्ली उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में श्री आर के चौधरी निर्देशक एमएसएमई पटना श्री अजय कुमार परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र नालंदा,श्री शशिकांत वरीय प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक नालंदा, श्री संतोष कुमार साहू एवं डॉक्टर रोचक राठौर सहायक निदेशक ग्रेट 1 एमएसएमई विकास कार्यालय पटना एवं श्री अंकेश कुमार कार्यालय संयोजक उपस्थित थे मुख्य अतिथि श्री कुमार ने बौद्धिक संपदा अधिकार में एमएसएमई की पूरी भूमिका पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित एमएसएमई इकाइयों को इसके महत्व के बारे में समझाया एवं बताया कि सरकार बौद्धिक संपदा प्रतिपूर्ति के तहत किस तरह एमएसएमई को प्रतिपूर्ति करके सरकार सूची एवं लघु उद्योगों को सशक्त बना रही है, तकनीकी सत्र में पुनः डॉक्टर रोचक राठौर ने सूचना लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एमएसएमई इन्नोवेटिव स्कीम एवं अन्य योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा बौद्धिक संपदा एटर्नी की तरफ से आए श्री रोबिन विंसेंट एवं श्री मनीष रिजु ने बौद्धिक संपदा अधिकार एवं इसके कानूनी परिदृश्यों तथा एमएसएमई उद्योगों में बौद्धिक संपदा अधिकार की भूमिका पर प्रकाश डाला, सत्र के अंत में प्रतिभागियों ने अपने प्रश्नों पर चर्चा की एवं सहभागिता की, अंत में श्री जीएल मीणा एवं डॉ श्वेता देवतले सहायक निदेशक ने धन्यवाद ज्ञापन किया !

# मगध शुगर को 'ड्रीम कंपनिज टू वर्क फॉर' सम्मान, देश में तीसरा स्थान

नई सोच एक्सप्रेस



**बेतिया**।Magadh Sugar & Energy Limited को लगातार दूसरे वर्ष प्रतिष्ठित 'ड्रीम कंपनिज टू वर्क फॉर' सम्मान से नवाजा गया है। इस वर्ष कंपनी ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह सम्मान World HRD Congress के 34वें संस्करण के अंतर्गत आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम 17 फरवरी 2026 को Taj Lands End में संपन्न हुआ, जिसमें देश-विदेश की अग्रणी कंपनियों और मानव संसाधन विशेषज्ञों ने भाग लिया। पुरस्कार ग्रहण करने के लिए कंपनी के कोलकाता मुख्यालय से मानव संसाधन समूह प्रमुख मैनाक आर. चाकी तथा महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजदीप बरन दास उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बिहार स्थित इकाइयों में हसनपुर से दीपेन्द्र सिंह, सिधवलिया से दिनेश तिवारी तथा नरकटियागंज से नवीन तिवारी ने समारोह में सहभागिता की और सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य परिचालन अधिकारी पंकज सिंह, कार्यपालक अध्यक्ष आर. के. तिवारी, विकास त्यागी एवं अशोक मित्तल ने कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम की सामूहिक मेहनत, समर्पण और सकारात्मक कार्य-संस्कृति का परिणाम है। कंपनी ने भविष्य में भी उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने और कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक एवं आदर्श कार्यस्थल उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# बिहार के मिलरों ने खाद्य एवं उपभौक्ता विभाग के सचिव को सौंपा ज्ञापन

नई सोच एक्सप्रेस

» औपचारिकता के आधार पर सड़ा गला एफआरके जबरन मिलों में भेजने का आरोप

**पटना**।बिहार स्टेट राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार उर्फ राजू गुप्ता ने खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग के सचिव को ज्ञापन सौपकर बताया कि हरियाणा की कंपनी दीपम इंडस्ट्रीज को बिहार राज्य में एफआरके आपूर्ति हेतु बीएसएससी से टेंडर प्राप्त हुआ है। परंतु उक्त कंपनी द्वारा आपूर्ति किये जा रहे एफआर के की गुणवता अत्यंत निम्न स्तर की है। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत एवं परिक्षणित एफआरके का उपयोग न कर केवल औपचारिकता के आधार पर सड़ा गला एफआरके मिलों में जबरन भेजा रहा है। यदि मिलों पर आपूर्ति किये गये एफआरके का नमूना लेकर परीक्षण कराया जाय तो स्थिति स्वतः स्पष्ट हो जायेगी। उन्होने बताया कि इस प्रकार की निकृष्ट आपूर्ति से गरीब एवं जरूरतमंद उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य गंभीर संकट में है तथा किसी भी समय अप्रिय घटना की संभावना बनी रहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देशवासियों को पोषणयुक्त चावल उपलब्ध कराया जाय, किंतु उक्त कंपनी धन लाभ की लालशा में घटिया सामग्री उपलब्ध करा रही है और मिलरों से अवैध धन की मांग कर वसूली कर रही है। जिसका कई मिलरों ने शिकायत की है। बीएसएफसी के अधिकारी जॉच के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है। पूर्व में भी शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने के कारण 1500 करोड़ का चावल घोटाला हो चुका है। उन्होंने कहा कि बार-बार एफआरके सैम्पल लैब जॉच में पास नहीं हो रहे है तो इससे स्पष्ट हो रहा है कि एफ आर के निमार्ता घटिया किस्म के एफ आर के बना रहे है। इसलिए एफआरके निमार्ताओं का टेंडर कैसिल होना चाहिए। अगर भारत सरकार जानबूझकर सैम्पल पास नहीं कर रही है तो मिलरों से सैम्पल उठाकर किसी स्वतंत्र जॉच एजेंसी से सैंपल जाँच करानी चाहिए जिससे सही स्थिति स्पष्ट हो जायेगा और सरकारी की छवि धूमिल न हो। यह भी जाँच का विषय है कि दीपम कंपनी द्वारा हरियाणा से बिहार तक एफआरके की आपूर्ति किस-किस वाहन से की जाती है जो हरियाणा से दिल्ली उतर प्रदेश होते हुए विहार आने के दौरान कई टोला प्लाजा करने पड़ते है। इस पूरी परिवहन प्रक्रिया की जाँच की जाय तो स्पष्ट होगा कि कंपनी वास्तव में हरियाणा से एफआरके नहीं ला रही है बल्कि बिहार में निकृष्ट गुणवता का एफ आर के तैयार कर आपूर्ति कर रही है। यह जन स्वास्थ्य एवं मानवता के साथ गंभीर खिलवाड़ है।उन्होंने सचिव से अनुरोधकिया कि मिलों पर आपूर्ति किये गये एफआरके सीएमआर में मिश्रित एफआरके का गोदाम से नमूना लेकर करायी जाय एवं एफआरके सप्लायर के पूरे वितरण प्रक्रिया किस ट्रांसपोर्ट से करायी जा रही एवं किस-किस टोला प्लाजा से गुजरी है सभी प्रक्रिया का जाँच कर दोषी कंपनियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाय जिससे जनस्वास्थ्य एवं मानवता की रक्षा हो सके।

# हरैया पुलिस नें गाजा के साथ दो तस्करों को पकड़ा

नई सोच एक्सप्रेस



**रक्सौल**।भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरैया पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से 5 किलो 48 ग्राम गांजा बरामद किया है। हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल की ओर से भारत में गांजा की खेप लाई जाने वाली है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के साथ भारत-नेपाल बॉर्डर पर संयुक्त गश्ती अभियान शुरू किया। गश्ती के दौरान भालुवाहा बॉर्डर पर नेपाल की ओर से भारत में प्रवेश कर रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 5 किलो 48 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके बाद दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान नेपाल के परसा जिला निवासी ड्राय सहनी और राजन सहनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों लंबे समय से सीमावर्ती क्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त होने की आशंका है। थानाध्यक्ष किशन कुमार ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# सुगौली में 'चैंबर ऑफ कॉमर्स' का ऐतिहासिक गठन, प्रियांशु सर्राफ बने अध्यक्ष

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली**। स्थानीय व्यवसायियों की एकजुटता और व्यापारिक हितों की रक्षा के उद्देश्य से बुधवार को सुगौली में एक भव्य आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 'चैंबर ऑफ कॉमर्स, सुगौली' के नए स्वरूप का गठन करते हुए सशक्त कार्यकारिणी का चुनाव किया गया।मुख्य पदाधिकारी

**नई कमेटी मेंअध्यक्ष प्रियांशु सर्राफ,सचिवः** अनूप अग्रवाल

**उपाध्यक्षः** कन्हैया शर्मा, ओम प्रकाश शर्मासह-सचिवः सागर खंडेलवाल,कोषाध्यक्षः संदीप अग्रवाल,सह-कोषाध्यक्षः नवीन कुमारसंरक्षक मंडल मार्गदर्शक

संस्था के सुचारू संचालन एवं अनुभव का लाभ लेने के लिए वरिष्ठ व्यापारियों को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है। इनमें सत्यनारायण अग्रवाल, संजय सर्राफ, अशोक अग्रवाल, प्रभात बरनवाल, अरुण बरनवाल एवं अशोक सोनी शामिल हैं।कार्यकारिणी सदस्य समिति को मजबूती प्रदान करने हेतु आशीष अग्रवाल, लालजी साह, विवेक अग्रवाल, मो. इरादुल्लाह राजा भाई, मुन्ना कुमार गुप्ता, मनोज बरनवाल, कृष्ण कुमार कसेरा, प्रभात कसेरा, कन्हैया अग्रवाल, राजन बरनवाल, मनोज गुप्ता, उत्तम कुमार, बबलू गुप्ता, संतोष सर्राफ एवं अजीत बरनवाल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

**व्यापारिक विकास का संकल्प**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रियांशु सर्राफ एवं सचिव अनूप अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स सुगौली के प्रत्येक व्यवसायी के मान-सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे कार्य करेगी। संगठन का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक समस्याओं का त्वरित समाधान, प्रशासन के साथ समन्वय तथा सुगौली बाजार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने इस ऐतिहासिक पहल का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# जमाबंदी के नाम पर रामगढ़वा सीओ व शराब बंदी के नाम पर पुलिस लूट रही है, राधामोहन सिंह

नई सोच एक्सप्रेस



**रामगढ़वा**।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नें पार्टी कार्यालय पर विशाल धरना व प्रदर्शन किया। जिसमें क्षेत्र के हजारों किसानों और मजदूरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉमरेड कृष्ण सिंह ने की, जबकि मुख्य रूप से सुगौली विधानसभा के पूर्व भाकपा प्रत्याशी और जिले के वरिष्ठ भाकपा नेता राधामोहन सिंह नें सभा को सम्बोधित किया। का राधामोहन सिंह नें कहा कि रामगढ़वा सीओ मनमानी कर रहे हैं और भूमिहिनो को बेतिया राज और गरमजरूवा आम/मालिक की जमीनों पर वर्षों से बसे गरीबों को उजाड़ने के लिए नोटिस दिए जा रहे हैं। कहा कि अगर सीओ इनको बसगीत की भूमि उपलब्ध कराये गरीबो को उजाड़ने का काम करेंगे तो ब्यापक जन आंदोलन चलाया जाएगा। कहा कि सीओ एक साजिश के तहत इनकी उजाड़ने का काम कर रहे हैं। बताया कि जमाबंदी और शराब बंदी के नाम पर अंचल और थाना लोगों को लूट रहे हैं। इस मौके पर इन्होने रामगढ़वा पुलिस को भी घेरा और कहा कि मछली फ्री में नहीं देने पर मुरला के लोगों को पुलिस नें जेल भेजा है। वहीं शराब बंदी की आड़ में निर्दोष को भी फसाकर जेल भेजा जा रहा है। इन्होने सुधार करने का आह्वान किया अन्यथा ब्यापक जन आंदोलन झेलने के लिए अंचल और थाना को आगाह भी किया। अवसर पर राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड अजय कुमार सिंह, जिला सचिव कॉमरेड विश्वनाथ यादव, कॉमरेड विजय शंकर सिंह और कॉमरेड शम्भुशरण सिंह ने भी अपने विचार रखे और चेतावनी दी कि यदि किसानों को मुआवजा और भूमिहीनों को उनका हक नहीं मिला, तो आंदोलन को और भी उग्र रूप दिया जाएगा।

# पलनवा में बड़ी कार्रवाईः शराब पीने और हत्या के प्रयास के आरोप में 5 गिरफ्तार



नई सोच एक्सप्रेस

**रामगढ़वा**।गुरुवार को पलनावा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि शराब पीने के आरोप में तीन वेक्ति को गिरफ्तार किया गया है वही हत्या के प्रयास मामले में दो वेक्तियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है शराब पीने के आरोप में रामनाथ महतो, संतोष महतो ग्राम पालनवा,ध्रुव पटेल ग्राम पखनहिया हत्या के प्रयास के आरोप में अशोक यादव, मुख्तार यादव ग्राम प्रसौना तपसी, पूर्व के मामले में रक्सौल से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। दोनों मामलों में आगे की जांच जारी है।

# 100 वां हिन्दू बर्ष पर सम्मेलन आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**मुंगेर**।श्री श्री 108 मां भगवती मंदिर दरियापुर मुंगेर के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में दरियापुर नामक स्थान पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र प्रचारक बौद्धिक राणा प्रताप जी मुंगेर जिला प्रचारक अमरजीत कुमार जी,सह जिला कार्यवाह अभय कुमार जी, खंड कार्यवाह विपुल कुमार सिंह जी,मुकेशानन्द महाराज जी, कथा वाचक भानु शंकर जी, नकुल गोस्वामी जी उपस्थित थे क्षेत्र प्रचारक राणा प्रताप जी ने कहा की आज rss का 100 वर्ष पूरा होने के कारण विश्व का सबसे बड़ी सगठन बन कर उभरी है आज हिन्दू समाज को जागरण करने का समय आ गया है इसलिय हिन्दुओ को सावधान होने की आवश्यकता है आज 2% हिन्दू जगा तब देश का मान सम्मान बढ़ा है गर्व से कह रहा है हम हिन्दू है, आज पुरे भारत वर्ष में हिन्दू सम्मेलन चल रही है आदि इस कार्यक्रम में सक्रिय कार्यकर्त्ता चन्दन सिंह, अजय बिंद गोलू सिंह साहिल सिंह और राहुल जी,गोपालजी,गणपति जी बलराम जी, विक्रम जी, संजयजी, करुणजी उपस्थित थे..

# बिहार शिक्षा सारथी ने पानापुर के शिक्षक को किया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**।पानापुर प्रखण्ड स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय करचोलिया के शिक्षक सूरज कुमार कुशवाहा को गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिहार शिक्षा सारथी ई-पत्रिका द्वारा पत्रिका में सर्वश्रेष्ठ छायाचित्र प्रस्तुति के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से विद्यालय एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सम्मान प्राप्त करने के बाद सूरज कुमार कुशवाहा ने इस सफलता का श्रेय अपने छात्रों एवं पूरे विद्यालय परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सहयोग और विद्यालय के सकारात्मक वातावरण के कारण ही यह संभव हो सका। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्णा कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय के लिए गौरव का पल है। उन्होंने बिहार शिक्षा सारथी की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह ई पत्रिका लगातार शिक्षकों का मनोबल बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को मंच देने का सराहनीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, पिंटु कुमार एवं ममता कुमारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे और सूरज कुमार कुशवाहा को बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### एलआईसी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया डायवर्सिफाइड टेक्नोलॉजी फंड, लक्ष्य- एआई, डेटा सेंटर और डिजिटल प्लेटफॉर्म

**एनएफओ 20 फरवरी को खुलेगा और 6 मार्च को बंद होगा**

**मुंबई।** एलआईसी म्यूचुअल फंड ने एलआईसी एमएफ टेक्नोलॉजी फंड के लॉन्च की घोषणा की है. यह एक थीमैटिक इक्विटी स्कीम है, जिसे भारत के बढ़ते तकनीकी परिदृश्य में व्यापक एक्सपोजर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है. इसका दायरा पारंपरिक आईटी सेवाओं से आगे तक होगा. इसका न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 20 फरवरी को खुलेगा और 6 मार्च को बंद होगा. उसके बाद स्कीम 19 मार्च से निरंतर सब्सक्रिप्शन और रिडेम्पशन के लिए दोबारा खुलेगी. फंड का प्रबंधन करण दोशी और जयप्रकाश तोशनीवाल द्वारा संयुक्त तौर पर किया जाएगा. इसे बीएसई टीईसीके टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) पर बेंचमार्क किया जाएगा. एलआईसी एमएफ टेक्नोलॉजी फंड का उद्देश्य पारंपरिक आईटी-केंद्रित योजनाओं से अलग हटकर टेक्नोलॉजी से संचालित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने का है, जिसमें सेमीकंडक्टर से जुड़ी कंपनियां, डेटा सेंटर ऑपरेटर, डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म, इंटरनेट बिजनेस और उभरती टेक्नोलॉजी कंपनियां शामिल हैं. एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.के. झा ने कहा, ''आम बजट 2026-27 ने सेमीकंडक्टर के विकास और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट किया है. जैसे-जैसे भारत का टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन से एआई अपनाने की ओर बढ़ रहा है, हमें लिस्टेड इक्विटीज में कई वर्षों का संरचनात्मक अवसर दिख रहा है।'' एलआईसी म्यूचुअल फंड के मुख्य निवेश अधिकारी (इक्विटी) योगेश पाटिल ने कहा, ''हमारी निवेश रणनीति टेक्नोलॉजी वैल्यू चेन में टिकाऊ विकास के ड्राइवर्स, स्वस्थ कैश फ्लो और स्केलेबल ऑपरेटिंग मॉडल वाले बिजनेस की पहचान करने पर केंद्रित है. हमारा उद्देश्य एक विविधतापूर्ण टेक्नोलॉजी पोर्टफोलियो का निर्माण करना है, न कि केंद्रित.'' एनएफओ के दौरान आवेदन की न्यूनतम राशि 1,000 रुपये है. उसके बाद 1 रुपये के गुणकों में निवेश किया जा सकता है. दैनिक एसआईपी की न्यूनतम राशि 100 रुपये है और उसके बाद 1 रुपये के गुणकों में इसे बढ़ाया जा सकता है. मासिक एसआईपी 200 रुपये है और उसके बाद 1 रुपये के गुणकों में इसे भी बढ़ाना संभव है. तिमाही एसआईपी की न्यूनतम राशि 1,000 रुपये है और उसके बाद 1 रुपये के गुणकों में. एसआईपी शुरू होने की तारीख स्कीम के निरंतर लेन-देन के लिए दोबारा खुलने के बाद प्रभावी होगी. म्यूचुअल फंड में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन है. कृपया स्कीम से संबंधित सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें.

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पीड़िता की मां ने कहा, न्याय में भरोसा बहाल हुआ

**इलाहाबाद।** सुप्रीम कोर्ट के इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को खारिज करने के बाद खुशी व राहत की सांस लेते हुए नाबालिग पीड़िता की मां ने कहा कि इस आदेश से न्याय में उनका भरोसा बहाल हुआ है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पिछले साल मार्च में दिए गए फैसले में कहा था कि नाबालिग पीड़िता के वक्ष पकड़ने व सलवार का नाड़ा खोलने को बलात्कार का "प्रयास" नहीं माना जा सकता और यह सिर्फ बलात्कार की "तैयारी" थी। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) ने हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ तत्काल पीड़िता की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और एन. वी. अंजारिया की खंडपीठ ने हाई कोर्ट के फैसले को स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण और आपराधिक दंड विधान के स्थापित सिद्धांतों के पूरी तरह खिलाफ करार देते हुए खारिज कर दिया। साथ ही, शीर्ष अदालत ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से लगे बलात्कार के प्रयास के आरोप को भी बहाल कर दिया। पीड़िता, जो घटना के समय सिर्फ 11 वर्ष की थी, की मां ने कहा, "इस फैसले से मेरा यह विश्वास बहाल हुआ है कि कानून बच्चों व पीड़ितों की सुरक्षा कर सकता है। मुझे उम्मीद है कि अब किसी बच्चे को अपने साथ हुए अत्याचार का विश्वास दिलाने के लिए ठोकर नहीं खानी पड़ेगी और इस फैसले से उन बहुत सारे बच्चों को मदद मिलेगी जो आवाज नहीं उठा पा रहे हैं।" उन्होंने कहा कि जेआरसी तब उनके साथ खड़ा हुआ जब उन्हें लग रहा था कि वे असहाय हैं और कोई उनकी आवाज नहीं सुनेगा। उनके समर्थन से हम न्याय के लिए संघर्ष जारी रखने की हिम्मत जुटा पाए। नवंबर 2021 में उत्तर प्रदेश के कासंगज में दो युवक 11 साल की नाबालिग बच्ची को जबरन घसीट कर एक पुलिया के नीचे ले गए और उसके कपड़े उतारने की कोशिश की। बच्ची की चीख पुकार सुन उधर से गुजर रहे दो राहगीर वहां पहुंचे जिसके बाद दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। इस मामले में मार्च 2025 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, "यह कृत्य सिर्फ बलात्कार की 'तैयारी' है और यह स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं है कि यह 'बलात्कार का प्रयास' या 'बलात्कार' है।" इस फैसले के नतीजे में आरोपों की गंभीरता काफी कम हो गई। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए पीड़िता की ओर से शीर्ष अदालत में विशेष अनुमति याचिका दायर की। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से इस तरह के मामलों में और अधिक संवेदनशीलता सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश तय करने का अनुरोध भी किया गया। हाई कोर्ट के आदेशों को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल को निर्देश दिया कि वह यौन शोषण के संवेदनशील पीड़ितों से संबंधित मामलों की सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों व न्यायिक प्रक्रियाओं में संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से एक समग्र व व्यापक दिशानिर्देश तय करने के लिए एक समिति गठित करे। कमेटी से तीन महीने में यह रिपोर्ट तैयार करने व सुप्रीम कोर्ट को सौंपने का अनुरोध किया गया है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की ओर से पीड़िता की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एच. एस. फूलका ने इसे ऐतिहासिक करार देते हुए कहा, "यह बच्चों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक दूरगामी फैसला है। यह एक स्पष्ट संदेश देता है कि न्यायिक विवेचना में पीड़ितों के खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव या पूर्वाग्रह की कोई जगह नहीं है। इस फैसले के लिए हम खंडपीठ के आभारी हैं।" शीर्ष अदालत ने दिशानिर्देश तय करने में नेटवर्क से सुझाव भी मांगे हैं। इसी बीच, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के राष्ट्रीय संयोजक रवि कांत ने कहा, "यह फैसला यौन हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, गरिमा और संवेदनशीलता सुनिश्चित करने के हमारे लंबे और दृढ़ संघर्ष का नतीजा है। हम सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हैं जिसने न्यायिक तंत्र में भरोसा बहाल किया है और इस विश्वास को मजबूत किया है कि बच्चों एवं कमजोर व संवेदनशील पृष्ठभूमि के लोगों के खिलाफ अपराधों को गंभीरता और अपेक्षित संवेदनशीलता के साथ देखा जाएगा।"

### सास का सर फोड़ने के मामले में बहू सबा खानम को खोज रही नगर थाना की पुलिस

**» मारपीट का आरोपित भाई गिरफ्तार .न्यायालय से इश्तेहार हुआ है निर्गत**

**औरंगाबाद।** नगर थाना कांड सं-377/23 के मारपीट के आरोपित मो. निहालुद्दीन खान को नगर थाना पुलिस ने बुधवार को अलीनगर से से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि मो. निहालुद्दीन पर अपने बहन की सास संजीदा खानम के साथ मारपीट करने का आरोप है। वहीं साजिदा खानम ने चार लोगों के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। नगर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि न्यायालय से चार आरोपितों के खिलाफ इश्तेहार निर्गत था। न्यायालय के आदेश पर मो. निहालुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वही इस कांड के आरोपित इकबालुद्दीन खान मुसर्रत उर्फ सुफी खानम, शबा खानम को गिरफ्तार करने के लिए तलाश जारी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यदि बचे हुए आरोपित न्यायालय में आत्म समर्पण नहीं करेंगे तो न्यायालय के द्वारा उनके घर की कुर्की की जाएगी। किसी भी हाल में फरार आरोपित को बक्सा नहीं जाएगा। बता दे की सभी आरोपित के विरुद्ध आपराधिक इतिहास रहा है।

# कैंसर के सटीक इलाज के लिए अपोलो ने शुरू की 'प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी क्लिनिक'

नई सोच एक्सप्रेस

**मुंबई।** अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई ने अपने प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी क्लिनिक के शुभारंभ की घोषणा की। यह अपनी तरह का पहला प्रोग्राम है जिसे मरीज़ के जीनोमिक प्रोफ़ाइल, बायोमार्कर सबटाइप, उम्र, कोमॉर्बिडिटी, जीवनशैली से जुड़े पहलू और व्यक्तिगत इलाज के लक्ष्यों के आधार पर गहराई से व्यक्ति आधारित कैंसर उपचार देने के लिए रचा गया है। ऐसे समय में जब एक ही कैंसर अलग-अलग मरीज़ों में बिल्कुल अलग-अलग तरह से काम कर सकता है, तो पारंपरिक 'वन-साइज़-फिट्स-ऑल' (सबके लिए एक ही पैमाना) वाला तरीका अब काफ़ी नहीं है। प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी डॉक्टरों को सबसे असरदार दवा की पहचान करने, इलाज से जुड़ी विषाक्तता का अंदाज़ा लगाने और दुष्प्रभावों को कम करते हुए असर को अधिकतम करने के लिए थेरेपी को ढालने में मदद करता है। इस का उद्देश्य कैंसर उपचार के मानकों को



फिर से परिभाषित करना और मरीज़ों के लिए ज़्यादा अनुमान लगाने योग्य, सुरक्षित, परिणाम पर केंद्रित थेरेपी देना है। डॉ.ज्योति बाजपेयी लीड कंसल्टेंट, मेडिकल एंड प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी, अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई ने कहा, "जीनोमिक्स हमें न सिर्फ़ यह बताता है कि मरीज़ को कौन सा कैंसर है, जैसे ब्रेस्ट कैंसर, बल्कि जेनेटिक्स के आधार पर टाइप और सबटाइप भी बताता है। ब्रेस्ट कैंसर ल्यूमिनल ए, ल्यूमिनल बी, ट्रिपल-नेगेटिव, या एचईआर2 टाइप का हो सकता है, हर टाइप की तीव्रता अलग होती है और यह थेरेपी पर अलग तरह से प्रतिक्रिया करता है। प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी क्लिनिक हमें इस ज़्यादा सटीक निदान तक पहुँचने और मरीज़ का ज़्यादा वैयक्तिक उपचार रणनीति से इलाज करने में मदद करता है। हम उस कैंसर टाइप के लिए सबसे असरदार दवा चुन सकते हैं, सही मरीज़ के लिए सही डोज़ में, और जटिलताएँ होने से पहले ही उनका अंदाज़ा भी लगा सकते हैं। यह अब ऑन्कोलॉजी का भविष्य नहीं है; यह आज की ऑन्कोलॉजी है।" अपोलो हॉस्पिटल्स के वेस्टर्न रीजन के रीजनल सीईओ, श्री अरुणेश पुनेथा ने बताया, "प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी हमें सबके लिए एक ही पैमाने वाला नज़रिए से आगे बढ़ने में मदद करती है, यह पक्का करती है कि हर मरीज़ को उसकी बीमारी, बायोलॉजी, उम्र, लिंग, व्यवसाय, पसंदगी और ज़िंदगी के हालात के हिसाब से देखभाल मिले।" अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई में प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी क्लिनिक, एडवांस्ड मॉलिक्यूलर साइंस, क्लिनिकल एक्सपर्टीज़ और मरीज़ केंद्रित नज़रिए के साथ जीनोमिक्स-प्रेरित कैंसर उपचार देता है। मरीज़ों को व्यावहारिक म्यूटेशन और पाथवे चेंजेज़ का पता लगाने के लिए नई पीढ़ी की सीक्वेंसिंग सहित कॉम्प्रिहेंसिव जीनोमिक प्रोफाइलिंग मिलती है।

# मुझे आई बरसाने की याद बुला ले राधा रानी



नई सोच एक्सप्रेस

**बरेली।** फुलेरा दूज के अवसर पर आज आनंद आश्रम संकीर्तन परिवार बरेली द्वारा बनखंडी नाथ मंदिर में भजनों की रसधारा बही । राधे राधे जपा करो कृष्ण नाम रस पिया करो जैसे प्रसिद्ध भजनों की बयार से पूरा परिसर रसमय हो गया। फुलेरा दूज पर ऐसी मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने राधा रानी का विवाह भांडीर वन ( ब्रज क्षेत्र) में कराया था और इस दिन बिना किसी महूर्त के विवाह किए जाते हैं। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में राधा रानी का विवाह का भी मंचन किया गया। भजन गायक धर्मवीर सिंह और संजीव चौहान ने अपनी मधुर वाणी से सभी को झूमने को मजबूर कर दिया। इस अवसर पर अशोक सिंह, पंकज पांडे, शैफाली चौहान, डॉक्टर सुबोध अस्थाना, रक्ष पाल सिंह, स्नेहलता चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# आगरा में शिवाजी जयंती पर निकली भव्य रैली, कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

नई सोच एक्सप्रेस

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ भारत की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा आज आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर भव्य वाहन रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष सुमित कटियार एवं प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह चाहर ने संयुक्त रूप से किया। प्रातः 11 बजे गोपेश्वर की बगीची, नौबस्ता लोहा मंडी से प्रारंभ हुई यह रैली लोहा मंडी चौराहा, जयपुर हाउस, पंचकुइयां, तहसील मार्ग और कलेक्ट्रेट होते



हुए छीपी टोला के रास्ते बिजलीघर चौराहा पहुंची। वहां स्थित शिवाजी चौक पर कार्यकर्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के शौर्य, राष्ट्रनिष्ठा और संगठन क्षमता को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए सुमित कटियार और गोपाल सिंह चाहर ने कहा कि शिवाजी महाराज देश की अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। शिवाजी महाराज को भारतीय इतिहास में अद्वितीय सैन्य कौशल, सुशासन और राष्ट्रभक्ति के लिए स्मरण किया जाता है। भारत के इतिहास में उनका योगदान प्रेरणास्रोत है। उन्होंने वर्तमान सामाजिक और सांस्कृतिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए संगठन की विचारधारा को मजबूत करने की अपील की। वक्ताओं ने 'लव जिहाद' और धर्मांतरण जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए समाज से जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गोपाल सिंह चाहर प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सुमित कटिहार ने संयुक्त रूप से कहा है कि वीर शिवा हमारे देश का गौरव हैं। आज हम उनके जन्मदिवस के पावन अवसर पर संकल्प लेते हैं कि जिस प्रकार से देश के अंदर कट्टरपंथियों के द्वारा जिहादी तत्वों के द्वारा लव जिहाद, भूमि जिहाद, जल जिहाद, थूक जिहाद, मूत जिहाद, ब्यूटी पार्लर जिहाद, शिक्षा जेहाद और धर्मांतरण जिहाद जैसे कृत्यों को करने में लिप्त लगे हुए हैं और इससे यह देश में अस्थिरता लाना चाहते हैं और दूसरा यह एक जनसंख्या बढ़ाने के साथ क्षेत्र का भौगोलिक इतिहास बदलना चाहते हैं। आज हम सभी हिंदू वासियों से अपील करते हैं कि सभी हिंदू समाज के लोग अपने परिवार को बढ़ाये, साथ ही उन्होंने हिंदू समाज से पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और जनसंख्या वृद्धि के संदर्भ में अधिक संतानों के जन्म का आग्रह भी किया। कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष हर्ष कटियार ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रेखा राघव, गीता जैन, विनोद गौतम, कृष्ण कुमार, रौनक दीक्षित, विकास कुमार, आयुष चाहर, शाह निरपुद खंडेलवाल, अनेक यादव, दीपक राठौड़, अनुराग शर्मा, शिवम यादव, रोहित कर्दम सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी रवि व्यास, नितिन गोस्वामी, दीपक जैन एवं विमल प्रजापति उपस्थित।

# सार्क राइटर्स फोरम ने प्रदीप रंगकर्मी को "संगत विश्वनाथ त्रिपाठी" किताब के लिए बधाई

नई सोच एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सार्क राइटर्स फोरम द्वारा आयोजित आयोजित सेमिनार में प्रदीप रंगकर्मी द्वारा लिखित पुस्तक "संगत विश्वनाथ त्रिपाठी" का विमोचन किया गया। सार्क राइटर्स फोरम के सदस्यों ने बधाई दी। बता दे कि गत 16 फरवरी को विश्ववनाथ त्रिपाठी का जन्म दिन भी था। विश्वनाथ त्रिपाठी का जन्म 16 फरवरी, 1931 को उत्तर प्रदेश के जिला बस्ती (अब सिद्धार्थनगर) के बिस्कोहर गाँव में हुआ। आबरिक शिक्षा पहले गाँव में, फिर स्टैबर्ड बस्ती में। उच्च शिक्षा कानपुर और वाराणसी में। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से पी-एच.डी.।उनकी प्रकाशित कृतियाँ हैं- 'प्रारंभिक अवधि', 'हिन्दी आलोचना', 'हिन्दी साहित्य का ऐतिहासिक इतिहास', 'लोकवादी तुलसीदास', 'मीरा का काव्य', 'देश के इस दौर में' (हरिशंकर परसाई केन्द्रित); 'पेड़ का हाथ' (केदारनाथ अग्रवाल केन्द्रित) (इतिहास-आलोचना); 'जैसा कह सका' (कविता-संकलन); 'नंगातलाई का गाँव', 'बिसनाथ का पीछे' (स्मृति-आख्यान);



'व्योमकेश दरवेश' (आचार्य हजारीप्रसाद मंदिर का पुण्य स्मरण), 'गुरुजी की खेती-बाड़ी' (संस्मरण)। अख्तर आचार्य हजारी प्रसाद द्यूत के साथ अद्दहमान (अब्दुल रहमान) के अपभ्रंश काव्य 'संदेश रस्क' का सम्पादन। 'कविताएँ 1963', 'कविताएँ 1964', 'कविताएँ 1965' (तीन अजित कुमार के साथ), 'हिन्दी के प्रहरी : शीट शर्मा' (अरुण प्रकाश के साथ) का भी सम्पादन किया गया। इन्हें 'मूर्तिदेवी सम्मान', 'व्यास सम्मान', 'आकाशदीप सम्मान', 'सोवियत भूमि नेहरू पुरस्कार', 'शलाका सम्मान', 'भारत भारती पुरस्कार', 'राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान', 'राजकमल प्रकाशन रहस्यात्मक गद्य सम्मान', 'शमशेर सम्मान', 'गोकुलचंद्र शुक्ल आलोचना पुरस्कार', 'डॉ. 'आदिम शर्मा सम्मान', हिंदी अकादमी के 'साहित्यकार सम्मान' आदि से सम्मानित किया गया है। प्रदीप रंगकर्मी के नाम से पहचान बनाने वाले लेखक प्रदीप कुमार दिल्ली विश्वविद्यालय में उनके छात्र रहे हैं और अपने विद्यार्थी जीवन का ज्यादातर हिस्सा उन्होंने विश्वनाथ त्रिपाठी जी के संगत में गुजारा है। अपने दिल्ली विश्वविद्यालय और प्रवास के दौरान की कहानियों को एकत्र कर उन्होंने एक तरह का संस्मरण तैयार किया है। किताब राजकमल प्रकाशन दिल्ली ने प्रकाशित की है। सार्क राइटर्स के सदस्यों ने बधाई दी और कहा कि लेखक समाज का पथ प्रदर्शक होने के साथ लघु स्मृति का संरक्षक भी होता है।

# श्री अवधूत आश्रम में षडदर्शन साधुसमाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में पिहोवा रोड पर स्थित श्री अवधूत आश्रम में षडदर्शन साधुसमाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आज 19 फरवरी वीरवार को षडदर्शन साधुसमाज के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। षडदर्शन साधुसमाज का प्रत्येक जिला में विस्तार के लिए एक टीम का गठन किया गया जो सभी जिलों में जाकर विस्तार करेगी। षडदर्शन साधुसमाज की त्रैमासिक पत्रिका षडदर्शन संदेश प्रकाशित करने बारे में गहन मंथन हुआ जिसमें सभी संस्थानों की धार्मिक सामाजिक सामग्री प्रकाशित होगी। पत्रिका का देश-विदेश में विस्तार इत्यादि विषयों पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर षडदर्शन साधुसमाज के संरक्षक श्रीमहंत बंशी पुरी महाराज, अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज, उपाध्यक्ष महंत गुरुभगत सिंह, महासचिव महंत



**» संत महात्माओं ने बहुत से विषयों पर की महत्वपूर्ण चर्चा**

**» षडदर्शन साधुसमाज की त्रैमासिक पत्रिका षडदर्शन संदेश होगी प्रकाशित**

ईश्वर दास, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि, संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, सचिव महंत राम अवतार दास, महंत सुनील दास, महंत स्नेह दास, महंत जगन्नाथ पुरी, महंत वासुदेवानंद गिरि, महंत जनार्दन दास, स्वामी हरिओम दास, स्वामी हरिनारायण गिरि,महंत विशाल दास, महंत किशन पुरी, महात्मा विश्वकर्मा पुरी,महंत विजय दास,महंत बाबा बुध मुनि इत्यादि संत मौजूद रहे।

# पन्ने लाल यादव (संस्थापक/ महासचिव )ने 700 छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ मामले में CBI/ACB जांच की उठाई जोरदार मांग


नई सोच एक्सप्रेस

**कुशीनगर/लखनऊ।** देश के प्रमुख मानवाधिकार संगठन आल इंडिया ह्यूमन राइट्स आर्गनाइजेशन के संस्थापक एवं महासचिव पन्ने लाल यादव ने जनपद कुशीनगर स्थित गोस्वामी तुलसीदास इंटरमीडिएट कॉलेज, पडरौना में लगभग 700 इंटरमीडिएट (पत्राचार) परीक्षार्थियों के आवेदन निरस्तीकरण को लेकर उत्तर प्रदेश शासन से उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच की मांग की है। श्री पन्ने लाल यादव, संस्थापक महासचिव, ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि संभावित वित्तीय एवं दस्तावेजीय अनियमितता का गंभीर मामला प्रतीत होता है। उन्होंने इस प्रकरण को "सैकड़ों छात्रों के शिक्षा-अधिकार पर सीधा प्रहार" बताया है।

**शासन को भेजा गया विस्तृत ज्ञापन**

पन्ने लाल यादव द्वारा हस्ताक्षरित शिकायत पत्र अपर मुख्य सचिव (गृह), अपर मुख्य सचिव (माध्यमिक शिक्षा), प्रमुख सचिव (कार्मिक), पुलिस महानिदेशक, एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB), जिलाधिकारी कुशीनगर तथा मुख्यमंत्री कार्यालय (IGRS) को प्रेषित किया गया है।

**प्रमुख आरोप**


ऑल इंडिया मानवाधिकार संगठन
ALL INDIA HUMAN RIGHTS ORGANISATION

संस्थापक महासचिव पन्ने लाल यादव ने अपने ज्ञापन में निम्न गंभीर बिंदु उठाए हैं—

अधिकृत अधिकारियों के स्थान पर अन्य कर्मचारी (क्लर्क) द्वारा हस्ताक्षर किए जाने के आरोप

परीक्षा शुल्क जमा प्रक्रिया में संभावित गड़बड़ी

दस्तावेजीय सत्यापन में गंभीर प्रशासनिक विफलता

जिला स्तर पर पर्यवेक्षणीय जिम्मेदारी में लापरवाही

उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि इन तथ्यों की पुष्टि होती है तो यह पद के दुरुपयोग एवं अभिलेखीय हेरफेर का मामला बनता है।

**CBI/ACB जांच की मांग**

ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन के संस्थापक महासचिव पन्ने लाल यादव ने मांग की है—

प्रारंभिक जांच राज्य एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) से कराई जाए।

व्यापक अनियमितता सामने आने पर मामला CBI को सौंपा जाए।

जांच अवधि में संबंधित अधिकारियों को प्रभाव से दूर रखा जाए।

जांच की प्रगति सार्वजनिक की जाए।

"छात्रों के भविष्य से समझौता बर्दाश्त नहीं"

श्री यादव ने कहा कि यदि शासन स्तर से त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन न्यायालय की शरण लेने तथा लोकतांत्रिक आंदोलन करने पर विचार करेगा।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए निपटारा:विवेक आर्य



नई सोच एक्सप्रेस

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ-साथ जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करें । इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे, उन्होंने मौके पर अधिकारियों को कहा तय समय सीमा के अंदर संबंधित शिकायतों का निपटारा करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर में कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित पड़ी हुई है, उनका जल्द समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए। गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए ताकि वह शिकायत दोबारा से न खुले। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें रिजेक्ट की श्रेणी में डाले। इस अवसर पर डीएसपी रणधीर सिंह, क्रिड के डीएम ईशान शर्मा,सीएम एमिनेंट पर्सन गगन कोहली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत का स्कोर मध्यम स्तर पर

भारत की ताकत फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और आईटी सेवाओं में है, जो उच्च जटिलता वाले क्षेत्रों में आते हैं। लेकिन कृषि और प्राथमिक वस्तुओं की बड़ी हिस्सेदारी आर्थिक जटिलता सूचकांक पर भारत के ऊपर जाने में रुकावट है।

जो देश मैनुफैक्चरिंग की विविधापूर्ण एवं बारीक क्षमताएं विकसित करते हैं, उनका तेजी से विकास होता है। ये निष्कर्ष हार्वर्ड ग्रोथ लैब का है। अमेरिका के मशहूर हार्वर्ड केनेडी स्कूल से संबंधित ये अध्ययन केंद्र ने विभिन्न देशों की उत्पादक क्षमता को मापते हुए आर्थिक जटिलता सूचकांक (ईसीआई) तैयार करता है। उसका दावा है कि इस पैमाने से विकास की रफ्तार का किसी अन्य पैमाने की तुलना में अधिक सटीक अनुमान लगाया जा सकता है। लैब अपने सूचकांक के आधार पर इस नतीजे पर है कि अगले दशक में प्रति व्यक्ति आर्थिक वृद्धि का अग्रणी देश वियतनाम होगा। यानी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका चीन इस मामले में वियतनाम से पीछे रहेगा। संस्था का निष्कर्ष है कि अगले दस साल तक वैश्विक ग्रोथ का नेतृत्व पूर्वी एशिया के हाथ में बना रहेगा। ईसीआई पर जापान पहले, ताइवान दूसरे, दक्षिण कोरिया चौथे और सिंगापुर पांचवें नंबर पर आया है। गुजरे पांच साल में तीन अंकों की उछाल हासिल करते हुए चीन अब टॉप 10 में पहुंच गया है, जबकि अमेरिका गिर कर 20वें स्थान पर चला गया है। 145 देशों की इस सूची में भारत को 41वें स्थान पर रखा गया है। विश्लेषकों के मुताबिक भारत का स्कोर मध्यम स्तर पर है, जो यह दिखाता है कि भारत की उत्पादन संरचना विविध तो है, लेकिन उच्च-तकनीक और जटिल उत्पादों में पर्याप्त विस्तार का अभाव है। इस सूचकांक में भारत को ऊपर चढ़ना है, तो उसे उच्च मूल्य वाले और तकनीकी रूप से परिष्कृत वस्तुओं के उत्पादन की क्षमता विकसित करनी होगी। भारत की ताकत फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और आईटी सेवाओं में है, जो उच्च जटिलता वाले क्षेत्रों में आते हैं। लेकिन कृषि और प्राथमिक वस्तुओं की बड़ी हिस्सेदारी ईसीआई पर भारत के ऊपर जाने में रुकावट है। ईसीआई में मुख्य ध्यान ज्ञान एवं उच्च उत्पादन क्षमताओं पर केंद्रित है।

# राज्यसभा चुनाव 2026 : वर्षभर की राजनीति को दिशा देने वाला मुकाबला



आरती कुमारी

चिरंजीवी सदन 'राज्यसभा' के द्विवार्षिक चुनाव के लिए वर्ष 2026 में विभिन्न चरणों में खाली होने वाली कुल 71-75 सीटें के लिए चुनाव होंगे जो पूरे वर्ष अप्रैल और नवंबर में भरी जाएंगी। लिहाजा, इन चुनावों के राजनीतिक मायने गहन व अहम हैं, क्योंकि ये चुनाव जहां एनडीए की बहुमत मजबूती बढ़ा सकते हैं, वहीं विपक्ष को भी कमजोर कर सकते हैं। इससे भाजपा व उसके साथियों का चुनावी हौसला बढ़ेगा। जहां तक इनकी प्रमुख तारीखों की बात है तो चुनाव आयोग ने पहले चरण में 10 राज्यों की 37 सीटों पर चुनाव घोषित किए हैं। जिसके लिए अधिसूचना 26 फरवरी को जारी होगी, नामांकन 5 मार्च तक, और मतदान-मतगणना 16 मार्च 2026 को। जबकि बाकी सीटें नवंबर में भरी जाएंगी, जिसमें उत्तर प्रदेश की 10 सीटें सबसे महत्वपूर्ण हैं। इन दस चुनावी राज्यों में से 6 राज्यों में एनडीए की सरकार है, जबकि 4 राज्यों में इंडी गठबंधन के घटक दल सरकार में हैं। जहां तक राज्यवार सीटों की बात है कि पहले चरण में महाराष्ट्र की 7, तमिलनाडु की 6, पश्चिम बंगाल की 5, बिहार की 5, ओडिशा की 4, असम की 3, हरियाणा की 2 और छत्तीसगढ़ की 1 सीटें शामिल हैं, जबकि दूसरे चरण में उत्तरप्रदेश की 10 और झारखंड, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना आदि की 20 से अधिक सीटों के लिए नवम्बर में चुनाव होंगे। जहां तक उच्च सदन राज्यसभा में वर्तमान दलगत स्थिति की बात है तो राज्यसभा में कुल 245 सीटें हैं, जहां भाजपा के 103 और एनडीए के 121-129 सांसद हैं। जबकि विपक्षी इंडिया (INDIA) ब्लॉक के पास 78-80 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस के 27 सांसद हैं। जहां तक इन चुनावों के राजनीतिक प्रभाव की बात है तो इन चुनावों में एनडीए को 7-9 या इससे अधिक सीटों का लाभ मिलने का अनुमान है, जिससे उनकी संख्या 145 तक पहुंच सकती है जबकि विपक्ष को 5 सीटें खोने का खतरा, खासकर बिहार, महाराष्ट्र में है। इससे भाजपा को राज्यसभा में अब कोई भी विधेयक पास करना आसान होगा और सुपरमेजॉरिटी की ओर बढ़त भी उसे मिलेगी। सवाल है कि इन चुनावों में एनडीए को कितनी सीटें मिलने की संभावना है तो राजनीतिक विश्लेषकों को अनुमान है कि एनडीए को 2026 के राज्यसभा चुनावों में कुल 48 या इससे अधिक सीटें मिलने की संभावना है, जिससे उनकी ताकत 129 से बढ़कर 140+ हो सकती है। पहले चरण के 37 सीटों पर 5-7 का लाभ अनुमानित है, जबकि उत्तर प्रदेश जैसे बाद के चरणों से भी उसे अतिरिक्त मजबूती मिलेगी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, 71-75 खाली सीटों में से एनडीए को नेट 7-9 या 48 सीटें हासिल हो सकती हैं। चूंकि वर्तमान में एनडीए के 121-129 सदस्य हैं, इसलिए चुनाव बाद 145 तक पहुंचने की उम्मीद है। वहीं बाद के जून-नवम्बर वाले दूसरे चरणों के प्रभाव की बात है तो वे भी स्पष्ट है। उत्तर प्रदेश की 10 सीटों में भाजपा को 7-8 मिलनी संभावित है, जबकि ओडिशा, तेलंगाना आदि में स्थिरतामिलेगी।, कुल मिलाकर सुपरमेजॉरिटी (123+) पक्की होगी। जबकि विपक्ष को 5 नुकसान होगा। जहां तक इन चुनावों में इंडिया गठबंधन को कितनी सीटें मिलने की बात हैं तो इंडिया गठबंधन को 2026 के राज्यसभा चुनावों में कुल 71-75 सीटों में से नेट 5 का नुकसान हो सकता है, जिससे उनकी संख्या 80 से घटकर 75 रह जाएगी। पहले चरण के 37 सीटों पर भी नुकसान की स्थिति बनी हुई है, हालांकि कुछ राज्यों में स्थिरता संभव है। विश्लेषकों के अनुसार, इंडिया ब्लॉक वर्तमान 80 सीटों से 75 पर सिमट सकता है। कांग्रेस को विशेष रूप से 8 सीटें खोने का खतरा, जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे, दिग्विजय सिंह की सीटें भी शामिल हैं। वहीं बाद के चरणों का प्रभाव भी उसपर पड़ेगा। क्योंकि उत्तर प्रदेश की 10 सीटें में से सपा को 2-3 मिलनी संभावित हैं, लेकिन कुल नुकसान होगा। जबकि कर्नाटक, झारखंड में 1-1 सीटों का नुकसान संभव है। ओवरऑल, एनडीए के लाभ से इंडिया कमजोर होगा। जहां तक राज्यवार स्थिति की बात है तो बिहार में राज्यसभा की 5 सीटों के लिए चुनाव होगा। अभी आरजेडी के 2, जेडीयू के 2 और एक सांसद राष्ट्रीय लोक मोर्चा का है। बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा में एक सीट पर जीत के लिए 41 विधायकों के समर्थन की जरूरत है। एनडीए के पास 202 विधायक हैं और एनडीए के खाते में 4 सीटें सुनिश्चित हैं, जबकि 5 के लिए जोर आजमाइश बढ़ेगी। क्योंकि यहां 35 सीटों के साथ I.N.D.I.A. एक भी सीट अपने बल पर जीतने की स्थिति में नहीं है, ऐसे में 5 विधायकों वाले AIMIM की भूमिका अहम हो जाती है। यदि पूरा विपक्ष एकजुट होता है तो बिहार में विपक्ष के पास कुल 41 विधायक हो जाते हैं और विपक्ष एक सीट निकाल सकते हैं। ऐसे में यह चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व और विपक्षी एकता की के लिए अग्निपरीक्षा होगा। वहीं महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के नेतृत्व में सत्तारूढ़ महायुति आसानी से 6 सीटों पर जीत हासिल कर लेगा, वहीं 7वीं सीट के लिए वोटिंग हो सकती है। इसलिए महाराष्ट्र की राजनीतिक के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार का संसदीय सफर थम सकता है। जबकि हरियाणा से बीजेपी के दो सदस्य किरण चौधरी और रामचंद्र जांगरा का कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हो रहा है। इसी प्रकार ओडिशा की 4 सीटों पर चुनाव होंगे, जहां अभी 2 सीट बीजेपी और 2 बीजेडी के पास है लेकिन विधानसभा चुनाव के नतीजों को देखें तो बीजेपी की सीटों में इजाफा होना तय है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में दोनों सीटें अभी कांग्रेस के पास हैं और यहां भी बीजेपी जीत दर्ज करने की स्थिति में है। रही बात तेलंगाना की तो वहां से कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी रिटायर हो रहे हैं और बीआरएस के एक कैंडिडेट का कार्यकाल पूरा हो रहा है। तेलंगाना में काग्रेस दोनों सीटें जीत सकती है और हिमाचल में भी काग्रेस एक सीट जीत सकती है। असम से तीन पश्चिम बंगाल से 5 और तमिलनाडु से भी 6 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। चूंकि इन तीनों राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले इन राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियों के पास राज्यसभा में अपना संख्याबल कायम रखने का मौका मिलेगा। यही वजह है कि क्रॉस वोटिंग से निपटने की चुनौती विपक्ष के सामने रहेगी। क्योंकि राज्यसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के लिए अपने विधायको को एकजुट रखने की चुनौती हमेशा होती है। पिछले कुछ राज्यसभा चुनावों को देखें तो हरियाणा में कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का सामना करना पड़ा था। इसलिए आने वाले राज्यसभा चुनावों को देखें तो चाहे हरियाणा हो, बिहार हो, यहां पर काग्रेस और सहयोगी दलों को फूंक-फूंक करकदम रखना होगा। हालांकि कुछ सीटों पर तो रिजल्ट पहले से ही तय है, लेकिन अगर विपक्ष क्रॉस वोटिंग को रोक पाता है तो उसके हाथ भी कुछ सीट आ सकतीहैं। चूंकि राज्यसभा में बीजेपी और एनडीए का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है, इसलिए इस वर्ष 75 सीटों पर होने वाले चुनावों में विपक्ष यदि कारगर रणनीति नहीं बनाता है तो फिर इंडिया गठबंधन वाले कांग्रेस और उसके सहयोगियों की संख्या और घट सकती है, इतना तय है। जहां तक इन चुनावों में प्रमुख नेताओं के प्रभावित होने की बात है तो कई दिग्गजों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी ) के शरद पवार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, जदयू नेता हरिवंश, भाजपा के केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी (6 मंत्री सहित) शामिल हैं। वहीं बीएसपी राज्यसभा से साफ हो सकती है क्योंकि उत्तर प्रदेश में भाजपा को 7, सपा को 2 सीटें मिलने की संभावना है। वहीं राजद (RJD) और बीजद (BJD) समेत कई दलों की सीटें घटेगी।

# विवेकवान क्रांति की दहलीज पर मानवता - जब क्रांति औजार नहीं, चेतना बन जाए



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

मानव सभ्यता का इतिहास क्रांतियों का इतिहास है। पत्थर के औजारों से लेकर अग्नि की खोज, कृषि क्रांति से औद्योगिक क्रांति और फिर सूचना क्रांति तक, हर चरण में मनुष्य ने प्रकृति को समझा, साधा और अपने अस्तित्व को सुरक्षित किया। इन सभी क्रांतियों में एक बात समान रही रही है वह है कि मनुष्य निर्णायक था और तकनीक साधन। लेकिन पिछले दो दशकों में जिस क्रांति ने आकार लेना शुरू किया है, वह इस ऐतिहासिक प्रवृत्ति से भिन्न है। यह केवल औजार नहीं है, यह विवेकवान, निर्णयक्षम और आत्म-अध्ययनशील है। यह न केवल मानव की सहायता कर रही है, बल्कि मानव निर्णय प्रक्रिया में हस्तक्षेप भी कर रही है। यही वह बिंदु है जहाँ आशा और भय एक-दूसरे में विलीन हो जाता है। प्रारंभिक मानव ने जब पत्थर को धार दी, तब उसने प्रकृति पर पहला सचेत हस्तक्षेप किया। यह क्रांति शारीरिक क्षमता का विस्तार थी, न कि बौद्धिक प्रतिस्थापन। कृषि क्रांति ने मानव को खानाबदोश से नागरिक बनाया। समाज, संस्कृति, परंपरा, सबका जन्म यहीं से हुआ। लेकिन निर्णय फिर भी मानव मस्तिष्क के अधीन था। भाप, मशीन और कारखानों ने उत्पादन बढ़ाया, लेकिन मशीनें निर्देशों का पालन करती थीं, निर्णय नहीं लेती थीं। कंप्यूटर और इंटरनेट ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया, परंतु अब भी कंप्यूटर निर्जीव गणनाकार ही था। यह पहली बार है जब मानव ने ऐसी प्रणाली बनाई है जो स्वयं सीख सकती है। पैटर्न पहचान सकती है। भविष्य का अनुमान लगा सकती है और विकल्पों में से निर्णय सुझा सकती है, यहीं से यह क्रांति अप्रत्याशित बन जाती है। आज एल्गोरिद्म यह बता सकता है कि क्या खरीदेंगे। किस विचारधारा की ओर झुकेंगे। किससे प्रेम करेंगे और किससे भयभीत होंगे, यह केवल डेटा नहीं पढ़ता है बल्कि मानवीय व्यवहार पढ़ते हैं। जब कोई प्रणाली भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को समझने लगे, तब वह केवल तकनीक नहीं रहती है बल्कि वह मनोवैज्ञानिक शक्ति बन जाती है। आज न्यायालयों में सजा की अवधि तय करने से लेकर युद्ध में लक्ष्य चयन तक, एल्गोरिद्म सुझाव दे रहे हैं। प्रश्न यह नहीं कि वे सही हैं या गलत। प्रश्न यह है कि अंतिम निर्णय कौन ले रहा है? यदि मनुष्य केवल "स्वीकृति बटन" बन जाए, तो क्या वह अभी भी निर्णयकर्ता है? मानव इतिहास गवाह है कि शक्ति जब भी केंद्रीकृत हुई है, उसका दुरुपयोग हुआ है। यदि विवेकवान प्रणाली सत्ता का संरक्षण करने लगे। असहमति को जोखिम माने और नैतिकता को बाधा समझे, तो परिणाम केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सभ्यतागत होंगे। मानव की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संवेदना है। परंतु कोई भी कृत्रिम विवेक दर्द नहीं महसूस करताहै वह केवल उसका विश्लेषण करता है। फिर भी मनुष्य होना निराश होना नहीं सिखाता है। इतिहास यह भी बताता है कि हर नई शक्ति के साथ नई जिम्मेदारी आई है। हर संकट के साथ नया विवेक विकसित हुआ है। यह क्रांति भी विनाश नहीं, रूपांतरण का अवसर हो सकती है। यह क्रांति केवल तेज उत्पादन, अधिक सूचना तक सीमित नहीं है। यह शिक्षा को वैयक्तिक। चिकित्सा को सटीक और संसाधनों को न्यायपूर्ण बना सकती है। मानव संस्कृति स्थिर नहीं रही है। भाषा, कला, नैतिकता, सब समय के साथ बदले हैं। अब पहली बार परिवर्तन का प्रेरक मानव के बाहर से आ रहा है। यदि संतुलन साधा गया, तो यह प्रकृति संरक्षण, संसाधन संतुलन और वैश्विक सहयोग का माध्यम बन सकता है। सबसे बड़ा भय यह नहीं है कि तकनीक शक्तिशाली हो जाएगी। सबसे बड़ा भय यह है कि मनुष्य आलसी, आश्रित और वैचारिक रूप से निष्क्रिय हो जाएगा। जिस दिन मानव ने प्रश्न पूछना छोड़ दिया। असहमति से डरने लगा और निर्णय टालने लगा, उस दिन विकल्प बनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। समाधान तकनीक को रोकना नहीं है। समाधान है नैतिक सीमाएँ, मानवीय निगरानी और उत्तरदायित्व आधारित विकास, इसलिए तकनीक को सहचर बनाया जाए, स्वामी नहीं। यह क्रांति द्वार पर नहीं, भीतर प्रवेश कर रही है। यह सोचने, चुनने और मूल्यांकन करने के तरीके को बदल रही है। यदि विवेक को जीवित रखें। करुणा को प्राथमिकता दें और उत्तरदायित्व से पीछे न हटें, तो यह क्रांति मानवता की सबसे महान उपलब्धि बन सकती है। अन्यथा इतिहास में पहली बार मनुष्य स्वयं अपने द्वारा निर्मित व्यवस्था में अप्रासंगिक हो सकता है।




**मेष राशि** : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें। इस राशि के छात्रों आज किसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए फार्म भरने का मन बनायेंगे।

**वृष राशि**: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां आपको मिलेंगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका आशीर्वाद मिलेगा।

**मिथुन राशि**: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दांपत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। आज पहले किये हुए किसी कार्य का लाभदायक परिणाम मिलाने से आपको ख़ुशी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों आज जन संपर्क कर सकते हैं। आज आप महत्वपूर्ण काम पूरा करने में सफल होंगे, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे।

**कर्क राशि**: आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बन सकता है। घर में परिवार के साथ टाइम स्पेंड करने से रिश्तों में मजबूती बनी रहेगी।

**सिंह राशि**: आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी नये कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**कन्या राशि**: आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। आज आप अपने दोस्तों के साथ गोल्फ खेलने जा सकते हैं।

**तुला राशि**: आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपनों से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें। आज घर और काम में संतुलन बनाए रखेंगे। किसी व्यक्ति के प्रति चल रही नकारात्मक थिंकिंग आज समाप्त हो जायेगी।

**वृश्चिक राशि**: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे।

**धनु राशि**: आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। आज किसी कार्य में आ रही समस्याएं समाप्त हो जाने से कार्य तय समय पर पूरा हो जाएगा। लोगों का विश्वास आपके ऊपर बना रहेगा। जरूरतमंद को खाना खिलाने से आपका मन खुश रहेगा।

**मकर राशि**: आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाने से आपको प्रसन्नता होगी। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का ट्रांसफर आज उनके मन पसंद जगह पर होगा।

**कुंभ राशि**: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों से भी आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज पूरे हो सकते हैं।

**मीन राशि**: आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है। आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप का प्लान बना सकते हैं, सभी सदस्यों में उत्साह बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक आयोग की स्थापनाः संवैधानिक दायित्व, सामाजिक न्याय और गरिमामय वृद्धावस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय संकल्प

आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी
कटिहार बिहार

भारतीय सभ्यता की आत्मा में यदि किसी मूल्य को सबसे अधिक प्रतिष्ठा मिली है तो वह है—वृद्धजनों का सम्मान। हमारे पारंपरिक जीवन में आयु केवल जैविक अवस्था नहीं थी; वह अनुभव, धैर्य, नैतिक संतुलन और सामाजिक मार्गदर्शन का प्रतीक थी। परिवार व्यवस्था में वरिष्ठजन निर्णय के केंद्र में रहते थे। वे केवल परिवार के सदस्य नहीं, बल्कि परंपरा के संरक्षक, संस्कृति के संवाहक और जीवन-मूल्यों के शिक्षक थे। किंतु समय की गति ने सामाजिक संरचना को गहराई से परिवर्तित कर दिया है। औद्योगीकरण, शहरीकरण, वैश्वीकरण, रोजगार हेतु प्रवासन, परमाणु परिवार प्रणाली और डिजिटल जीवनशैली ने पारंपरिक सामुदायिक ढाँचे को कमजोर किया है। इस परिवर्तन का सबसे गहरा प्रभाव जिस वर्ग पर पड़ा है, वह है—वरिष्ठ नागरिक। आज वृद्धावस्था केवल जीवन का स्वाभाविक चरण नहीं, बल्कि सार्वजनिक नीति, सामाजिक संरचना, आर्थिक सुरक्षा और संवैधानिक उत्तरदायित्व का विषय बन चुकी है। भारत जनसंख्या संक्रमण के उस चरण में प्रवेश कर चुका है जहाँ युवा शक्ति उसकी आर्थिक ऊर्जा का आधार है, परंतु साथ ही वृद्धजन आबादी भी तीव्र गति से बढ़ रही है। औसत जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और शिशु मृत्यु दर में कमी ने जनसंख्या संरचना को परिवर्तित किया है। आने वाले दो दशकों में 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की संख्या करोड़ों में होगी। यह परिवर्तन केवल सांख्यिकीय नहीं, बल्कि नीति-निर्धारण, आर्थिक नियोजन, स्वास्थ्य अवसंरचना और सामाजिक सुरक्षा ढाँचे के लिए निर्णायक है। यदि इस बढ़ती हुई वृद्धजन आबादी की आवश्यकताओं को समुचित रूप से संबोधित नहीं किया गया, तो सामाजिक असंतुलन और मानवीय संकट उत्पन्न हो सकता है। वृद्धावस्था में आर्थिक निर्भरता, स्वास्थ्य असुरक्षा, मानसिक अवसाद, सामाजिक उपेक्षा और कानूनी जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर एक समन्वित, अधिकार-संपन्न और जवाबदेह संस्था की स्थापना समय की माँग है—राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक आयोग। संविधान के मूल सिद्धांत इस विषय को केवल कल्याणकारी योजना का प्रश्न नहीं रहने देते, बल्कि इसे अधिकार और दायित्व के स्तर पर स्थापित करते हैं। अनुच्छेद 14 समानता की गारंटी देता है। अनुच्छेद 21 गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार को संरक्षित करता है। अनुच्छेद 38 राज्य को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय स्थापित करने का निर्देश देता है। अनुच्छेद 41 विशेष रूप से वृद्धावस्था, बेरोजगारी और विकलांगता की स्थिति में सार्वजनिक सहायता प्रदान करने की बात करता है। अनुच्छेद 46 समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा पर बल देता है। इन संवैधानिक प्रावधानों का समेकित अर्थ यह है कि वृद्धजनों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना राज्य का नैतिक ही नहीं, विधिक दायित्व भी है। वर्तमान परिदृश्य में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, भरण-पोषण अधिनियम, वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र, रेल एवं हवाई यात्रा में रियायतें, हेल्पलाइन सेवाएँ आदि संचालित हैं। किंतु इन योजनाओं का संचालन विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के अधीन बिखरा हुआ है। समन्वय की कमी, संसाधनों की सीमितता और निगरानी तंत्र की शिथिलता के कारण इनका प्रभाव अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुँचता। एक राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक आयोग इन योजनाओं को समेकित दृष्टि प्रदान कर सकता है। आर्थिक सुरक्षा वृद्धावस्था की गरिमा का आधार है। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत करोड़ों श्रमिकों के पास सेवानिवृत्ति के बाद नियमित आय का स्रोत नहीं होता। सामाजिक मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि आर्थिक निर्भरता वृद्धावस्था में आत्मसम्मान को गहराई से प्रभावित करती है। आय का स्थायी स्रोत न होने पर व्यक्ति स्वयं को परिवार पर बोझ समझने लगता है, जिससे अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव की भावना उत्पन्न होती है। राष्ट्रीय आयोग न्यूनतम पेंशन मानक निर्धारित करने, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के मूल्यांकन की व्यवस्था कर सकता है। स्वास्थ्य सुरक्षा वृद्धजनों के लिए जीवनरेखा के समान है। दीर्घकालिक रोग, हृदय समस्याएँ, मधुमेह, गठिया, दृष्टि और श्रवण संबंधी कठिनाइयाँ वृद्धावस्था में सामान्य हो जाती हैं। मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययन बताते हैं कि अकेलापन और सामाजिक उपेक्षा वृद्धजनों में अवसाद और संज्ञानात्मक क्षरण को बढ़ाते हैं। भारत में जेरियाट्रिक विशेषज्ञों की संख्या सीमित है। जिला अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में वृद्धजन अनुकूल सुविधाओं का अभाव है। आयोग जिला स्तर पर जेरियाट्रिक वार्ड, मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र और सस्ती बीमा योजनाओं के विस्तार का खाका तैयार कर सकता है। सामाजिक संरचना में परिवर्तन ने वृद्धजन उत्पीड़न की घटनाओं को भी जन्म दिया है। संपत्ति विवाद, आर्थिक शोषण, भावनात्मक उपेक्षा और कभी-कभी शारीरिक हिंसा भी सामने आती है। भरण-पोषण संबंधी कानून मौजूद हैं, परंतु उनका क्रियान्वयन प्रभावी नहीं है। आयोग त्वरित शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, कानूनी सहायता केंद्र और पुलिस-प्रशासन के लिए संवेदनशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित कर सकता है। डिजिटल युग में एक नई चुनौती सामने आई है—डिजिटल बहिष्करण। बैंकिंग, पेंशन वितरण, स्वास्थ्य परामर्श और सरकारी सेवाएँ ऑनलाइन हो रही हैं। अनेक वरिष्ठ नागरिक डिजिटल उपकरणों के प्रयोग में असहज हैं। साइबर ठगी विशेष रूप से वृद्धजनों को निशाना बनाती है। सामाजिक-मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि तकनीकी असुरक्षा आत्मविश्वास को कम करती है और सामाजिक भागीदारी को सीमित करती है। आयोग डिजिटल साक्षरता अभियान, सरल इंटरफेस आधारित सेवाएँ और साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम को प्राथमिकता दे सकता है। महिला वरिष्ठ नागरिकों की स्थिति और भी संवेदनशील है। विधवा पेंशन की अपर्याप्तता, संपत्ति अधिकारों में जटिलता और आर्थिक निर्भरता उन्हें दोहरी उपेक्षा का सामना कराती है। लैंगिक दृष्टिकोण से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि वृद्ध महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर अधिक चुनौतियाँ झेलनी पड़ती हैं। आयोग महिला वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुरक्षा प्रावधानों और योजनाओं की अनुशंसा कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय अनुभवों से भी शिक्षा ली जा सकती है। जापान ने दीर्घकालिक देखभाल बीमा प्रणाली विकसित की है। जर्मनी और फ्रांस में सामाजिक सुरक्षा तंत्र सुदृढ़ है। इन देशों ने वृद्धावस्था को नीति-निर्माण का केंद्रीय विषय बनाया है। भारत अपनी सांस्कृतिक परंपरा और आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप ऐसा मॉडल विकसित कर सकता है जहाँ परिवार, समुदाय और राज्य की साझा जिम्मेदारी हो। सक्रिय वृद्धावस्था की अवधारणा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सामाजिक मनोविज्ञान में यह स्थापित तथ्य है कि उद्देश्यपूर्ण जीवन और सामाजिक सहभागिता मानसिक संतुलन बनाए रखते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक, चिकित्सक, अभियंता, बैंक अधिकारी और प्रशासक अपने अनुभव का उपयोग समाज के हित में कर सकते हैं। आयोग ज्ञान-साझाकरण मंच, मेंटरशिप कार्यक्रम, परामर्श परिषद और स्वैच्छिक सेवा नेटवर्क विकसित कर सकता है। इससे वरिष्ठ नागरिक स्वयं को उपयोगी और सम्मानित अनुभव करेंगे। संरचनात्मक दृष्टि से आयोग को अनुसंधान प्रकोष्ठ, डेटा विश्लेषण इकाई और राज्य स्तरीय आयोगों के साथ समन्वित तंत्र से सुसज्जित किया जाना चाहिए। वार्षिक रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की जाए और अनुशंसाओं पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पर्याप्त वित्तीय संसाधन और प्रशासनिक अधिकार अनिवार्य हैं। 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य तभी सार्थक होगा जब विकास समावेशी हो। वृद्धजनों की सुरक्षा, सम्मान और सहभागिता सुनिश्चित किए बिना विकास अधूरा रहेगा। विकास का वास्तविक अर्थ केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा की स्थापना है। राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक आयोग की स्थापना केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व की पूर्ति और सामाजिक चेतना का प्रतीक होगी। यह पहल भारत को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगी जो आर्थिक प्रगति के साथ मानवीय मूल्यों को समान महत्व देता है। वृद्धावस्था प्रत्येक नागरिक का संभावित भविष्य है; अतः वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जब भारत स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर होगा, तब उसकी पहचान केवल आर्थिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि इस बात से भी होगी कि उसने अपने वरिष्ठ नागरिकों को कितनी सुरक्षा, गरिमा और सम्मान प्रदान किया। राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक आयोग उसी दिशा में एक दूरदर्शी, न्यायसंगत और ऐतिहासिक पहल सिद्ध हो सकता है।

**लेखक परिचयः सेवानिवृत्त वरिष्ठ बैंक अधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता बीएमएस समसामयिक विषयों पर स्वतंत्र शोध लेखक समीक्षक विचारक सामाजिक चिंतक।**

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निकाय चुनाव में वार्ड नंबर 11 के प्रत्याशी रंजीत प्रसाद साह उर्फ डोमा साह ने चलाया जनसंपर्क अभियान, मतदाताओं से लिया आशीर्वाद



**साहिबगंज।** नगर निकाय चुनाव की घोषणा होने के साथ ही नगर परिषद साहिबगंज से वार्ड नंबर 11 से पार्षद पद के प्रत्याशी रंजीत प्रसाद साह उर्फ डोमा साह ने गुरुवार को वार्ड क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाते हुए सभी मतदाताओं से आशीर्वाद लिया। जहां इस मौके पर उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ वार्ड क्षेत्र के लोगों को दिलाने का भरोसा दिया। वही उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 11 का अधिकांश हिस्सा बाढ़ ग्रसित क्षेत्र है जहां गंगा नदी में जलस्तर बढ़ने से हरिपुर, निचला टोला समेत अन्य इलाका बाढ़ के पानी से पूरी तरह से डूब जाता है जिसके कारण यहां निवास करने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ अधिकांश परिवार के लोगों के घरों तक समय से नहीं पहुंच पाता है जिसके कारण कई परिवारों को भूखे पेट कई दिनों तक रहना पड़ता है। जहां वे अपने स्तर से वार्ड पार्षद के पद पर नहीं रहते हुए भी बाढ़ग्रस्त इलाकों में रहने वाले लोगों की सेवा पिछले कई सालों से लगातार करते आ रहे हैं। वही इस बार के नगर निकाय चुनाव में वार्ड नंबर 11 की देवतुल्य जनता अपना प्यार, आशीर्वाद व स्नेह उसे देते हैं तो वे सड़कों, नालों की सफाई, बिजली पोल पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था, पीने योग्य पानी समेत अन्य जनसमस्याओं का समाधान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगें। वही वार्ड नंबर 11 से पार्षद पद के प्रबल दावेदार रंजीत प्रसाद साह उर्फ डोमा साह को वार्ड क्षेत्र की जनता का अपार सहयोग व प्यार देखने को मिल रहा है जहां अब देखना दिलचस्प होगा कि आगामी 23 फरवरी 26 को होने वाले मतदान में वार्ड नंबर 11 की देवतुल्य जनता किसको पार्षद पद का ताज पहनाती है जिसका परिणाम 27 फरवरी 26 को आएगा। उधर नगर निकाय चुनाव में वार्ड नंबर 11 से पार्षद पद पर चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशी अपने अपने पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों से लगातार अपील कर रहे हैं।

## किसानों के दल को पांच दिवसीय प्रशिक्षण



**साहिबगंज।** किसानों को धान की उन्नत खेती तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विभाग आत्मा के तहत अप्रैल मे 25 प्रगतिशील किसानों के दल को पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए सेंट्रल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट,कटक भेजा जा रहा है।जिसकी जानकारी जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने दी।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को धान उत्पादन की आधुनिक एवं वैज्ञानिक विधियों,उन्नत बीज चयन,रोग एवं कीट प्रबंधन,जल प्रबंधन तथा अधिक उपज देने वाली तकनीकों से अवगत कराना है।जिले के सभी प्रखंडों से दो-दो शिक्षित एवं प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है,ताकि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने गांवों में नई तकनीकों का प्रसार कर सकें।श्री एक्का ने कहा कि वहाँ से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद किसान स्थानीय स्तर पर अन्य किसानों को भी जागरूक करेंगे,जिससे जिले में धान उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि होगी।कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस पहल से किसानों की लागत घटेगी,उपज बढ़ेगी और आय में सुधार होगा।आत्मा योजना के तहत आयोजित यह प्रशिक्षण किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला साबित होगा।उन्होंने यह भी बताया कि यह प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क होगा।किसानों के आने-जाने,भोजन और आवास की समुचित व्यवस्था विभाग की ओर से की जाएगी।

### पाकुड़ में अवैध नॉन-बैंकिंग कंपनियों पर कड़ा पहराः बिना RBI लाइसेंस के लोन बांटा तो खैर नहीं, वसूली के नाम पर उत्पीड़न पर होगी जेल

» पाकुड़ में नियमों की धज्जी उड़ाने वाली नॉन-बैंकिंग कंपनियों की खैर नहीं; एसपी निधि द्विवेदी ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी



**पाकुड़।** जिले के गली-मोहल्लों में चोरी-छिपे पांव पसार रही अवैध नॉन-बैंकिंग (NBFC) और माइक्रो-लोन कंपनियों पर अब प्रशासन का डंडा चलने वाला है। जिला पुलिस कप्तान (एसपी) निधि द्विवेदी ने साफ कर दिया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) के मापदंडों की अनदेखी करने वाली और अवैध तरीके से लोन की वसूली करने वाली कंपनियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**गली-मोहल्लों में चल रहा 'अवैध खेल'**

सूचना के अनुसार, शहर और ग्रामीण इलाकों के विभिन्न मोहल्लों में कई ऐसी कंपनियां सक्रिय हैं जो बिना किसी कानूनी पात्रता और दस्तावेजों की जांच किए लोगों को आसानी से लोन का झांसा दे रही हैं। ये कंपनियां न तो आरबीआई के साथ पंजीकृत हैं और न ही इनके पास वित्तीय लेनदेन का कोई वैध अधिकार है। भोले-भाले लोगों को लोन देने के बाद, ये कंपनियां मनमाना ब्याज वसूल रही हैं और किस्त की अदायगी न होने पर अवैध तरीकों से दबाव बना रही हैं।

**एसपी की दोटूकः नियमों का उल्लंघन पड़ा तो होगी कार्रवाई**

एसपी निधि द्विवेदी ने सख्त लहजे में कहा कि जो भी संस्थान बिना आरबीआई के मापदंडों का पालन किए वित्तीय कार्य कर रहे हैं, उन पर पुलिस की विशेष टीम नजर रख रही है। उन्होंने स्पष्ट कियाः

**पात्रता जांच अनिवार्यः** बिना पात्रता जांचे और नियमों के विरुद्ध लोन देना गैरकानूनी है।

**अवैध वसूली पर रोकः** लोन वसूली के नाम पर ग्राहकों को मानसिक या शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने वाली कंपनियों पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

**दस्तावेजों की जांचः** जिला प्रशासन ऐसी कंपनियों के लाइसेंस और दस्तावेजों की जांच के लिए अभियान चलाएगा।

**आम जनता से अपीलः** प्रलोभन में न आएं

पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी ऐसी कंपनी के झांसे में न आएं जो बिना वैध दस्तावेजों के तुरंत लोन देने का वादा करती हो। यदि कोई कंपनी या एजेंट लोन वसूली के लिए डराता या धमकाता है, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाने में दें।

**सावधान रहेंः** किसी भी संस्था से लेनदेन करने से पहले उसका आरबीआई रजिस्ट्रेशन नंबर और कार्यालय का पता अवश्य जांच लें।

# रांची को सुरक्षित व विकसित बनाने का संकल्पः रोशनी खलखो — आदित्य साहू

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने रविवार को रांची के गंगा नगर, हरमू में भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी रोशनी खलखो के समर्थन में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्हें जुझारू एवं संघर्षशील नेता बताया। उन्होंने कहा कि रोशनी खलखो महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित हैं और रांची नगर निगम के प्रत्येक घर को "रोशन" करने का लक्ष्य लेकर चुनाव मैदान में उतरी हैं। श्री साहू ने कहा कि राजधानी रांची में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा खतरे में है और अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसके कारण महिलाएं शाम के बाद घर से निकलने में असुरक्षित महसूस करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले वर्षों में राज्य से अनेक बच्चे लापता हुए हैं, जिनमें से कुछ को जनदबाव के बाद बरामद किया गया, लेकिन अभी भी कई बच्चों का पता नहीं चल पाया है। उनके अनुसार गांव और शहर दोनों क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था प्रभावित हुई है तथा व्यापारियों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को धमकियां मिल रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा महिलाओं, दलितों और वंचित वर्गों के हित में कार्य किया है तथा महिलाओं को आरक्षण और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि जो उम्मीदवार सम्मान, सुरक्षा और विकास का भरोसा देता हो, उसे समर्थन दें। श्री साहू ने विश्वास व्यक्त किया कि रोशनी खलखो जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरेंगी और शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वरुण साहू ने भी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि भाजपा समर्थित प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर शहर के विकास का मार्ग प्रशस्त करें। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

## भागो मोबिलिटी ने लांच किया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** भागो मोबिलिटी ने भारत में तेजी से बढ़ती शहरी मोबिलिटी आवश्यकताओं को सक्षम बनाने के लिए एक व्यापक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के साथ साझेदारी में और होंडा पावर पैक एनर्जी इंडिया के बैटरी-स्वैपिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के सहयोग से, कंपनी दिल्ली और बेंगलुरु में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की तैनाती करेगी, जिसके बाद अगले तीन वर्षों में इसे पैन-इंडिया स्तर पर विस्तार दिया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म डिलीवरी पार्टनर्स, राइड-हेलिंग ड्राइवर्स और लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स वर्कर्स के लिए तैयार किया गया है। सिंगल सब्सक्रिप्शन मॉडल के तहत ईवी, बैटरी-स्वैपिंग, टेक्नोलॉजी सपोर्ट और कंप्लायंस जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। पहल का उद्देश्य शहरी मोबिलिटी वर्कर्स को कम लागत में ईवी तक पहुंच उपलब्ध कराना और उनकी आय क्षमता बढ़ाना है। कंपनी के अनुसार, इस मॉडल से जुड़ने वाले प्रतिभागी अपनी वर्तमान आय से 20प्रतिशत तक अधिक कमा सकेंगे। भागो मोबिलिटी का टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म ऑपरेशंस मैनेजमेंट, बैकग्राउंड वेरिफिकेशन और रियल-टाइम परफॉर्मेंस एनालिटिक्स जैसी सुविधाएँ प्रदान करेगा, जिससे वर्कर्स की उत्पादकता और अपटाइम बेहतर होगा। कंपनी ने महिला वर्कफोर्स की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण और सपोर्ट सिस्टम भी शुरू करने की घोषणा की है। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए मुत्सुओ उसुई, निदेशक, सेल्स एवं मार्केटिंग, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहा, भागो मोबिलिटी के साथ हमारी यह साझेदारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहाँ होंडा की विश्वसनीय गुणवत्ता और नवाचार को एक मज़बूत, तकनीक-आधारित बैटरी-स्वैपिंग इकोसिस्टम के साथ जोड़ा गया है। इस अवसर पर भागो मोबिलिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य गोयल ने कहा, "शहरी मोबिलिटी की चुनौतियों का समाधान किसी एक कंपनी या एक उत्पाद से संभव नहीं है।

### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता अभियानों की शुरुआत की

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने देशभर में रोड सेफ्टी को लेकर कई जागरूकता-केंद्रित पहलें आयोजित कीं। इन गतिविधियों के लिए कंपनी ने अपने डीलर नेटवर्क और स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर सुरक्षित सड़क व्यवहार और ट्रैफिक नियमों की बेहतर समझ को बढ़ावा दिया। पूरे महीने के दौरान, देश के विभिन्न शहरों में सड़क सुरक्षा से जुड़ी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें 30,000 से अधिक लोगों की भागीदारी रही। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अपनी पहलों के हिस्से के रूप में, एचएमएसआई ने जयपुर आइडियल रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट भी लॉन्च किया, जो सुरक्षित और जिम्मेदार मोबिलिटी की दिशा में कंपनी के फोकस को दर्शाता है। इस पहल का फोकस जागरूकता और ट्रेनिंग, बेहतर सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर, चिन्हित ज़ोन्स में सख्त अनुपालन और क्रिटिकल लोकेशंस के विश्लेषण पर है। फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स की बेहतर तैयारी के जरिए यह पहल दुर्घटनाओं को कम करने और जीवन बचाने का लक्ष्य रखती है, साथ ही एक अधिक जिम्मेदार, तैयार और सेफ्टी-कोंशियस समुदाय का निर्माण करती है, जो देशभर के शहरों के लिए एक मॉडल बन सकता है। रोड सेफ्टी रैली, समिट, हेलमेट वितरण, मासिक सड़क सुरक्षा अभियान और अन्य एंगेजमेंट गतिविधियों सहित सभी जागरूकता कार्यक्रमों का फोकस ट्रैफिक नियमों, राइडर की जिम्मेदारी और प्रोटेक्टिव राइडिंग प्रैक्टिसेज़ की अहमियत को लेकर प्रैक्टिकल लर्निंग पर रहा।

### लातेहार में नगर अध्यक्ष प्रत्याशी के पति पर कार्रवाई की मांग, भाजपा प्रतिनिधिमंडल आयोग पहुँचा

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची/लातेहार।** भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में राज्य निर्वाचन आयोग पहुँचकर लातेहार नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी बिलासी देवी के पति निलेश टोप्पो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि निलेश टोप्पो, जो समाहरणालय लातेहार के सिक्योरिटी सेल में पदस्थापित हैं, खुलेआम अपनी पत्नी के चुनाव प्रचार में शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि एक सरकारी कर्मचारी द्वारा चुनाव प्रचार में सक्रिय भागीदारी आचार संहिता का उल्लंघन है तथा इससे चुनाव प्रभावित हो सकता है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि इस संबंध में 12 फरवरी को भी आयोग को शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी पद और संसाधनों का उपयोग कर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से मांग की कि मामले की जांच कर तत्काल निलेश टोप्पो के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, ताकि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो

## मनरेगा के तहत एक दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**साहिबगंज।** प्रखंड सभागार साहेबगंज में मनरेगा के तहत एक दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रशिक्षण में आये सभी ग्राम रोजगार सेवक, बागवानी सखी को बागवानी योजना के क्रियान्वयन में निगरानी हेतु आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया।प्रशिक्षक के रूप में बीपीओ शंकर कुमार,सहायक अभियंता राजीव कुमार,कनीय अभियंता नेहा कुमारी,जेएसएलपीएस बीपीएम,बीपीओ ने सभी को बागवानी योजना से संबंधित बागवानी सखी ऐप के माध्यम से योजना की गुणवत्ता और क्रियान्वयन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया।इस क्रम में नए किसान का चयन,योजना के चयन पूर्व की गतिविधि,गड्ढा खुदाई के समय,पौधा रोपाई के समय और पौधा रोपाई के बाद की विभिन्न बिंदु पर चर्चा की।बागवानी सखी द्वारा सभी योजना का भौतिक रूप से स्थल जांच कर ऐप के माध्यम से डेटा अपलोड करना है। इससे बागवानी योजना की उत्तरजीविता पर सकारात्मक प्रभाव होगा।इस दौरान प्रखंड मनरेगा एवं अन्य उपस्थित थे।

## लिट्टीपाड़ाः जल स्रोतों का सटीक डेटा तैयार करने के लिए लघु सिंचाई गणना शुरू, भविष्य की योजनाओं को मिलेगी धार

नई सोच एक्सप्रेस



**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)।** लिट्टीपाड़ा प्रखंड के काठालपाड़ा गांव में गुरुवार को जल संसाधनों के उचित प्रबंधन और कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए लघु सिंचाई गणना का आधिकारिक शुभारंभ किया गया। कार्यपालक अभियंता प्रेम हांसदा के नेतृत्व में शुरू किए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के सभी जल स्रोतों का एक डिजिटल और सटीक डेटाबेस तैयार करना है।

**मोबाइल ऐप पर अपलोड होगी हर जानकारी**

मौके पर मौजूद लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता ऋषभ कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत इस बार गणना का कार्य पूरी तरह डिजिटल है। क्षेत्र में स्थित सभी चेक डैम, तालाब और डोभा का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इन जल संरचनाओं की स्थिति, क्षमता और उपयोगिता से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी को विशेष रूप से तैयार किए गए मोबाइल ऐप पर रियल-टाइम अपलोड किया जा रहा है।

**प्रगणकों को दी गई बारीकियों की जानकारी**

डाटा संग्रहण में कोई मानवीय त्रुटि न हो, इसके लिए विभागीय अधिकारियों ने मौके पर प्रगणकों (Enumerators) को ऐप के संचालन और तकनीकी बारीकियों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार जीपीएस लोकेशन के साथ जल स्रोतों की फोटो और अन्य विवरण दर्ज करने हैं।

**भविष्य की सिंचाई योजनाओं में मिलेगी मदद**

गणना कार्य के निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) संजय कुमार और सहायक अभियंता जमील अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि इस गणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य में जिले और प्रखंड स्तर पर सिंचाई की नई योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि किन क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता कम है और कहाँ नई संरचनाओं की आवश्यकता है। इस पहल से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर निर्णय लिए जा सकेंगे।

» लिट्टीपाड़ा के काठालपाड़ा से लघु सिंचाई गणना का आगाज; मोबाइल ऐप पर दर्ज होगी चेक डैम, तालाब और डोभा की कुंडली

## नगर निकाय चुनावः पाकुड़ में सुरक्षा के कड़े पहरे, चेक पोस्टों पर डिक्की और बैग की हो रही सघन तलाशी

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।** आगामी नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता के अनुपालन और अवैध सामग्री के परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के विभिन्न चेक पोस्टों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।

**गोकुलपुर जांच पोस्ट पर रही पैनी नजर**

गुरुवार को गोकुलपुर स्थित जांच पोस्ट पर स्टैटिक सर्विलांस टीम (SST) और फ्लाइंग स्क्वाड टीम (FST) ने मोर्चा संभाला। टीम ने वहां से गुजरने वाले दर्जनों छोटे-बड़े वाहनों को रोककर उनकी गहन तलाशी ली। अधिकारियों ने वाहनों की डिक्की से लेकर उनमें रखे छोटे-छोटे बैग और सामानों की भी बारीकी से जांच की। राहत की बात यह रही कि जांच के दौरान किसी भी वाहन से कोई आपत्तिजनक सामान, अवैध नकदी या नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ।

**शांतिपूर्ण चुनाव के लिए प्रशासन कटिबद्ध**

जांच अभियान का नेतृत्व कर रहे दंडाधिकारी राजेश कुमार साहा ने बताया कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकना है। उन्होंने कहाः "नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हम पूरी तरह कटिबद्ध हैं। एफएसटी और एसएसटी की टीमें 24 घंटे सक्रिय हैं ताकि चुनाव को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर लगाम लगाई जा सके।"

**सड़क पर मुस्तैद रही टीमें**

अभियान के दौरान गोकुलपुर बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं, लेकिन सुरक्षा और पारदर्शिता को देखते हुए आम लोगों ने भी जांच में सहयोग किया। मौके पर एफएसटी टीम से आरिफ अंसारी समेत पुलिस के जवान और अन्य विभागीय कर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में जांच की यह प्रक्रिया और भी तेज की जाएगी। संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि लोकतंत्र का यह पर्व पूरी सुचिता के साथ संपन्न हो सके।

» नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट; गोकुलपुर बॉर्डर पर FST और SST ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

## नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट; गोकुलपुर बॉर्डर पर FST और SST ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

नई सोच एक्सप्रेस



**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)।** नीति आयोग के 'सम्पूर्णता अभियान' के तहत निर्धारित सूचकांकों को प्राप्त करने की दिशा में गुरुवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड के हेटबंधा गाँव में एक विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पशुओं में होने वाले घातक और संक्रामक 'खुरपका-मुंहपका' (FMD) रोग की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया गया।

**संक्रामक रोगों से बचाव ही बेहतर आय का साधनः बीडीओ**

शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने पशुपालकों को जागरूक करते हुए कहा कि खुरपका-मुंहपका जैसे रोग न केवल पशुओं को शारीरिक रूप से कमजोर करते हैं, बल्कि इससे दुग्ध उत्पादन में भी भारी गिरावट आती है। इसका सीधा असर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालकों की आय पर पड़ता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने मवेशियों का नियमित टीकाकरण अवश्य कराएं।

**विशेषज्ञों ने दिए बचाव के टिप्स**

प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार और भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार सुमन ने पशुपालकों को रोग के लक्षणों की पहचान करना सिखाया। उन्होंने बताया कि पशुओं के मुंह से लार टपकना, पैरों में छाले और तेज बुखार इसके प्रमुख लक्षण हैं। टीकाकरण के साथ-साथ पशुओं के बाड़े की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई।

**मुफ्त दवाओं और विटामिन का वितरण**

शिविर में केवल टीकाकरण ही नहीं किया गया, बल्कि पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिएः

**कृमिनाशक दवाएं** (Deworming Medicines): पेट के कीड़ों को खत्म करने के लिए वितरित की गईं।

**मल्टीविटामिनः** पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए दवाएं दी गईं।

इस अभियान को सफल बनाने में टीकाकर्मियों की पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने गाय, बैल और भैंसों को लेकर शिविर में पहुंचे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नीति आयोग के इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुधन को सुरक्षित कर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

» नीति आयोग के 'संपूर्णता अभियान' के तहत हेटबंधा में पशु चिकित्सा शिविर; खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए हुआ टीकाकरण

### नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



नई सोच एक्सप्रेस

**साहिबगंज।** आगामी नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज की अध्यक्षता में नगर परिषद साहिबगंज अंतर्गत सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा विधि-व्यवस्था संधारण, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, संवेदनशील स्थलों की पहचान, सुरक्षा व्यवस्था, फ्लाइंग स्क्वॉड एवं स्टैटिक सर्विलांस टीम की सक्रियता सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सतर्कता एवं जवाबदेही के साथ दायित्व निर्वहन करने का निर्देश दिया, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न हो सके।जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करें

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय इटखोरी महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ, मंत्रियों ने किया उद्घाटन



**चतरा, इटखोरी।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2026 का शुभारंभ आज भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में झारखंड सरकार के माननीय मंत्री, वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद कालीचरण सिंह, चतरा के माननीय विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया के माननीय विधायक उज्ज्वल कुमार दास, जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी समेत कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा इटखोरी की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को समर्पित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं एवं आमजनों की सुविधा हेतु मां भद्रकाली मंदिर के लिए विकसित आधिकारिक वेबसाइट का भी लोकार्पण किया गया। उद्घाटन के उपरांत सभी अतिथियों ने मां भद्रकाली मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की एवं राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजकीय इटखोरी महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सभी विभागों एवं आमजन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।महोत्सव के प्रथम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पारंपरिक लोकनृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। आगामी दो दिनों तक विविध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटन आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे इटखोरी की पहचान और अधिक सशक्त होगी।

### मासूमों के हौसले के आगे फीकी पड़ी तपिश: पाकुड़ में 4 से 8 साल के बच्चों ने रखा पहला रोजा

» पाकुड़ में दिखा नन्हे रोजेदारों का जज्बा; मन्नत, फरीशा, आसिया और आजमीन ने रखा अपनी जिंदगी का पहला रोजा



**पाकुड़।** मुसलमानों के पवित्र माह 'रमजान-उल-मुबारक' का आगाज गुरुवार को अहले सुबह सेहरी के साथ हुआ। खुदा की इबादत के इस महीने को लेकर जहाँ बड़ों में खासा उत्साह है, वहीं पाकुड़ के नन्हे बच्चों में भी गजब का जोश और जुनून देखने को मिल रहा है। चिलचिलाती धूप और भूख-प्यास की परवाह किए बिना शहर के विभिन्न मोहल्लों के मासूम बच्चों ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की।

**मंसूरी टोला की मन्नत और फरीशा ने पेश की मिसाल:**हरिनदंगा बाजार स्थित मंसूरी टोला निवासी जहांगीर अंसारी की दो छोटी बेटियों ने एक साथ रोजा रखकर सबको हैरान कर दिया। 7 वर्षीय मन्नत परवीन और उनकी महज 4 साल 6 माह की छोटी बहन फरीशा खातून ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा। इतनी कम उम्र में दीन के प्रति ऐसी लगन देख परिवार और मोहल्ले के लोग काफी प्रभावित हैं।

**आसिया और आजमीन के जोश ने जीता दिल:**इसी तरह मंसूरी टोला के ही रिजवान अंसारी की 8 वर्षीय पुत्री आसिया खातून ने भी अपना पहला रोजा मुकम्मल किया। वहीं, नयाटोला निवासी यूसुफ अंसारी की 6 वर्षीय बेटी आजमीन प्रवीण ने भी पहली बार रोजा रखकर इबादत में वक्त गुजारा। शाम को सूरज ढलने के बाद इन नन्हे रोजेदारों ने पूरे अकीदत के साथ इफ्तार किया।

**गर्व महसूस कर रहे हैं परिजन:**अपने बच्चों के इस जज्बे को देखकर माता-पिता और परिजन बेहद खुश हैं। परिजनों का कहना है कि बच्चों ने खुद रोजा रखने की जिद की थी। उन्होंने बताया, "हमें गर्व है कि हमारे बच्चे बचपन से ही मजहबी अरकानों और सब्र के महत्व को समझ रहे हैं। अल्लाह इन बच्चों को नेक राह पर चलने की तौफीक दे।"

### डालसा का विशेष विधिक जागरूकताअभियान,मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में

» ग्रामीणों को कानूनी अधिकार व मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी, डालसा ने चलाया जागरूकता



**साहिबगंज।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साहेबगंज श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आमजन को उनके कानूनी अधिकारों, मुआवजा प्राप्ति की प्रक्रिया तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। डालसा टीम ने बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति में पीड़ित व्यक्तियों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया एवं संबंधित विभागों से संपर्क की विधि भी समझाई गई।कार्यक्रम में बैनर के माध्यम से टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार का कार्यालय के संपर्क नंबर 9471521725 की जानकारी दी गई, ताकि जरूरतमंद लोग सीधे संपर्क कर सकें। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या, दुर्घटना या विवाद की स्थिति में निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ अवश्य लें।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना तथा विधिक जागरूकता के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाना रहा।डालसा ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि आमजन अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर न्यायिक सहायता का लाभ उठा सकें।

# जिले के स्कूलों में 20 फरवरी को सजेगी उत्सव की महफ़िल: बिना बैग आएंगे बच्चे, परोसे जाएंगे विशेष पकवान

## उपायुक्त मनीष कुमार ने की समीक्षा बैठक; 20 फरवरी को मनेगा 'तिथि भोज' और 'बैगलेस डे', फाइलेरिया मुक्ति पर भी जोर

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊर्जा देने और बच्चों के बीच सामाजिक समरसता बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की है। आगामी 20 फरवरी को जिले के सभी विद्यालयों में 'तिथि भोज सह जन्मोत्सव' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रधानाध्यापकों, बीपीओ, बीआरपी और सीआरपी के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।



**'बैगलेस डे' के साथ दिखेगी बच्चों की रचनात्मकता:**उपायुक्त ने बताया कि 20 फरवरी का दिन बच्चों के लिए खास होगा क्योंकि इस दिन 'बैगलेस डे' मनाया जाएगा। बच्चे बिना बस्ते के स्कूल आएंगे और किताबों के बोझ से दूर विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। उत्सव के दौरान स्कूलों में सामूहिक रूप से केक काटा जाएगा।

**मेनू में होंगे खास पकवान:**बच्चों के उत्साह को दोगुना करने के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई है। इस 'तिथि भोज' में बच्चों को पूरी-सब्जी, खीर, रसगुल्ला, सलाद और पापड़ जैसे स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएंगे। उपायुक्त के अनुसार, इस तरह के आयोजनों से बच्चों को सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सीखने का अवसर मिलता है। मनोरंजन और शिक्षा के संगम के रूप में बच्चों को प्रेरणादायक फिल्में भी दिखाई जाएंगी।

**फाइलेरिया मुक्त जिले का संकल्प: 'कोई भी दवा से न छूटे':**समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता के लिए कड़े निर्देश जारी किए।

**समन्वय पर जोर:** जनप्रतिनिधि, शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका और स्वास्थ्य कर्मियों को आपसी तालमेल के साथ काम करने को कहा गया है।

**सुरक्षित है दवा:** उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि फाइलेरिया की दवा पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने अपील की कि जिन लोगों ने अब तक दवा नहीं ली है, उन्हें प्रेरित कर दवा का सेवन सुनिश्चित कराया जाए।

**जागरूकता अभियान:** शिक्षकों और विभागीय कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे अभिभावकों और आमजन के बीच जाकर इस गंभीर बीमारी के खतरों और बचाव के प्रति जागरूकता फैलाएं।

# पत्थर और कोयले से रेलवे की तिजोरी भरने वाला पाकुड़ खुद रेल सुविधाओं का मोहताज

नई सोच एक्सप्रेस

» रेलवे को रोजाना करोड़ों का राजस्व, फिर भी सुविधाओं के लिए तरस रहा पाकुड़; चेंबर ऑफ कॉमर्स ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**पाकुड़।** झारखंड का सीमावर्ती जिला पाकुड़, जो अपनी खनिज संपदा और 'ब्लैक स्टोन' के लिए विश्व विख्यात है, आज अपनी बुनियादी रेल सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। पाकुड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जिले की बदहाल रेल व्यवस्था को लेकर सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। पत्र में इस बात पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया गया है कि देश की पहली मेट्रो (कोलकाता) की नींव में पाकुड़ का पत्थर लगा है, लेकिन यहाँ के लोग आज भी सीधी रेल सेवा के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर हैं।

**राजस्व में अव्वल, सुविधाओं में फिसड्डी:**प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि पाकुड़ से पत्थर उद्योग और कोयला खनन के जरिए रेलवे को वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 15 से 17 करोड़ रुपये का भारी-भरकम राजस्व प्राप्त हो रहा है। आगामी 30 वर्षों के लिए कोयला लीज होने से यह आय और बढ़ने की संभावना है। इतने बड़े योगदान के बावजूद, साहिबगंज लूप लाइन आज भी आजादी के पूर्व वाले ढर्रे पर ही संचालित हो रही है।

**शिक्षा, इलाज और व्यापार के लिए पलायन की मजबूरी:**पाकुड़ जिला आज भी उच्च शिक्षा, बेहतर इलाज और बड़े व्यापारिक कार्यों के लिए पूरी तरह से मालदा, रामपुरहाट, कोलकाता और पटना जैसे शहरों पर




आश्रित है। जिले में रेल संपर्क की कमी के कारण:

**छात्रों का पलायन:** उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने वाले विद्यार्थी सुविधाओं के अभाव में वापस नहीं लौट पा रहे।

**सीधी ट्रेन का अभाव:** दिल्ली, पंजाब और पटना जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए पाकुड़ से कोई सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है।

**निर्भरता:** यात्रियों को लंबी दूरी की ट्रेन पकड़ने के लिए बरहरवा, मालदा या वर्धमान तक का सफर तय करना पड़ता है।

**चेंबर ऑफ कॉमर्स की मांग:** आत्मनिर्भर बने पाकुड़ पाकुड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने स्पष्ट किया है कि वे विगत कई वर्षों से ट्वीट, ईमेल और पत्राचार के माध्यम से अपनी मांगें उठा रहे हैं। चेंबर का कहना है कि यदि पाकुड़ को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलती है, तो इसका सकारात्मक असर केवल जिले पर ही नहीं, बल्कि झारखंड, बंगाल और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों के व्यापार, स्वास्थ्य और रोजगार पर भी पड़ेगा। "प्रधानमंत्री से हमारा विनम्र निवेदन है कि जनहित और पाकुड़ के आर्थिक योगदान को देखते हुए रेल मंत्रालय को इस दिशा में ठोस निर्देश दें।" — सचिव , पाकुड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स

## सुदूरवर्ती और दियारा इलाकों में सर्वे कराकर छूटे हुए गांव में जल्द हो विद्युतीकरण कार्य

नई सोच एक्सप्रेस

» विधानसभा बजट सत्र के दौरान. राजमहल विधायक मो. ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सदन में उठाया मामला

**साहिबगंज।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती और दियारा क्षेत्र में ऊर्जा विभाग की ओर से त्वरित सर्वे कराकर विद्युतीकरण कराई जाने की मांग को तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधायक मो. ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सदन में उठाया है। उन्होंने सदन के माध्यम से विभाग को कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी उज्वला ज्योति योजना के तहत विद्युतीकरण कार्य किया जा रहा है, लेकिन क्षेत्र से प्राप्त सूचना के अनुसार कई गांव में अब तक विद्युतीकरण कार्य शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में लोग बांस बल्ला लगाकर बिजली की तार को संचालित किये हैं। विभाग इस पर त्वरित पहल करें और छुटे हुए गांव का सर्वे कराकर जल्द विद्युत पोल लगाते हुए विद्युतीकरण कार्य करना सुनिश्चित करें। ऊर्जा विभाग ने विधायक के प्रश्न को संज्ञान में लेकर उत्तर देते हुए कहा है कि राजमहल



विधानसभा के कुल 24 ग्राम और 16 टोला में विद्युतीकरण कार्य हुआ है और 8 टोला में कार्य जारी है। 172 टोला ऐसे हैं जहां बांस बल्ली लगाकर विद्युतीकरण संचालित है वहां पीएससी पोल से बदलने का कार्य जारी है। छूटे हुए गांव का भी सर्वे कराकर विद्युतीकरण कार्य किया जायेगा। गर्मी से पूर्व राजमहल विधायक द्वारा उठाये गये इस जनहित के पहल पर क्षेत्र के लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विधायक रोशन लाल चौधरी ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद से की मुलाकात



नई सोच एक्सप्रेस

**बड़कागांव।**विधानसभा बजट सत्र के दौरान बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद से विधान भवन में भेंट की। विधायक ने क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं पर विस्तृत चर्चा की और एक मांग-पत्र सौंपा। उन्होंने मंत्री से इन मुद्दों के शीघ्र एवं समयबद्ध समाधान की अपील की, ताकि बड़कागांव वासियों को जल्द राहत मिले और बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो।

**खास पहल:** जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल का जल

बड़कागांव एवं आसपास के 25-30 गांवों में 2026-2027 में प्रमुख जलापूर्ति योजना शुरू होगी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर नल कनेक्शन,पाइपलाइन, ट्रीटमेंट प्लांट और पुरानी व्यवस्थाओं की मरम्मत से जल संकट दूर होगा। विधायक श्री चौधरी ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है, ताकि योजना सफलतापूर्वक पूरी हो और कोई लाभ से वंचित न रहे। यह मुलाकात क्षेत्रीय विकास के लिए सकारात्मक कदम है।

# महेशपुर: बच्चों को डायबिटीज के खतरों से बचाएंगे शिक्षक, बीआरसी में आयोजित हुआ विशेष प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस

» महेशपुर में टाइप-1 डायबिटीज के खिलाफ शिक्षकों को मिली ट्रेनिंग; बच्चों की पहचान और रोकथाम के लिए ग्राम ज्योति की विशेष पहल

**महेशपुर(पाकुड़)।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) सभागार में गुरुवार को बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेनोरमा ग्लोबल के सौजन्य से ग्राम ज्योति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों को बच्चों में होने वाले 'टाइप-1 डायबिटीज' की पहचान और उसकी रोकथाम के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

**शिक्षक बनेंगे 'हेल्थ मॉनिटर':**प्रशिक्षण के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि बच्चे अपना अधिकांश समय स्कूलों में बिताते हैं, ऐसे में शिक्षक ही पहले व्यक्ति हो सकते हैं जो बच्चों में मधुमेह के शुरुआती लक्षणों को पहचान सकें। ग्राम ज्योति के सचिव पशुपति कुमार और निदेशक आभा ने बताया कि टाइप-1 डायबिटीज के प्रति ग्रामीण स्तर पर जागरूकता की भारी कमी है, जिसे शिक्षकों के माध्यम से दूर किया जा सकता है।

**डॉक्टर ने सिखाए पहचान के तरीके:**प्रखंड प्रोग्राम मैनेजर डॉ. ऋषि ने तकनीकी सत्र में शिक्षकों को मधुमेह के प्रकार और इसके चिकित्सकीय पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि:

बच्चों में अचानक वजन कम होना।

बार-बार प्यास लगना और थकान महसूस करना।

घाव भरने में देरी होना जैसे लक्षणों पर नजर रखना जरूरी है।

डॉ. ऋषि ने प्रारंभिक पहचान को ही सबसे बड़ा बचाव बताया और शिक्षकों को बताया कि स्कूल स्तर पर ऐसे बच्चों की देखभाल कैसे की जानी चाहिए।



**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति:**इस मौके पर बीपीओ होपना हांसदा, बीआरपी अब्दुश सलीम, अब्दुस समाद, सीआरपी सादिकुल आलम और गढ़बाड़ी उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एलीजावेथ मुर्मू ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में सरोज पांडेय, प्रखंड समन्वयक अनंत कुमार सिंह, रिजाउल अंसारी और दीपक मंडल सहित विभिन्न मध्य एवं उच्च विद्यालयों के लगभग 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

**मुख्य बिंदु जो शिक्षकों को बताए गए:**

बच्चों में शुगर लेवल बढ़ने पर तत्काल क्या कदम उठाएं।

खान-पान और शारीरिक गतिविधियों के प्रति बच्चों को प्रेरित करना।

अभिभावकों के साथ नियमित रूप से बच्चों के स्वास्थ्य पर चर्चा करना।

# पाकुड़ के पीएम श्री स्कूल राज्य में कायम कर रहे मिसाल: गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जोर

## संयुक्त सचिव चेतना नंद सिंह ने की पीएम श्री स्कूलों की समीक्षा; 'प्रोजेक्ट परख 3.0' का विमोचन और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।** समाहरणालय सभागार में पीएम श्री (PM SHRI) स्कूलों की प्रगति और जिले की शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सचिव सह पीएम श्री स्कूलों के केंद्रीय नोडल अधिकारी चेतना नंद सिंह ने की। इस दौरान जिले के शैक्षणिक सुधार, नवाचारों और खेल उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

**ड्रॉपआउट रोकना और बच्चों को स्कूल से जोड़ना प्राथमिकता:**बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त सचिव चेतना नंद



सिंह ने शिक्षकों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में बच्चा स्कूल से बाहर (ड्रॉपआउट) नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, "बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि जगाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।" उन्होंने शिक्षकों से सीधा संवाद कर उन्हें अभिभावकों के साथ समन्वय बनाने के लिए प्रेरित किया।

**राज्य के टॉप रैंक में शामिल हो रहे पाकुड़ के विद्यालय:**उपायुक्त मनीष कुमार ने जिले की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि शिक्षकों और प्रशासन के साझा प्रयासों से पाकुड़ के विद्यालय अब राज्य की रैंकिंग में शीर्ष स्थान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में न केवल शिक्षा, बल्कि पोषण और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी सुधार हुआ है। बैठक के दौरान 'प्रोजेक्ट परख 3.0' और 'ग्रीन ब्लेजर' का विमोचन किया गया, जो जिले के शैक्षणिक नवाचार का प्रतीक हैं।

**सम्मान और प्रोत्साहन की रही धूम**

**बैठक के दौरान शिक्षा और खेल जगत की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया गया:**

**सम्मान:** प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को उनके कुशल नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया।

**संसाधन वितरण:** बीपीओ (BPO) को लैपटॉप और रसोइया दीदियों को प्रेशर कुकर प्रदान किए गए

**खेल गौरव:** 19वीं झारखंड राज्य सीनियर पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाली पाकुड़ जिला टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

**पोषण और स्वास्थ्य पर भी रही नजर:**अधिकारियों ने स्कूलों में चलाए जा रहे पोषण कार्यक्रमों, जैसे 'तिथि भोज सह जन्मोत्सव', शुगर बोर्ड और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों की सराहना की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग के माध्यम से पीएम श्री स्कूलों को 'उत्कृष्टता के केंद्र' के रूप में विकसित किया जाएगा। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न प्रखंडों के बीआरपी और सीआरपी भी उपस्थित थे, जिन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा सचिव से मिले राजमहल विधायक-. ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा



**साहिबगंज/ राजमहल।** विधायक मो. ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने गुरुवार को रांची में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह से मिलकर रमजान महीने में मुस्लिम शिक्षकों को निर्धारित समय से एक घंटे पहले छुट्टी की व्यवस्था पर पहल करने का ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि पवित्र रमजान के महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं और इबादत करते हैं ऐसे में मुस्लिम शिक्षकों और कर्मचारियों को दैनिक कार्यों को पूरा करने में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए एक महीने तक झारखंड के सभी मुस्लिम शिक्षक एवं कर्मचारी के लिए विभाग की ओर से निर्धारित समय से एक घंटे पूर्व छुट्टी की व्यवस्था की जाये, ताकि शिक्षक और कर्मचारी अपने कार्यों के कर्तव्य के साथ-साथ धार्मिक कर्तव्यों का भी सुचारू पूर्वक निर्वहन कर सके।

### कटकमसांडी प्रखंड में सांसद मनीष जायसवाल की पहल, दर्जनों बहनों को लहंगा भेंट किया गया



**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर,आरभूषाई, बाझा, एदला, लखनू, डांटो खुर्द, रेवर,पबरा,रोमी, उत्तरी शिवपुरी,कंचनपुर, ओर खुटरा,में शादी के अवसर पर जरूरतमंद बहन-बेटियों के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक सराहनीय पहल देखने को मिली। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर दर्जनों बहनों को लहंगा भेंट किया गया। यह लहंगा सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा,सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद ,बीरेंद्र कुमार बीरू एवं मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव द्वारा अपने हाथों से बहन-बेटियों को लहंगा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बेटियां समाज की शान हैं और उनके विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर सहयोग करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की मदद करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।लहंगा प्राप्त करने वाली बहनों एवं उनके परिजनों ने सांसद और उनके प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को सराहनीय बताया। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्य की जमकर प्रशंसा की और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया। मौके पे सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा,सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार बीरू,प्रेम प्रसाद,मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव,महामंत्री अरविंद यादव,लेखराज यादव,मिथलेश सिंह, आदित्य दांगी,सोहर राणा,सरयू सिंह, दुर्जोय प्रसाद,एवं दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति हुआ घायल अस्पताल में भर्ती



**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा चानन गांव निवासी नित्यानंद मंडल (50) है. वे मजदूरी करके लौट रहा था. वही चानन पुल के पास बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगने से नित्यानंद मंडल घायल हो गया बरहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है|

### हंटरगंज में एसडीओ के आदेश को दिखाया गया ठेंगा

» विवादित भूमि पर नहीं रुका भवन निर्माण कार्य,

» दबंग पड़ोसी ने विवादित जमीन पर किया जबरन भवन निर्माण, स्थिति तनावपूर्ण



**हंटरगंज(चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र के दंतार गांव में चतरा अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा एक विवादित जमीन पर चल रहे भवन निर्माण कार्य को रोक लगाने के बावजूद भी खुलेआम आवेहलना की गई, तथाकथित दबंग के द्वारा जबरन भवन निर्माण किया गया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस प्रशासन भी इस दौरान मूकदर्शक बनी रही। पीड़ित दंतार निवासी जहांगीर अंसारी ने आरोप लगाया है कि मेरी जमीन पर जबरन भवन निर्माण किया जा रहा था। इसको लेकर मेरे द्वारा हंटरगंज सीओ व वशिष्ठ नगर जोरी को पूर्व में आवेदन दिया था। इसके वाबजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद पीड़ित ने एसडीओ को आवेदन देकर तत्काल कार्य पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। एसडीओ के द्वारा संज्ञान लेते हुए तत्काल भवन कार्य पर रोक लगाने और तत्काल उभय पक्षों को प्रशनगत भूमि पर यथा स्थिति बनाएं रखने हेतु और तत्काल वर्णित तथ्यों की जांच कर प्रतिवेदन को उपलब्ध करने का सीओ और थाना प्रभारी को निर्देश दिया था। लेकिन एसडीओ के आदेश की खुलेआम अवेहलना की गई। परिणाम स्वरूप विवादित भूमि पर भवन निर्माण कार्य किया गया। जानकारी के अनुसार मौजा दंतार के खाता संख्या 52 प्लॉट संख्या 283 रकबा 0.14 एकड़ भूमि पर पीड़ित जहांगीर अंसारी और मो हारून, एवं मो शमशाद के बीच आपसी बंटवारे कि भूमि है। पीड़ित ने बताया कि विपक्षी मोहम्मद हारून के द्वारा अवैध रूप से भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा था। वहीं रोकने पर जानलेवा हमला करने की धमकी दी जाती थी। उक्त भूमि को लेकर एसडीओ के पास में चल रहे मामले के बाद भी भवन निर्माण कार्य किया गया। हालांकि इस मामले में पूछे जाने पर कर्मचारी दुर्गा दास ने बताया कि निर्माण कार्य को प्रशासन के द्वारा रोक लगाने हेतु स्थल पर गए थे। दोनों पक्षों को समझाकर - बुझाकर निर्माण कार्य को रोक लगा दिया गया था। इसके बाद विपक्षी के द्वारा जबरन कार्य किया गया होगा। हालांकि इस कार्य के बाद दो पक्षों के बीच तनाव का माहौल है। ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि समय रहते प्रशासन कार्रवाई नहीं की तो बड़ी घटना की आशंका है।

# स्मार्ट और भ्रष्टाचार मुक्त पाकुड़ का संकल्प: सबरी पाल ने जारी किया 12 सूत्री घोषणा पत्र

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।** नगर परिषद चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में नगर परिषद अध्यक्ष पद की प्रबल दावेदार सबरी पाल ने अपना चुनावी घोषणा पत्र (मैनिफेस्टो) जारी कर दिया है। "स्मार्ट नगर और भ्रष्टाचार मुक्त नगर" के विजन के साथ जारी इस घोषणा पत्र में बुनियादी सुविधाओं से लेकर सुरक्षा और डिजिटल गवर्नेंस तक को शामिल किया गया है। सबरी पाल ने वादा किया है कि यदि जनता उन्हें चुनती है, तो पाकुड़ की सूरत बदलने के लिए वे धरातल पर काम करेंगी।

» पाकुड़ नगर परिषद अध्यक्ष पद की प्रत्याशी सबरी पाल ने खोला वादों का पिटारा; सीसीटीवी से सुरक्षा और 'चेयरमैन आपके द्वार' पर विशेष जोर



**सुरक्षा के लिए 'तीसरी आंख' और जल निकासी पर फोकस:** घोषणा पत्र की सबसे अहम कड़ी महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण है। सबरी पाल ने हर चौक-चौराहे और गली में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का वादा किया है। इसके साथ ही, शहर की पुरानी समस्या 'जल जमाव' से मुक्ति के लिए अत्याधुनिक ड्रेनेज सिस्टम और 'हर घर जल, हर दिन जल' योजना को प्राथमिकता दी गई है।

**'चेयरमैन आपके द्वार' से होगा शिकायतों का निपटारा:** जनता से सीधा जुड़ाव बनाने के लिए उन्होंने "चेयरमैन आपके द्वार" कार्यक्रम की घोषणा की है। इसके तहत हर महीने वार्ड स्तर पर जन सुनवाई की जाएगी। साथ ही, डिजिटल युग को देखते हुए एक Toll-Free नंबर के साथ 'डिजिटल जन सुविधा केंद्र' संचालित करने का भी संकल्प लिया है, ताकि लोग घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकें।

**घोषणा पत्र की 12 प्रमुख बातें:**

**बुनियादी ढांचा:** हर गली में LED स्ट्रीट लाइट और नियमित विद्युत आपूर्ति।

**स्वच्छता:** कचरा निस्तारण केंद्र (वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट) का निर्माण और नियमित सफाई।

**यातायात:** शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सुदृढ़ व्यवस्था।

**शिक्षा व स्वास्थ्य:** सरकारी व निजी स्कूलों-अस्पतालों में सफाई और सुरक्षा तंत्र की मजबूती।

**सामाजिक सुरक्षा:** विधवा, वृद्ध और दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ।

**सौंदर्यीकरण:** मुख्य सड़कों से जुड़ाव और नगर का सौंदर्यीकरण।

**भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वादा:** सबरी पाल ने जोर देकर कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य नगर परिषद के कामकाज में पारदर्शिता लाना है। उन्होंने कहा, "पाकुड़ की जनता अब बदलाव चाहती है। हम केवल वादे नहीं कर रहे, बल्कि एक ऐसी कार्ययोजना लेकर आए हैं जिससे हर वर्ग के व्यक्ति को नगर परिषद की सेवाओं का लाभ बिना किसी भ्रष्टाचार के मिल सके।"

## पाकुड़: किशोर के साथ बर्बरता, पीट-पीटकर तोड़े दांत; पुलिस ने मुख्य आरोपी को भेजा जेल

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम पाली में एक 17 वर्षीय किशोर के साथ बेरहमी से मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल रमजान शेख की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 नामजद आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश में छापेमारी जारी है।

**तीन दांत टूटे, शरीर पर गहरे जख्म:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, हमला इतना भीषण था कि घायल रमजान शेख के तीन दांत टूट गए और उसके पूरे शरीर पर गंभीर चोट व खरोंच के निशान पाए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल किशोर को तत्काल सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार और घावों की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे उच्च संस्थान (हायर सेंटर) रेफर कर दिया है।

**एक आरोपी गिरफ्तार, 9 अब भी फरार:** मुफस्सिल थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों में से एक, मनोज रजवार (निवासी—ग्राम कुसमा फाटक) को गिरफ्तार कर लिया है। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**छापेमारी और जांच जारी:** थाना प्रभारी ने बताया कि इस हिंसक घटना में कुल 10 लोगों को नामजद किया गया है। शेष 9 फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। गांव में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।



» 17 वर्षीय किशोर को बेरहमी से पीटा, तीन दांत टूटे; पुलिस ने एक आरोपी को दबोचा, नौ की तलाश जारी

## फाइलेरिया मुक्ति की ओर पाकुड़ के बढ़ते कदम: 7 मरीजों का हुआ सफल हाइड्रोसिल ऑपरेशन

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। 'प्रोजेक्ट जागृति - बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम' के अंतर्गत सदर अस्पताल, सोनाजोड़ी में आयोजित निःशुल्क हाइड्रोसिल ऑपरेशन शिविर में अब तक कुल 7 मरीजों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नई जिंदगी प्रदान की गई है।

**उपायुक्त ने अस्पताल पहुंचकर बढ़ाया मरीजों का हौसला:** कार्यक्रम की प्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए उपायुक्त मनीष कुमार स्वयं सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने न केवल अस्पताल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया, बल्कि ऑपरेशन करा चुके मरीजों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ऑपरेशन थिएटर (OT) और वार्डों की स्वच्छता व सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

**मरीजों ने जताया आभार: "अब जी सकेंगे सामान्य जीवन":** उपायुक्त से बातचीत के दौरान मरीजों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की। उन्होंने बताया कि आर्थिक तंगी और जानकारी के अभाव में वे लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे थे, लेकिन इस निःशुल्क शिविर ने उन्हें दर्द और सामाजिक संकोच से मुक्ति दिलाई है। अब वे बिना किसी शारीरिक बाधा के अपना सामान्य कामकाज कर सकेंगे।



» 'प्रोजेक्ट जागृति' के तहत सदर अस्पताल में सफल हाइड्रोसिल ऑपरेशन शिविर; उपायुक्त ने खुद पहुंचकर जाना मरीजों का हाल

**संकोच त्यागें और उठाएं सरकारी सुविधाओं का लाभ: उपायुक्त:** उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जरूरतमंदों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आम जनता से अपील की:

"फाइलेरिया या हाइड्रोसिल से पीड़ित व्यक्ति किसी भी प्रकार के संकोच या शर्म को त्यागकर आगे आएं। सरकार द्वारा प्रदान की जा रही इन निःशुल्क उपचार सुविधाओं का लाभ उठाएं ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।" उपायुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान में तेजी लाई जाए, ताकि जिले का कोई भी व्यक्ति इस बीमारी के इलाज से वंचित न रहे।

## पीएम श्री उत्कमित +2 उच्च स्कूल विद्यालय झरपो में शिक्षा या शोषण, विद्यालय में प्रधानाध्यापिका पर तानाशाही के आरोप से मचा बवाल

नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** जिला क्षेत्र के टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत झरपो पंचायत के भराजो झरपो सीमावर्ती केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत संचालित पीएम श्री उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, झरपो इन दिनों शिक्षा के मंदिर से अधिक विवादों का अखाड़ा बनता जा रहा है। कभी मध्य विद्यालय झरपो के नाम से पहचान रखने वाला यह संस्थान आज गंभीर आरोपों के साये में खड़ा है। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रधानाध्यापिका पर मनमानी, अभद्र व्यवहार और अवैध वसूली जैसे संगीन आरोप लगाकर पूरे शिक्षा तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों का कहना है कि रजिस्ट्रेशन के नाम पर अवैध शुल्क वसूला जा रहा है और रसीद मांगने पर उन्हें डराया-धमकाया जाता है। सवाल पूछने वाले विद्यार्थियों को स्कूल से नाम काट देने और जिले के किसी भी विद्यालय में नामांकन न होने की धमकी दी जाती है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापिका कक्षाओं में पढ़ाने नहीं आतीं और केवल नौवीं-दसवीं पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जबकि अन्य कक्षाएं उपेक्षा का शिकार हैं। कंप्यूटर लैब होने के बावजूद प्रशिक्षण से वंचित रखा जा रहा है। मामला यहीं नहीं थमता।



विद्यालय परिसर में संचालित मध्य विद्यालय के शिक्षको पंकज कुमार, विजय प्रसाद, राजकुमार, मोहन साव, प्रदीप कुमार और कौलेश्वर मिश्र ने भी प्रधानाध्यापिका पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विरोध करने पर महिला उत्पीड़न के झूठे आरोप लगाकर सेवा से हटाने की धमकी दी जाती है। शिक्षकों ने विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश माली और स्थानीय मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी को लिखित आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि अभिभावक अब अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतराने लगे हैं। गरीब किसान, एसटी, एससी और सामान्य वर्ग के परिवारों में आक्रोश है। छात्रों की संख्या घटती जा रही है और शिक्षा का माहौल भय में बदल गया है। मुखिया ने मौके पर पहुंचकर शिकायतों को सही पाया और स्पष्ट कहा कि यह स्थिति अस्वीकार्य है। उन्होंने प्रखंड, जिला, राज्य और केंद्र स्तर पर लिखित शिकायत भेजकर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। अब सवाल बड़ा है कि क्या शिक्षा के नाम पर चल रही इस कथित तानाशाही पर लगाम लगेगी? या फिर बच्चों का भविष्य इसी तरह आरोपों और अनदेखी की भेंट चढ़ता रहेगा? झरपो का यह विवाद प्रशासन के लिए अग्निपरीक्षा बन चुका है।

## जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**साहिबगंज।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह उपस्थित थे.बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना, मुख्यमंत्री अस्पताल प्रबंधन एवं अनुरक्षण योजना, आयुष्मान भारत योजना, 15वां वित्त आयोग, पीएम-अभिम तथा बीपीएचयू से संबंधित बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई।उपायुक्त ने सभी योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिले के सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी (MOIC) सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## दो मोटर साइकिल चालकों में भिंडत ,एक की हालत गंभीर



नई सोच एक्सप्रेस

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो बुध बाजार परिसर के समीप पीएम श्री उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय के समीप 19 फरवरी दिन गुरुवार की शाम लगभग 8 बजे दो मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर हुई जिसमें एक युवक घायल गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि दोनो युवक भराजो के ही निवासी है। घायल युवक बरम पिता जितेंद्र उर्फ जीतन प्रजापति उम्र लगभग 28 वर्ष अपने घर से राशन दुकान खाद्य सामग्री लेने के लिए आया था। जो अपने मोटर साइकिल को सामग्री लेने के बाद घर की ओर जाने के लिए घुमा रहा था।लेकिन विडंबना है कि नशे में धुत युवक राहुल साव पिता चुनका कांदु दादा स्व.बुधन साव उम्र लगभग 18 वर्ष ने अनियंत्रित होकर सीसी टीवी कैमरे में कैद वीडियो के मुताबित जोरदार घायल युवक बरम के मोटर साइकिल में जोरदार भिंडत हो गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर लिखे जाने तक गंभीर घायल हुए युवक को स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों को जानकारी दी गई ।बाद में परिजनों ने बेहतर इलाज के हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ( सदर अस्पताल) हजारीबाग ले गए।

## दवा के सेवन से ही संभव है फाइलेरिया का खात्मा: डॉ. केके सिंह

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।** जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के संकल्प के साथ स्वास्थ्य विभाग का विशेष जागरूकता अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को सदर प्रखंड के सीतापहाड़ी गांव में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केके सिंह ने ग्रामीणों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के खतरों और उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**प्रभावशाली लोगों से सहयोग की अपील:** अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए डॉ. सिंह ने गांव के राशन डीलर, मौलाना और मौलवियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि समाज के जागरूक और प्रभावशाली लोगों के माध्यम से आम जनता तक सही संदेश पहुँचाना आसान होता है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने स्तर पर ग्रामीणों को फाइलेरिया रोधी दवा (MDA) के सेवन के लिए प्रेरित करें।

» सीतापहाड़ी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने चलाया जागरूकता अभियान; मौलाना, मौलवी और राशन डीलरों से दवा खिलाने की अपील

**निशुल्क और सुरक्षित है दवा:** डॉ. केके सिंह ने ग्रामीणों के बीच फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामूहिक दवा सेवन अभियान के तहत डीइसी (DEC) और अल्बेंडाजोल की दवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा:

**सुरक्षित उपाय:** यह दवा पूरी तरह सुरक्षित और निशुल्क है।

**स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की निगरानी:** दवा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सीधी मौजूदगी में ही खिलाई जा रही है।



**समय पर पहचान:** यदि शुरुआती दौर में फाइलेरिया की पहचान हो जाए, तो इसका प्रभावी इलाज संभव है।


**सामूहिक प्रयास से मिटेगी बीमारी:** चिकित्सा पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि फाइलेरिया को केवल सामूहिक दवा सेवन से ही मिटाया जा सकता है। यह बीमारी व्यक्ति को जीवन भर के लिए दिव्यांग बना सकती है, इसलिए बचाव ही एकमात्र रास्ता है। मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति दवा के सेवन से वंचित न रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 23 फरवरी से सेडीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर- समस्तीपुर-खगड़िया-कटिहार के रास्ते पनवेल और अलीपुरद्वार के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन

**पटना।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर -समस्तीपुर-खगड़िया-मानसी-कटिहार के रास्ते पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है जिममें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिये एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल प्रसाधन, सेफ्टी के लिये फायर डिटेक्शन, टॉक-बैक यूनिट, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित कई उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध हैं । गाडी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन पनवेल से 23.02.2026 से तथा अलीपुरद्वार से 26.02.2026 से प्रारंभ किया जा रहा है । यह ट्रेन पनवेल से प्रत्येक सोमवार को तथा अलीपुरद्वार से प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी सं. 11031 पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 23.02.2026 से प्रत्येक सोमवार को पनवेल से 11.50 बजे खुलकर कल्याण-भुसावल-इटारसी- जबलपुर-प्रयागराज छिवकी के रास्ते मंगलवार को 14.58 बजे डीडीयू, 18.25 बजे पाटलिपुत्र, 19.50 बजे हाजीपुर, 21.35 बजे मुजफ्फरपुर, 22.45 बजे समस्तीपुर रूकते हुए बुधवार को 03.20 बजे कटिहार पहुंचेगी तथा कटिहार से 03.30 बजे खुलकर किशनगंज-न्यूजलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी के रास्ते 13.50 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी । गाड़ी सं. 11032 अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 26.02.2026 से प्रत्येक गुरूवार को अलीपुरद्वार से 04.45 बजे खुलकर 12.50 बजे कटिहार, 15.23 बजे खगड़िया, 16.45 बजे समस्तीपुर, 18.35 बजे मुजफ्फरपुर, 19.30 बजे हाजीपुर, 20.30 बजे पाटलिपुत्र बजे, शुक्रवार को 00.08 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए शनिवार को 05.30 बजे पनवेल पहुंचेगी ।

### एआई स्मार्टफोन को प्री रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा



**पटना।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256जीबी से 512जीबी तक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त (कॉम्प्लिमेंट्री) दिया जाएगा। सैमसंग का अगला एआई फोन 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में आयोजित होने वाले गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में पेश किया जाएगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन की सुविधा सैमसंगडॉटकॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अमेज़नडॉटइन, फ्लिपकार्टडॉटकॉम और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। स्टोरेज अपग्रेड के अलावा, प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को नया गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस खरीदने पर 2,699 रुपये मूल्य के अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे।

### रमजान का दिखा चांद, आज से रोजा शुरू

**पुनपुन।** रमजान मुबारक का चांद बुधवार को देखा गया ! बृहस्पतिवार को पहला रोजा की शुरुआत हुआ। पुनपुन प्रखंड के सभी मस्जिदों से मस्जिद के मौलाना ने चांद देखे जाने का पुष्टि की खबर लोगों को दी। डुमरी मस्जिद के मौलाना नूर हसन ने कहा कि रमजान का महीना मुसलमान के लिए बहुत खास होता है। इसे रहमत वाले महीना कहा जाता है। इसलिए यह महीना और भी खास हो जाता है रमजान का चांद की पुष्टि होने के बाद मुसलमान एक दूसरे को मुबारकबाद देने लगते हैं। इस महीने में एक खास नमाज जिसे तरावीह कहते हैं जिसमें मौलाना कुरान मस्जिद मे पढ़ते हैं और मुसलमान सुनते है। इस महीने में मुसलमान अपने आप को हर बुराई से बचते हैं। दिन भर भूखे रहते हैं और शाम सूर्य डूबने के बाद इफ्तार का आयोजन करते हैं दूसरी मजहब के लोग भी इस महीने का बहुत सम्मान करते हैं।

### मैट्रिक छात्र को परीक्षा के दौरान आया पैनिक अटैक



**पुनपुन।** पुनपुन प्रखंड स्थित शहीद रामानंद राम गोविंद सिंह उच्च विद्यालय में मैट्रिक परीक्षा केंद्र पर एक छात्र की तबीयत बिगड़ गई। तबियत बिगड़ने के बाद आनन फानन में उसे स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहाँ प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया। घटना बुधवार की सुबह मैट्रिक छात्रा अंजली कुमारी मसौढ़ी के रहने वाली थी।परीक्षा के दौरान छात्रा को केंद्र पर तबीयत बिगड़ने लगी। केंद्र पर उपस्थित प्रशासन के सहयोग से उसे स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर रवि शंकर और चिकित्सक माला कुमारी ने बताया कि उसे पैनिक अटैक आया था। उसकी रक्तचाप भी काफी अधिक बढ़ा हुआ था।प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे पीएमसीएच भेजा गया।

## बिहार में मेगा एआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के लिए टाइगर एनालिटिक्स के साथ एमओयू

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** वैश्विक एआई एवं एडवांस्ड एनालिटिक्स कंपनी टाइगर एनालिटिक्स ने इंडिया–एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में बिहार सरकार के साथ मेगा एआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए एमओयू साइन किया। समिट का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया गया। इस साझेदारी का उद्देश्य बिहार में भारत के सबसे बड़े आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में से एक की स्थापना करना है। यह एमओयू वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के नेताओं की मौजूदगी में साइन किया गया। यह एआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस आईआईटी पटना (नॉलेज पार्टनर) और एआई इकोसिस्टम से जुड़े प्रमुख साझेदारों के एक समूह के साथ मिलकर विकसित किया जाएगा। यह केंद्र एआई रिसर्च, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, नागरिक सेवाओं और बड़े स्तर पर एआई स्किल डेवलपमेंट का प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे छात्रों, प्रोफेशनल्स और संस्थानों को एआई आधारित अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल मिल सकेंगे। टाइगर एनालिटिक्स के सीईओ डॉ. महेश कुमार ने कहा कि यह पहल बिहार को एआई आधारित बदलाव का केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी सरकार, शिक्षा जगत और उद्योग के बीच उद्देश्यपूर्ण सहयोग की ताकत को दिखाने का एक आदर्श मंच है। वहीं, बिहार सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्रेयसी सिंह ने कहा कि मेगा एआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस राज्य को एआई यात्रा में अग्रणी बनाने के संकल्प को दर्शाता है। समिट के साथ आयोजित एआई इम्पैक्ट एक्सपो में टाइगर एनालिटिक्स ने बिहार पवेलियन में भाग लेते हुए सार्वजनिक प्रणालियों में बड़े स्तर पर एआई के उपयोग, डेटा इंजीनियरिंग, एडवांस्ड एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और एआई समाधान विकसित करने में अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित की।

## इन्फिनिक्स ने अपना नया स्मार्टफोन नोट एज लॉन्च किया

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** इन्फिनिक्स ने अपना नया स्मार्टफोन नोट एज लॉन्च किया है। ऑल-राउंड पावर डिवाइस के रूप में पेश किया गया यह फोन लेटेस्ट एक्सओएस16, 6 एनएम आधारित डाइमेंसिटी 7100 5जी चिपसेट और फ्लैगशिप-ग्रेड फीचर्स के साथ मास-प्रीमियम सेगमेंट में एंट्री करता है। ऑफर सहित इसकी शुरुआती कीमत 19,999 रुपये है। नोट एज में 6.78 इंच का 3डी -कर्व्ड 1.5के एमोलेड डिस्प्ले है, जिसकी पीक ब्राइटनेस 4500 निट्स और 120एचजेड रिफ्रेश रेट है। 7.2 एमएम स्लिम बॉडी में 6500एमएच बैटरी दी गई है, जो 45वाट फास्टचार्ज सपोर्ट करती है और 2,000 से अधिक चार्ज साइकल के बाद भी 80 प्रतिशत से ज्यादा क्षमता बनाए रखने का दावा करती है। फोन में जेबीएल-ट्यून्ड डुअल स्टीरियो स्पीकर्स, एक्टिव हेलो लाइटिंग, वन-टैप एआई बटन और एआई सुपर सिग्नल ऑप्टिमाइजेशन जैसे फीचर्स दिए गए हैं। 50एमपी एआई कैमरा लाइव फोटो मोड के साथ आता है। डिवाइस एंड्रॉइड 16 आधारित एक्सओएस16 पर चलता है और तीन साल के ओएस अपडेट तथा पांच साल के सिक्योरिटी पैच का सपोर्ट मिलेगा। गोरिल्ला ग्लास 7आई और आईपी65 रेटिंग के साथ यह फोन लूनर टाइटेनियम, स्टेलर ब्लू और सिल्क ग्रीन रंगों में उपलब्ध होगा। इन्फिनिक्स नोट एज तीन मेमोरी वेरिएंट्स में उपलब्ध होगा, 6 जीबी प्लस 128 जीबी, 8जीबी प्लस 128जीबी और 8 जीबी प्लस 256 जीबी, जिनकी कीमत क्रमशः 21,999 रुपये, 23,999 रुपये और 25,999 रुपये है।

## महिलाओं की सहभागिता से ही विकसित भारत संभव

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के टीम बर्ड लखनऊ की ओर से आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी, निदेशक देवानंद कुमार, मुख्य स्वयंसेवक दिलीप कुमार ने भाग लिया । कार्यक्रम में देश के गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र के बैंकर्स एवं एनजीओ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । देश मे मात्र 7 प्रतिशत महिलाओं को ही उद्योग स्थापित करने के लिए ऋण दिया गया है । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि आधी आबादी महिलाओं की सहभागिता से ही विकसित भारत संभव है । आज अमृत काल मे महिलाओं ने हर क्षेत्र में झंडा बुलंद कर रही है । बिहार में पंचायती राज में पचास प्रतिशत आरक्षण, बिहार पुलिस में मिलाओ की संख्या में बढ़ोतरी , जीविका दीदी ने नशा मुक्त समाज बनाने में अहम भूमिका निभा रही है । महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए फाउंडेशन सुवे में चलायेगा अभियान । महिलाओं को रोजगार के अवसर पैदा करने में पी एम आर जी पी , मुद्रा योजना, स्टार्टप, युवा उद्यमी योजना मदद पहुँचा रही है । उन्होंने आह्वान किया है कि नौकरी का मोहत्याग कर स्वरोजगार अपनाये । आज कई महिलाएं मधुमक्खी पालन, बटेर पालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खाद निर्माण, आचार, पापड़, सत्तू का निर्माण कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रही है।

## फॉक्सवैगन टेरॉन आर-लाइन भारत में लॉन्च

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** फॉक्सवैगन इंडिया ने अपनी नई लग्ज़री एसयुवी टेरॉन आर-लाइन भारत में लॉन्च कर दी है, जिसकी शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 46.99 लाख रूपये है। यह एसयुवी दमदार 2.0 लीटर टीएसआई इवो4 इंजन, 4 मोशन ऑल-व्हील ड्राइव, और 204 पीएस पावर के साथ आती है। टेरॉन आर-लाइन में लेवल 2 ऐडास (14 फीचर्स के साथ), 38.1 सेमी इंफोटेनमेंट स्क्रीन, 12-वे इलेक्ट्रिक सीटें, हीटेड और मसाज फंक्शन वाली सीटें और 30 रंगों की प्रीमियम एम्बिएंट लाइटिंग जैसी सुविधाएँ दी गई हैं। फोक्सवैगन पैसेंजर कार्स इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, नितिन कोहली ने कहा, टेरॉन आर-लाइन उन ग्राहकों के लिए बनाई गई है जो लक्ज़री और परफॉरमेंस दोनों को महत्व देते हैं। यह एसयुवी बेहतरीन डिजाइन, आधुनिक तकनीक और आराम का संपूर्ण अनुभव देती है। यह एसयुवी सात आकर्षक रंग - डॉल्फिन ग्रे मेटैलिक, ऑयस्टर सिल्वर मेटैलिक, अल्ट्रावॉयलेट मेटैलिक, सिप्रेसिनो-ग्रीन मेटैलिक, नाइटशेड ब्लू मेटैलिक, ग्रेनेडिला ब्लैक मेटैलिक, ओरिक्स व्हाइट मदर-ऑफ-पर्ल इफेक्ट विकल्पों में उपलब्ध है और आधुनिक भारतीय ग्राहकों की ज़रूरतों और स्टाइल को ध्यान में रखकर डिज़ाइन की गई है।

## अधिवक्ता के बंद घर में चोरी, लाखों के साम उड़े चोर

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर।** एक अधिवक्ता के बंद घर का ताला तो अज्ञात चोरों ने लाखों की संपत्ति चोरी कर ली। मामला दानापुर थाना अंतर्गत हाथी खाना मोड़ के पास की है। इस संबंध में पीड़ित अधिवक्ता रवि शंकर घोष ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में छुट्टी है। घर में चोरी की घटना की सूचना पर पहुंचे पीड़ित अधिवक्ता रविशंकर घोष ने बताया कि वह वर्तमान में अपने ससुराल गर्दनीबाग में रह रहे थे। फिलहाल हाथी खाना मोड़ स्थित उनका यह घर बंद पड़ा हुआ था। पड़ोसियों द्वारा सूचना मिली कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। वह आनन फानन में यहां पहुंचे तो देखा कि बाहर के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा है और कमरे के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। पीड़ित के मुताबिक अज्ञात चोरों ने दरवाजे को तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरों ने घर में रखे इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी टीवी, खाली सिलिंडर समेत अन्य कीमती सामान चुरा लिया। पीड़ित के मुताबिक पहले भी उनके घर में चोरी की घटना घटित हो चुका है। वहीं स्थानीय पुलिस प्रभारी के मुताबिक आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खाना जा रहा है फिलहाल इस संबंध में पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## एक्सिस बैंक और इंडिगो ने को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लांच किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक और इंडिगो एयरलाइन ने भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लांच करने के लिए साझेदारी की है। ये कार्ड दो वेरिएंट्स इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और इंडिगो एक्सिस बैंक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड में उपलब्ध हैं। दोनों कार्ड को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ग्राहक इंडिगो के लॉयल्टी प्रोग्राम इंडिगोब्लूचिप के माध्यम से अपने खर्च पर रिवॉर्ड कमा सकें। इस साझेदारी का उद्देश्य रोजमर्रा की खरीदारी और यात्रा संबंधी खर्चों पर आसानी और बिना किसी परेशानी के रिवॉर्ड कमाने की सुविधा देना है। एक्सिस बैंक में प्रेसिडेंट और हेड- कार्ड्स, पेमेंट्स एंड वेल्थ मैनेजमेंट, अर्निका दीक्षित ने कहा कि इन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के जरिए हम साधारण यात्रियों से लेकर नियमित उड़ान भरने वाले यात्रियों तक सभी को बेहतरीन मूल्य देना चाहते हैं। ये कार्ड विशेष यात्रा लाभ, तेज रिवॉर्ड कमाई और कई सुविधाओं तक आसान पहुंच प्रदान करेंगे। बता दें इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड की कीमत 799 प्लस जीएसटी है और यह रिटेल ग्राहकों के लिए है। जबकि इंडिगो एक्सिस बैंक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड की कीमत 5,000 प्लस जीएसटी है और यह उच्च आय वर्ग के ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है।

## एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा एवं जागरूकता पहल

नई सोच एक्सप्रेस

SBI MUTUAL FUND
A PARTNER FOR LIFE

**पटना।** मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स मौजूदा बाजार में रिस्क-ऑन और रिस्क-ऑफ के बीच बदलते रुझानों के दौर में एक जरूरी विकल्प बन गए हैं। ये फंड एक ही पोर्टफोलियो में इक्विटी, डेट और गोल्ड या सिल्वर जैसी कमोडिटीज़ में निवेश कर विविधीकरण प्रदान करते हैं। अलग-अलग एसेट क्लास का व्यवहार एक जैसा नहीं होता, जिससे पोर्टफोलियो ज्यादा संतुलित रह सकता है और बाजार के विभिन्न चक्रों में जोखिम-समायोजित अनुभव देने में मदद मिलती है। पहले निवेशक अलग-अलग एसेट क्लास में स्वयं निवेश करते थे, लेकिन फीस, टैक्स एफिशिएंसी, लागत और परफॉर्मेंस ट्रैकिंग जैसी चुनौतियाँ इसे जटिल बनाती थीं। मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड एक यूनिफाइड पोर्टफोलियो अप्रोच के माध्यम से इस प्रक्रिया को सरल बनाते हैं। परिसंपत्तियों का संतुलित मिश्रण इक्विटी ग्रोथ के लिए, डेट स्थिरता के लिए और गोल्ड या सिल्वर अनिश्चितता के समय हेज के रूप में कंसंट्रेशन रिस्क को कम करने और अलग-अलग बाजार परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है। ड्रॉडाउन्स के दौरान डाइवर्सिफाइड रिस्क ड्राइवर्स, आपस में कम संबंध और अनुशासित री-बैलेंसिंग निवेश अनुभव को अधिक संरचित और स्थिर बना सकते हैं। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितता, ब्याज दरों में बदलाव और नीति संकेतों के बीच मल्टी-एसेट एलोकेशन को एक ऑल-वेदर अप्रोच के रूप में देखा जा रहा है। यह एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा और जागरूकता पहल है। निवेशक केवल रजिस्टर्ड म्यूचुअल फंड्स के साथ ही डील करें, जिनकी जानकारी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की वेबसाइट पर सत्यापित की जा सकती है। असंतोष की स्थिति में स्कोर्स प्लेटफॉर्म पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।म्यूचुअल फंड में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन है, योजना से संबंधित सभी दस्तावेज सावधानीपूर्वक पढ़ें।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 एआई समिट में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में वैश्विक हस्तियों का भारत आगमन के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे बड़ा टेक टैलेंट पूल का केंद्र है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से मानव सामर्थ्य कई गुना बढ़ गया है।

2 AI-समिट में पीएम बोलेःयुवाओं का AI अपनाना बड़ा कदम,गूगल के CEO सुंदर पिचाई ने कहा,अरबों लोगों की जिंदगी बदलेगा AI

3 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट में 'M.A.N.A.V.' विजन पेश करते हुए कहा कि एआई का विकास नैतिक,जवाबदेह, समावेशी और मानव-केंद्रित होना चाहिए।

4 सुप्रीम कोर्ट बोलाःराज्य मुफ्त योजनाओं की जगह रोजगार दें,लोगों को सुबह-शाम खाना,फ्री बिजली मिलेगी तो काम क्यों करेंगे;ये देश में क्या हो रहा है

5 सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्यों में बढ़ती मुफ्त सुविधाएं बांटने की नीति पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि बिना सोचे-समझे मुफ्त चीजें देना देश के आर्थिक विकास में बाधा बन सकता है। इसके साथ शीर्ष अदालत ने राज्यों को कई सलाह भी दिए हैं।

6 ज्यादातर राज्य पहले से ही घाटे में हैं, फिर भी विकास को छोड़कर मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। कोर्ट ने साफ कहाःजो लोग भुगतान नहीं कर सकते,उन्हें सहायता देना समझ में आता है। लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त देना गलत नीति है। इस दौरान कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा अगर सुबह से शाम तक मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली मिलती रही तो लोगों में काम करने की भावना कम हो जाएगी

7 प्रधानमंत्री मोदी ने दी शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करके लिखा "छत्रपति शिवाजी महाराज ने जन-जन के कल्याण को सदैव सर्वोपरि रखा और उनकी सुरक्षा के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। इसलिए उनका जीवन आज भी भारतवर्ष के लिए पथ-प्रदर्शक बना हुआ है।

8 राहुल गांधी सहित पार्टी नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा शौर्य की प्रतिमूर्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें सादर नमन। शिवाजी महाराज वीरता, दूरदर्शिता और न्यायप्रिय नेतृत्व के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनका जीवन दर्शन और साहस हमें आज भी अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है

9 महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार ने गुरुवार को पुणे के शिवनेरी किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मराठा योद्धा राजा का जन्म 1630 में पुणे जिले की जुन्नार तहसील में स्थित शिवनेरी में हुआ था। सीएम फडणवीस और उनके उपमुख्यमंत्रियों ने शिवनेरी में आयोजित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया

10 फ्लाइट में हंगामा किया तो 30 दिन का बैन लगेगा,DGCA का सुझाव;अभी शिकायत करने पर जांच कमेटी बनती,45 दिन का बैन लगता

11 कांग्रेस का दावाःराहुल को गोली मारने की धमकी मिली,खेड़ा ने करणी सेना के कार्यकर्ता का वीडियो शेयर किया;बोले-एक और गोडसे बनाया जा रहा

12 सीआरपीएफ महानिदेशक बोलेः अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है नक्सलवाद,मार्च तक देश से हो जाएगा खत्म,इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री ने मार्च 2026 तक देश से नकस्लवाद खत्म होने की बात कही थी

13 बिहार के सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गई है। हाईकोर्ट ने 42 विधायकों से जवाब तलब किया है। इसमें पक्ष और विपक्ष के विधायक शामिल हैं। अगर आरोप सही पाए गए तो इनकी सदस्यता पर खतरा बढ़ सकता है

14 आरोप है कि इन लोगों ने नामांकन के दौरान जो शपथ पत्र भरे थे,उनमें कई तथ्य छिपाए। इतना ही नहीं कुछ विधायकों पर वोटिंग प्रक्रिया में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया है। कुछ माह पहले चुनाव हारने वालों प्रत्याशियों ने याचिका दायर की थी। आज कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने इन 42 विधायकों से लिखित जवाब देने को कहा है।

15 दावाःईरान पर इस हफ्ते हमला कर सकता है अमेरिका, 2003 के बाद सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात,कई हफ्ते चलेगा मिलिट्री ऑपरेश

16 भारत-BCCI से रिश्ते सुधारना चाहता है बांग्लादेश,नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर बोलेःपड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाने की मंशा

17 सेंसेक्स में 830 अंक से ज्यादा की गिरावट,82,900 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी भी 250 अंक लुढ़का;ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में बिकवाली

18 टी20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे ने किया उलटफेर,श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

19 यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ 22 फरवरी से जापान दौरे पर,मैग्लेव ट्रेन में करेंगे सफर

20हरियाणाःकांग्रेस 25 फरवरी को मनरेगा योजना के मुद्दे पर विधानसभा का घेराव करेगी

21 केरल हाईकोर्ट में फिल्म केरल स्टोरी 2 के सेंसर सर्टिफिकेट रद्द करने की मांग वाली याचिका दाखिल

22 मुझे नहीं पता राफेल की आलोचना क्यों होती है,इससे भारत को मजबूती मिली हैःमैक्रों

23 वंदे भारत ट्रेन जल्द ही जम्मू और श्रीनगर के बीच चलेगी,8 से बढ़कर 20 होंगे डिब्बे

24 ईरान और आसपास के क्षेत्र में तनाव बढ़ा,सभी पक्षों से संयम बरतने की अपीलःक्रेमलिन

25 अमित शाह आज रात 3 दिवसीय दौरे पर असम पहुंचेंगे,बॉर्डर सिक्योरिटी का रिव्यू करेंगे

26 बिहार में सत्ता और विपक्षी नेताओं ने विधायक फंड को 4 से 8 करोड़ करने की डिमांड की

27 PAK में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा महिलाओं के लिए 2 नए ट्रेनिंग सेंटर शुरू करेगा

28 बिहार के मसौढ़ी में देरी की वजह से एग्जाम छूटने पर दसवीं की छात्रा ने सुसाइड किया

29 PAK:कराची में एक अपार्टमेंट में गैस ब्लास्ट,बिल्डिंग का एक हिस्सा गिरा,13 की मौत

30 लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के AI वीडियो को लेकर कांग्रेस मीडिया सेल को नोटिस

31 भारी कर्ज के बावजूद फ्रीबीज बांट रहीं राज्य सरकारें', सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

32 छत्तीसगढ़ः कर्रेगुट्टा इलाके में सुरक्षा बलों के ऑपरेशन में पांच माओवादी मारे गए

33 साउथ ईरान में जबरदस्त भूकंप, रिक्टर स्केल पर 5.5 रही तीव्रता

34 दिल्ली,मुंबई समेत कई एयरपोर्ट पर Navitaire सर्वर डाउन,यात्री परेशान

35 विधायकों का फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई,UP विधानसभा अध्यक्ष

36 राहुल गांधी और खड़गे ने नई दिल्ली में तेलंगाना कांग्रेस नेतृत्व के साथ बैठक की

37 पंजाब सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

38 AI समिट 2026 में अपना संबोधन खत्म करते हुए मैक्रों ने लगाया 'जय हो' का नारा

39 AI को सही दिशा देना हमारी जिम्मेदारी,इंपैक्ट समिट में बोले पीएम मोदी

40 भारत नई टेक्नोलॉजी बनाता भी है और उसे अपनाता भी है,AI समिट में बोले PM मोदी

# फिल्म कैनेडी बदल देगी आपका करियर, सनी लियोन ने साझा किए फिल्म से जुड़े अनुभव

एक्ट्रेस सनी लियोन जल्द ही अनुराग कश्यप की फिल्म 'कैनेडी में नजर आएंगी। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस फिल्म से जुड़े किस्से शेयर किए। साथ ही बताया कि कैसे ये फिल्म उनके करियर में बड़ा बदलाव ला सकती है। सनी ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह उन फिल्मों में से एक है, जिसके बारे में जिन भी डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स से मैं मिली, उन्होंने कहा- 'यह वही फिल्म है, जो आपकी इमेज या करियर बदल देगी। मुझे सच में लगता है कि यह फिल्म मुझे एक अलग मुकाम पर ले जा सकती है और उम्मीद है कि इसके बाद मुझे और अच्छा काम मिलेगा। उन्होंने आगे कहा, 'अनुराग सर और मैंने साथ में कई खास पल शेयर किए। हम अपने अतीत, जिंदगी के अनुभवों और अलग-अलग कहानियों के बारे में बात करते थे। मुझे महसूस हुआ कि मुझे सच में देख या सुन रहा है। मैं सुरक्षित महसूस करती थी, और उसी वजह से मैं स्क्रीन पर भी बेहतर प्रदर्शन कर पाई। सनी ने कहा, 'यह




बहुत जरूरी होता है, लेकिन बहुत कम लोग आपको ऐसा माहौल देते हैं, जहां आप सुरक्षित महसूस करें। जब आपको लगता है कि आप अच्छे हाथों में हैं, तब आप खुलकर अपना काम कर पाते हैं। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'कैनेडी में सनी लियोन के साथ राहुल भट्ट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद अब यह फिल्म भारत में 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो रही है। इस फिल्म में सनी 'चार्ली का किरदार निभा रही हैं, जो मुख्य किरदार उदय शेट्टी की दुनिया में उलझ जाती है। उदय शेट्टी का रोल राहुल भट्ट ने निभाया है, जो फिल्म में एक पहले एक पुलिसवाला रहता है और बाद में कॉन्ट्रैक्ट किलर बन जाता है। सनी के मुताबिक, चार्ली एक रहस्यमयी, नाजुक लेकिन अंदर से मजबूत लड़की है।



# ओ रोमियो के आगे भी खूब तेवर दिखा रही 'बॉर्डर 2, चौथे संडे भी करोड़ों में की कमाई

सनी देओल स्टारर 'बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परफॉर्म किया है. वहीं अब शाहिद कपूर की नई रिलीज 'ओ रोमियो से मुकाबला करने के बावजूद इस फिल्म ने चौथे वीकेंड पर भई धमाल मचा दिया. यहां तक कि संडे को भारत और पाकिस्तान के मैच भी 'बॉर्डर 2 की रफ्तार को कम नहीं कर पाया. चलिए यहां जानते हैं अनुराग सिंह निर्देशित फिल्म ने रिलीज के 24वें दिन यानी चौथे संडे को कितना कलेक्शन किया है? 'बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी को रिलीज हुई थी तब से ये फिल्म दर्शकों की फेवरेट बनी हुई है. इस दौरान मर्दानी 3 भी आई लेकिन 'बॉर्डर 2 का सिंहासन नहीं हिला पाई. वहीं अब शाहिद कपूर की ओ रोमियो भी 'बॉर्डर 2 को हिला नही पा रही है. इसी के साथ सनी देओल स्टारर वॉर ड्रामा की कमाई जारी है और इसके कुल कलेक्शन में हर दिन इजाफा होता जा रहा है. यहां तक की चौथे वीकेंड पर भी इस फिल्म ने खूब नोट छापे हैं. इसी के साथ फिल्म की कमाई की बात करें तो 'बॉर्डर 2 ने पहले हफ्ते में 224.25 करोड़ रुपये कमाए थे. वहीं दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 70.15 करोड़ और तीसरे वीक में 23.35 करोड़ का कलेक्शन किया. इसके बाद 'बॉर्डर 2 ने 22वें दिन 80 लाख कमाए थे. लेकिन फिर 24वें दिन फिलम ने 137.50 फीसदी की तेजी दिखाई और 1.9 करोड़ कमा लिए. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'बॉर्डर 2 ने रिलीज के 24वें दिन यानी चौथे संडे को 1.5 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ 'बॉर्डर 2 की 24 दिनों की कुल कमाई अब 322 करोड़ रुपये हो गई है. 'बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है. ये फिल्म 1997 बॉर्डर की सीक्वल है और इसमें सनी देओल के अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा और सोनम बाजवा सहित कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म गणतंत्र दिवस से पहले 23 जनवरी को सिनेमाघरों में आई थी.




# आरुषि चावला द 50 से हुई बाहर, महल बना जंग का मैदान

द 50 शो इन दिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है, जिसमें सभी खिलाड़ियों के बीच खतरनाक लड़ाई देखने को मिल रही है। आरुषि चावला को द 50 से एविक्शन ऑर्डर मिला। उनका नाम अनाउंस होने के बाद वह फूट-फूट कर रोने लगीं। महल से बाहर निकलते समय उन्होंने कृष्णा, ऋषि, शीनू, रिधिमा और करण से कहा कि उन्होंने उन्हें गलत समझा है। गेम के दौरान आरुषि के गेम खेलने की जमकर बुराई भी की, जब उन्होंने नेहल चुडासमा को डेंजर जोन में भेज दिया और उन पर शो में दोनों पार्टियों का साथ देने का भी आरोप लगा। उन्होंने अपना बचाव करते हुए कहा, मैं वैसी नहीं हूं, जो कुछ सोचती है कुछ बोलती है। ये एपिसोड आरुषि के कारण चर्चा में बना हुआ है। आरुषि चावला कौन हैं, जो सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई हैं। यह सवाल हर किसी के दिमाग में चल रहा है। आरुषि एक एक्ट्रेस, मॉडल और डांसर हैं। उनका जन्म 1994 में दिल्ली में हुआ था। आरुषि ने माउंट कार्मेल स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की और बाद में श्री वेंकटेश्वर कॉलेज से हायर स्टडीज की, जहां उन्होंने केमिस्ट्री में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। 2017 में आरुषि डांस फैकल्टी मेंबर के तौर पर वव:र् डांस क्रू में शामिल हुईं। उसके बाद साल 2018 में उन्होंने अपना खुद का डांस स्टूडियो शुरू किया। इसके बाद उन्हें पैराशूट, हीरो बाइक, माउंटेन ब्रीज स्ट्रिप्स और पॉन्ड्स जैसे कई एडवर्टाइजमेंट ऑफर किए गए। 2020 में आरुषि ने एमटीवी रोडीज रेवोल्यूशन सीजन 17 में हिस्सा लिया। हाल ही में उन्होंने मिस स्कूबा इंडिया 2025 का टाइटल जीता। वह एक फिटनेस फ्रिक भी हैं, जिन्हें डांसिंग, पिलेट्स और कई दूसरी फिजिकल एक्टिविटीज करते देखा जा सकता है। उनका पूरा इंस्टाग्राम उनकी वर्कआउट पोस्ट से भरा पड़ा है। द 50 में एक टेंशन वाला पल पूरे महल में तब झगड़े में बदल गया, जब डेंजर जोन को लेकर हुई अनबन से आरुषि और करण के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई। बहस डेंजर जोन चुनने से ठीक पहले शुरू हुई। आरुषि ने भेजे जाने के आइडिया का कड़ा विरोध किया और जोर देकर कहा कि उसे बचाने के लिए कोई अलायंस नहीं है और वह एक आसान टारगेट होगी, लेकिन करण पटेल ने उसकी बात को खारिज कर दिया और उसे नेगेटिव कहा। इस पर आरुषि ने पलटवार करते हुए कहा, तुम घमंडी हो करण पटेल। नेहल चुडासमा ने करण का बचाव करते हुए आरुषि को नार्सिसिस्टिक कहा, जबकि रिद्धि डोगरा ने उस पर दोमुंहा होने का आरोप लगाया और उसे सांप तक बोल दिया।



# महिलाओं और क्वीर कहानियों को सपोर्ट करना सही लगता है : श्वेता त्रिपाठी

अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने प्रोड्यूसर के रूप में महिलाओं पर आधारित और क्वीर कहानियों को सपोर्ट करने का फैसला किया है, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह सही है और इस काम में उन्हें खास महसूस होता है। एक आर्टिस्ट के तौर पर यह उनके लिए एक बड़े मकसद का हिस्सा है। श्वेता ने हाल ही में अपनी पहली क्वीर फिल्म मुझे जान ना कहो मेरी जान को प्रोड्यूस करने की घोषणा की है। इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम मुख्य भूमिका में हैं और यह एक क्वीर लव स्टोरी है, जो इस साल फ्लोर पर आने की उम्मीद है। फिल्म में श्वेता खुद भी अभिनय कर रही हैं। श्वेता पहले भी क्वीर प्ले कॉक को प्रोड्यूस कर चुकी हैं, जो माइक बार्टलेट की ओलिवर अवॉर्ड विनर ड्रामा है। कई शहरों में ये ड्रामा प्ले हुआ और दर्शकों से इसे शानदार रिस्पॉन्स मिला। अभिनेत्री ने बताया, मेरे लिए यह बहुत पर्सनल है। अगर हम समाज में कोई खास बदलाव देखना चाहते हैं, तो हमें खुद इसका हिस्सा बनकर शुरुआत करनी होगी। महिलाओं और क्वीर लाइफ की कहानियां हमेशा से मौजूद रही हैं, लेकिन उन्हें वह जगह और सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं। अब जब मुझे चुनने और कुछ बनाने का मौका मिला है, तो मुझे इसका सही इस्तेमाल करना है। वह चाहती हैं कि यह कहानी दर्शकों को जानी-पहचानी और खास लगे। उनका मानना है कि क्वीर कहानियां असरदार होने के लिए जोरदार या सनसनीखेज नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया, कभी-कभी ये कहानियां कोमल और रोजमर्रा की होती हैं। वे हमेशा खुद को जाहिर नहीं करतीं, लेकिन आपके साथ रहती हैं। मैं इसी तरह के काम से जुड़ना चाहती हूं। श्वेता ने आगे कहा, यह वह रास्ता लगता है जिस पर मैं चलना चाहती हूं। महिलाओं पर आधारित विषयों को सपोर्ट करना, क्वीर आवाजों को बढ़ावा देना और अपने फैसलों में ईमानदार रहना। यह सही लगता है और मेरे लिए एक आर्टिस्ट के तौर पर घर जैसा और बड़े मकसद का हिस्सा है। अभिनेत्री जल्द ही मिर्जापुर-द मूवी में नजर आएंगी, जो 4 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में श्वेता त्रिपाठी के साथ पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु, रसिका दुग्गल समेत पुराने और नए कलाकार शामिल हैं।



# दृश्यम 3 बॉक्स ऑफिस पर लाएगी तूफान! पहले दिन ही बना सकती है ये 3 बड़े रिकॉर्ड

मोहनलाल की दृश्यम 3 का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस फिल्म में मीना, अंसिबा हसन और एस्थर अनिल जैसे स्टार्स भी हैं. फिल्म को लेकर काफी बज है. ये दृश्यम फ्रेंचायजी की सबसे बड़ी फिल्म होने वाली है. फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर भी खबरें हैं. फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर बेंचमार्क्स सेट करने की उम्मीदें हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, दृश्यम 3 पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाका करेगी. फिल्म के ओपनिंग डे पर 3 बड़े रिकॉर्ड बनाने की खबरें हैं. बता दें कि मोहनलाल ने पिछले साल 3 बड़ी फिल्में दी थी. इनमें से दो ने दुनियाभर में 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली थी. ऐसे में अब दृश्यम 3 को लेकर फैंस की उम्मीदें ज्यादा हो गई हैं. फिलहाल इंडिया में एल2: एम्पुरान मलयालम इंडस्ट्री की सबसे बड़ी ओपनर है. फिल्म ने 21 करोड़ की ओपनिंग की थी. अब दृश्यम 3 के इस आंकड़े को क्रॉस करने की खबरें हैं. वहीं एल2: एम्पुरान ने ओवरसीज मार्केट में धमाका कर दिया था. फिल्म ने 43 करोड़ का कलेक्शन किया था. विदेशों में, खासकर गल्फ कंट्रीज में मोहनलाल के टॉपक्लास स्टारडम की वजह से दृश्यम 3 के एल2: एम्पुरान को पीछे छोड़ने की खबरें हैं. इसी के साथ ये फिल्म मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी इंटरनेशनल ओपनर का रिकॉर्ड बना सकती है. वहीं एल2: एम्पुरान ने दुनियाभर में 70.14 करोड़ कमाए थे. इस फिल्म ने पहले दिन दुनियाभर में कमाई के मामले में रिकॉर्ड सेट कर दिए थे. दृश्यम 3 के इस रिकॉर्ड को भी ब्रेक करने की उम्मीदें हैं. मोहनलाल की दृश्यम 2013 में आई थी. इस फिल्म ने धमाका कर दिया था. फिल्म को बहुत पसंद किया गया था. इसके बाद 2021 में फिल्म का दूसरा पार्ट आया था. इसे भी बहुत पसंद किया गया था. फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी. अब दृश्यम 3 से फैंस को बहुत उम्मीदें हैं.



# शाहिद कपूर ने फर्जी 2 पर दिया सबसे बड़ा अपडेट, बोले- इसके लिए बहुत उत्साहित हूं

शाहिद कपूर इस वक्त हालिया रिलीज फिल्म ओ रोमियो को लेकर चर्चाओं में घिरे हैं। यह फिल्म दर्शकों का दिल जीतने में कामयाबी हासिल कर रही है, जिसका निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। वहीं कई फैंस शाहिद की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज फर्जी के दूसरे सीजन को लेकर उत्साहित दिख रहे हैं, क्योंकि अभिनेता ने कुछ दिन पहले ही सीरीज से जुड़ी आधिकारिक पोस्ट साझा की थी। अब उन्होंने खुद फर्जी 2 को लेकर सबसे बड़ा अपडेट दे डाला है। शाहिद ने पुष्टि की है कि वह बहुत जल्द फर्जी 2 की तैयारी में जुट रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं पहले ही कुछ बिल्कुल अलग तरह की भूमिका में आ चुका हूं। मैं फिलहाल कॉकटेल 2 की शूटिंग कर रहा हूं। मैंने ओ रोमियो की शूटिंग खत्म होते ही इसकी शूटिंग खत्म कर दी थी। अब जब ओ रोमियो रिलीज हो चुकी है, तो मैं फर्जी 2 की शूटिंग शुरू करूंगा, जिसके लिए बहुत उत्साहित हूं। शाहिद ने आगे कहा, मुझे अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाना पसंद है, इससे एक अभिनेता के तौर पर खुद को तरोताजा करने में मदद मिलती है। इससे पहले सीरीज के निर्देशक राज एंड डीके ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था, दूसरा दौर शुरू हो गया है। साथ में खूब सारे नोटों की तस्वीर साझा की थी। बता दें, अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज फर्जी 2023 में आई थी जिसमें विजय सेतुपति, राशि खन्ना, केके मेनन जैसे सितारे थे।




# स्वधर्म एंटरटेनमेंट ने नॉट ए डॉक्टर नामक दिलचस्प फिल्म की घोषणा, डरावना पोस्टर जारी

प्रोड्यूसर राहुल यादव नक्का के स्वधर्म एंटरटेनमेंट ने अपने अगले प्रोजेक्ट, नॉट ए डॉक्टर की घोषणा की है, जो टैलेंटेड डायरेक्टर श्रीकांत नागोथी और लीड एक्टर नवीन चंद्रा के साथ मिलकर किया गया है। यह रीयूनियन भानुमति एंड रामकृष्ण और मंथ ऑफ़ मधु पर उनके सफल काम के बाद हो रहा है, जो एक शानदार सिनेमाई अनुभव का वादा करता है। टाइटल पोस्टर एक मास्टरस्ट्रोक है, जिसमें जंगल के फर्श से एक बड़ा, मिट्टी से सना हुआ हाथ निकल रहा है, जो काई वाली जड़ों और ऊंचे पेड़ों से घिरा हुआ है। रहस्यमयी टैगलाइन, एक ऐसे नॉवेल पर आधारित जो कभी लिखा ही नहीं गया, भावनाओं और इंसानी सच्चाई से भरपूर एक लेयर्ड कहानी की ओर इशारा करती है। यह तस्वीर जितनी डरावनी है, उतनी ही देखने में भी आकर्षक है, जो एक रहस्यमयी और इमर्सिव कहानी का माहौल बनाती है। स्वधर्म एंटरटेनमेंट के सपोर्ट और श्रीकांत नागोथी की बारीक कहानी के साथ, नॉट ए डॉक्टर एक यादगार सिनेमैटिक एक्सपीरियंस होने का वादा करती है। नवीन चंद्रा, जो अपनी सच्ची एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, इस रहस्यमयी कहानी में गहराई और असलियत लाने के लिए तैयार हैं। फिल्म के बारे में और अपडेट और अनाउंसमेंट जल्द ही होने की उम्मीद है। फिल्म में मिस्ट्री, ड्रामा और इंसानी इमोशन का अनोखा मेल दर्शकों को ज़रूर पसंद आएगा।



# सुपर-8 मुकाबलों के लिए करने होंगे सुधार : सूर्यकुमार

**एजेंसी,अहमदाबाद**



भारतीय क्रिकेट टीम को नीदरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप क्रिकेट के अपने अंतिम मुकाबले में 17 रनों से जीत मिली पर कप्तान सूर्यकुमार यादव इससे संतुष्ट नहीं हैं। सूर्यकुमार का कहना है कि सुपर-8 से पहले सब कुछ सही है ये नहीं कहा जा सकता। टीम को अभी कुछ सुधार भी करने हैं। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 193 रन बनाए। वहीं इसके बाद एसोसिएट डच टीम ने भी सात विकेट पर 176 रन बनाये। इसी को देखते हुए कप्तान ने कहा कि जीत में भी सीख मिलती है, हमें और कसी गेंदबाजी करनी चाहिये थी। उन्होंने कहा कि पूरी तरह गेंदबाजों को भी दोष नहीं दिया जा सकता है क्योंकि ओसा काफी अधिक थी। जिससे भी गेंदबाजों को परेशानी हुई। उन्होंने सुपर आठ को लेकर कहा, 'शुरुआत थोड़ी धीमी हो सकती है पर सभी बल्लेबाजों के लिए यह समझना बहुत जरूरी है कि उनकी जिम्मेदारी क्या है और बीच के ओवरों में विकेट कैसा बर्ताव कर सकता है। इसके बाद हमारे पास ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल या वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ी हैं, जो मैच को अच्छी तरह समाप्त कर सकते हैं।' सुपर-8 को लेकर पूछे एक सवाल पर उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं कह सकते कि सब कुछ पूरी तरह से सही था। जीत में भी कई प्रकार की सीख मिलती है और हमने कुछ चीजें सीखी हैं। अब हम आगे के मैचों को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।' वहीं कप्तान ने मैच में 31 गेंदों पर 66 रन बनाने वाले शिवम की जमकर प्रशंसा की है। अपनी पारी में इस बल्लेबाज ने 6 छक्कों और 4 चौकों के साथ 66 रन बनाए। सूर्या ने कहा कि शिवम ने जिस तरह मिडिल ओवर्स में बल्लेबाजी की, उससे सभी पर से दबाव हट गया था। टीम के पास अंतिम ग्यारह के लिए कई विकल्प हैं जिनको लेकर भी कप्तान ने खुशी जतायी और कहा कि बीच के ओवरों के लिए उनके पास गेंदबाजी के लिए अभिषेक शर्मा, हार्दिक पंड्या और शिवम जैसे खिलाड़ी हैं। नीदरलैं के खिलाफ सूर्या ने 28 गेंदों में 34 रन बनाए और अपनी इस पारी से वह संतुष्ट दिखे। कप्तान के अनुसार टीम के साथ सकारात्मक बात ये है कि सभी लोग बल्लेबाजी में अपना योगदान दे रहे हैं।

# खेलो इंडिया विंटर गेम्स के जरिए गुलमर्ग में दिखेगा 'खेलो भारत नीति' का असली असर

**एजेंसी, गुलमर्ग**




खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 के गुलमर्ग चरण में 23 से 26 फरवरी तक 'खेलो भारत नीति' का वास्तविक स्वरूप देखने को मिलेगा। केंद्रीय खेल मंत्रालय की इस नीति का उद्देश्य खेलों के माध्यम से पर्यटन, बुनियादी ढांचे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। गुलमर्ग में होने वाले इन खेलों में देश के शीर्ष स्कीयर, जिनमें शीतकालीन ओलंपियन भी शामिल हैं, भाग लेंगे। इस आयोजन से न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच मिलेगा, बल्कि खेल पर्यटन को भी बड़ा बढ़ावा मिल रहा है। फरवरी के तीसरे सप्ताह में पर्यटकों की बढ़ती रुचि इस बात का संकेत है कि विंटर गेम्स क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी राहत लेकर आए हैं।

**पर्यटन और स्थानीय कारोबार को नई ऊर्जा-** स्थानीय होटल व्यवसायी अबीद, जो टंगमर्ग स्थित 'शीन वुड्स' होटल से जुड़े हैं, बताते हैं कि खेलों से कई सप्ताह पहले ही बुकिंग तेज हो गई थी। उनके अनुसार, "यह सिर्फ पर्यटन नहीं, हमारी पहचान है। जब खेल होते हैं तो गुलमर्ग देश का दिल बन जाता है।" होटल की लॉबी में मध्य प्रदेश, हरियाणा, केरल, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ी ठहरे हुए हैं, जिससे यहां विविधता और उत्साह का माहौल है। पर्यटन विभाग के अनुसार, गुलमर्ग में होटलों और हट्स में करीब 2300 बिस्तरों की व्यवस्था है, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक की अग्रिम बुकिंग हो चुकी है। आधिकारिक आंकड़े मार्च के अंत में जारी होंगे, लेकिन विभाग का कहना है कि इस वर्ष पर्यटकों की संख्या 2025 के आंकड़ों को पार कर चुकी है।

**कठिन दौर के बाद वापसी-** अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन प्रभावित हुआ था। 2024 में जहां लगभग 26 लाख पर्यटक आए थे, वहीं 2025 में यह संख्या घटकर लगभग 10.47 लाख रह गई। हालांकि नए साल के बाद और खेलो इंडिया विंटर गेम्स की तैयारियों के साथ पर्यटकों की आवाजाही में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है।

**खेल और आजीविका का संगम-** इस बार गुलमर्ग में स्की माउंटेनियरिंग, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक (क्रॉस-कंट्री) स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग की चार पदक स्पर्धाएं होंगी। ढलानों पर स्थानीय स्लेज खींचने वाले मजदूरों के चेहरे पर भी खुशी साफ झलक रही है। अल्ताफ हुसैन और मोहम्मद रफीक जैसे श्रमिक प्रति पर्यटक 500 से 1500 रुपये तक कमाते हैं और खेलों के दौरान उनकी आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है।23 फरवरी से शुरू होने वाले ये खेल न केवल खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए उत्सव साबित होंगे, बल्कि हिमालय की गोद में बसे गुलमर्ग के निवासियों के लिए भी आर्थिक और सामाजिक नई उम्मीद लेकर आएंगे।

## रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग-2 के क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी, रियाद**



पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के क्लब अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग-2 फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। अल नासर ने तुर्कमेनिस्तान के क्लब आर्कादाग को 1-0 से हराकर दो मुकाबलों के कुल योग में 2-0 से जीत दर्ज की। 41 वर्षीय रोनाल्डो इस मुकाबले में टीम का हिस्सा नहीं थे और स्टैंड्स से मैच देखते नजर आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें सऊदी प्रो लीग और एएफसी चैंपियंस लीग-2 के आगामी अहम मुकाबलों को ध्यान में रखते हुए आराम दिया गया है। दिसंबर 2022 में रियाद स्थित अल नासर से जुड़ने के बाद वह अब तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीत पाए हैं। क्वार्टरफाइनल में अल नासर का सामना संयुक्त अरब अमीरात के क्लब अल वस्ल से होगा। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला 3 मार्च को खेला जाएगा। वहीं, शीर्ष स्तरीय एएफसी चैंपियंस लीग एलीट टूर्नामेंट में पूर्वी क्षेत्र से जापान के तीन और दक्षिण कोरिया के दो क्लब अंतिम-16 चरण में पहुंचे हैं। मलेशिया का जोहोर दारुल ताज़िम और थाईलैंड का बुरिराम यूनाइटेड भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे, जबकि ऑस्ट्रेलिया का मेलबर्न सिटी 2016 के बाद अंतिम-16 में जगह बनाने वाली दूसरी ऑस्ट्रेलियाई टीम बना। पश्चिमी क्षेत्र में सऊदी अरब के क्लबों का दबदबा देखने को मिला। अल हिलाल, अल अहली और अल इत्तिहाद शीर्ष चार में रहे। ईरान का ट्रैक्टर क्लब तीसरे स्थान पर रहा, जबकि कतर के अल दुहैल और अल साद के साथ अल वहदा ने भी अंतिम-16 में जगह बनाई। अंतिम-16 के पहले चरण के मुकाबले 2 और 3 मार्च को खेले जाएंगे।

## कतर ओपन : अल्कराज और सिनर सीधे सेटों में जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**एजेंसी, दोहा**



कतर ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट में स्पेन के स्टार खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज और इटली के यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। विश्व नंबर एक अल्कराज ने फ्रांस के वेलेंटिन रोयर को 6-2, 7-5 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने वर्ष 2025 में अपनी लगातार नौवीं जीत दर्ज की। दूसरे सेट में 2-5 से पीछे होने के बावजूद अल्कराज ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार पांच गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इससे पहले वह इस महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अब 22 वर्षीय अल्कराज का सामना सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए रूस के सातवीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से होगा। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक हुए मुकाबलों में अल्कराज का पलड़ा भारी रहा है। वहीं, विश्व नंबर दो यानिक सिनर ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। यह ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में हार के बाद उनका पहला टूर्नामेंट है। सिनर ने मैच में दमदार सर्विस का प्रदर्शन किया और पूरे मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी को ब्रेक प्वाइंट का मौका नहीं दिया। शीर्ष-50 से बाहर के खिलाड़ियों के खिलाफ उनकी जीत का सिलसिला अब 50 मैचों तक पहुंच गया है। अन्य मुकाबलों में ग्रीस के स्टेफानोस सित्सिपास ने पूर्व विश्व नंबर एक रूस के दानिल मेदवेदेव को 6-3, 6-4 से हराकर पिछले वर्ष बार्सिलोना ओपन के बाद पहली बार क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

## हरमनप्रीत कौर बनीं महिला क्रिकेट की सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी

**एजेंसी, कैनबरा**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इतिहास रचते हुए महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में मैदान पर उतरते ही उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 19 फरवरी को अपना 356वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए हरमनप्रीत ने न्यूज़ीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सुजी बेट्स को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास की सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन गईं। सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाली खिलाड़ियों की सूची में ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी (349 मैच) तीसरे स्थान पर हैं। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने 333 मैच खेले हैं, जबकि इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स ने 309 मुकाबलों में देश का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा सोफी डिवाइन (305), हीथर नाइट (303) और डैनी व्याट-होज (302) भी इस सूची में शामिल हैं। 36 वर्षीय हरमनप्रीत कौर अब तक 6 टेस्ट, 161 वनडे और 189 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुकी हैं। टेस्ट में उन्होंने 200 रन बनाए हैं, जबकि वनडे में उनके नाम 4,409 रन और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 3,784 रन दर्ज हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा हरमनप्रीत ने 35 महिला प्रीमियर लीग, 62 महिला बिग बैश लीग और 10 द हंड्रेड प्रतियोगिता के मुकाबले भी खेले हैं। उल्लेखनीय है कि उनकी कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने 2025 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में 52 रन से हराकर पहली बार विश्व खिताब जीता था। दूसरे टी20 मुकाबले के टॉस के दौरान इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए हरमनप्रीत ने कहा, "यह मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उम्मीद है कि मैं टीम के लिए इसी तरह मेहनत करती रहूं और जितना संभव हो सके, खेलती रहूं।"

## व्यापार

## वोडाफोन आइडिया ने पेश किए अनलिमिटेड डेटा प्लान




**नई दिल्ली।** अपने पोस्टपेड ग्राहकों के लिए वोडाफोन आइडिया ने लिमिटलेस यानी अनलिमिटेड डेटा प्लान पेश किए हैं। ये प्लान 4जी और 5जी दोनों नेटवर्क पर उपलब्ध हैं और इन्हें फिलहाल आंध्र प्रदेश सर्किल में शुरू किया गया है। नए प्लान की कीमतें 451 रुपये से 1201 रुपये तक रखी गई हैं। कंपनी के मुताबिक, इन प्लान्स में अनलिमिटेड डेटा के साथ ओटीटी सेवाएं और कॉलिंग बेनेफिट्स भी शामिल हैं, जिनके बदलाव अब कंपनी की वेबसाइट पर दिखाई देने लगे हैं। वीआई मेक्स 451 पोस्टपेड प्लान सबसे किफायती विकल्प है, जिसमें अनलिमिटेड कॉलिंग, 3000 एसएमएस, 50जीबी डेटा और 200जीबी तक डेटा रोलओवर की सुविधा मिलती है। खास बात यह है कि 50जीबी डेटा खत्म होने के बाद भी यूजर्स को अनलिमिटेड 5जी डेटा मिलेगा। साथ ही रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक अनलिमिटेड नाइट डेटा भी उपलब्ध है। यूजर एक ओटीटी सब्सक्रिप्शन चुन सकते हैं, जिनमें डिज्नी प्लस हॉटस्टार, सोनी लाइव और सन एनएक्सटी शामिल हैं।वीआई मेक्स 551 प्लान में यूजर्स को 90जीबी डेटा और 200जीबी तक डेटा रोलओवर मिलता है। इसके अतिरिक्त, प्लान में अनलिमिटेड कॉल्स, 3000 एसएमएस, अनलिमिटेड नाइट डेटा और अनलिमिटेड 5G जारी रहता है। इस प्लान में 6 महीने तक अमेजन प्राइम और 12 महीने तक सोनी लाइव व डिज्नी प्लस हॉटस्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन जैसे फायदे भी दिए गए हैं। वीआई मेक्स 751 प्लान में 150जीबी डेटा उपलब्ध है, साथ ही अनलिमिटेड कॉल्स, 3000 एसएमएस और नाइट डेटा का लाभ भी मिलता है। इस प्लान में यूजर अपनी जरूरत के अनुसार ओटीटी या लाइफस्टाइल बेनेफिट्स में से तीन विकल्प चुन सकते हैं।

### नई रेनो डस्टर मार्च में होगी लॉन्च, बुकिंग प्रारंभ

**नई दिल्ली।** भारत में बहुप्रतीक्षित नई रेनाल्ट डस्टर अब प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध हो गई है। इस कार को ग्राहक मात्र रुपए 21,000 की टोकन राशि देकर बुक कर सकते हैं। कंपनी की इसे मार्च में बाजार में उतारने की तैयारी है। इस बार डस्टर पूरी तरह नए, हाई-टेक और प्रीमियम अवतार में आ रही है, जो इसे मिड-साइज एसयवू सेगमेंट में और ज्यादा प्रतिस्पर्धी बना देगी। नई डस्टर का बाहरी डिजाइन पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा फ्यूचरिस्टिक और मजबूत है। इसमें फुल एलईडी हेडलैंप और एलईडी टेललैंप सेटअप, 18-इंच डायमंड-कट अलॉय व्हील्स, बड़े स्किड प्लेट्स, व्हील आर्च क्लैडिंग और 212 मिमी का ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है। इसकी 25.7 डिग्री अप्रोच और 29.2डिग्री डिपार्चर एंगल इसे ऑफ-रोडिंग के लिए भी सक्षम बनाते हैं। साथ ही 50 किलो क्षमता वाली रूफ रेल्स इसे एडवेंचर ट्रिप्स के लिए भी उपयुक्त बनाती हैं। इंटीरियर की बात करें तो इसका केबिन हाई-टेक फीचर्स से लैस है। इसमें 10.25-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, 10.1-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, गूगल बिल्ट-इन सपोर्ट, गूगल प्ले से ऐप डाउनलोड की सुविधा, 4 यूएसबी टाइप-सी पोर्ट, वायरलेस चार्जर, पावर टेलगेट और 518 लीटर का बूट स्पेस मिलता है।

## रिलायंस के साथ जियो एआई में 10 लाख करोड़ रुपये का करेगा निवेशः मुकेश अंबानी





**नई दिल्ली।** देश के दिग्गज उद्योगपति एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने गुरुवार को ऐलान किया कि उनका समूह कृत्रिम मेधा (एआई) में सात साल के भीतर 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। अंबानी ने कहा कि दुनिया एआई को लेकर दोराहे पर खड़ी है, जहां एक रास्ता दुर्लभ, महंगी एआईऔर नियंत्रित डेटा की ओर ले जाता है, जबकि दूसरा रास्ता सस्ती एवं सुलभ एआई सुनिश्चित करता है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इंपैक्ट समिट' में अपने संबोधन में मुकेश अंबानी ने कहा कि एआई का सर्वश्रेष्ठ रूप अभी आना बाकी है। उन्होंने कहा कि एआई में अपार समृद्धि का युग लाने की क्षमता है। ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट भारत के टेक इतिहास में एक अहम पल है। एक ऐसा पल जब भारत एआई को अपने विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए ड्राइविंग फोर्स में से एक बनाने का वादा करता है और 2047 तक पूरी तरह से विकसित देश बनने का सपना है। मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो, रिलायंस के साथ मिलकर इस साल से अगले सात वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह कोई सट्टा निवेश नहीं है। यह मूल्य वृद्धि के लिए नहीं है। यह धैर्यपूर्ण, अनुशासित राष्ट्र निर्माण में लगाई जा रही पूंजी है। उन्होंने कहा कि एआई में सबसे बड़ी बाधा प्रतिभा की कमी नहीं, बल्कि 'कंप्यूटिंग' की उच्च लागत है। इसमें गीगावाट क्षमता वाले डेटा सेंटर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जियो ने भारत को इंटरनेट युग से जोड़ा और अब यह इसे बुद्धिमता के युग से जोड़ेगी। मुकेश अंबानी ने कहा कि हम हर नागरिक, हर क्षेत्र एवं सामाजिक विकास के हर पहलू तक बुद्धिमता (एआई) पहुंचाएंगे। जियो यह सब उसी विश्वसनीयता, व्यापकता और बेहद किफायती कीमत के साथ करेगा, जिससे उसने संपर्क क्षेत्र (मोबाइल डेटा) में क्रांति ला दी थी। अंबानी ने कहा कि हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समिट के गाइड, फिलॉसफर और लीडर हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री अश्विनी वैष्णव और उनकी शानदार टीम भारत की महत्वाकांक्षा के हिसाब से इस समिट को इतने बड़े पैमाने पर ऑर्गनाइज़ करने के लिए पूरी तारीफ़ के हकदार हैं। अंबानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का एआई पावर्ड विकसित भारत का विजन भी विकसित वैश्विक दक्षिण के लिए एक खाका है। उन्होंने आगे कहा कि अगर समझदारी से इस्तेमाल किया जाए, तो मेरा मानना है कि एआई बहुत ज्यादा चीजों के युग की शुरुआत कर सकता है। गरीबी रहित दुनिया और हमारे खूबसूरत ग्रह पर सभी 8 अरब लोगों के लिए खुशहाली का भविष्य अब नजर में है, पहुंच में है।

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 149 अंक उछला



**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बढ़त के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेज (बीएसई) का सेंसेक्स 147.46 अंक यानी 0.18 फीसदी उछलकर 83,881.17 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सेंचज एनएसई का निफ्टी 50.55 अंक यानी 0.20 फीसदी बढ़कर 25,869.90 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान एआई समिट के प्रभाव से आईटी सेक्टर आज सबसे ज्यादा बढ़त बनाने वाला सेक्टर रहा, जिसमें 1 फीसदी की तेजी देखी गई है। इसके अलावा मेटल शेयरों में भी 0.60 फीसदी की मजबूती दिखी है। वहीं, बैंकिंग सेक्टर में थोड़ा दबाव दिखा और निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर रहा। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बुधवार को बीएसई का सेंसेक्स 283.29 अंक यानी 0.34 फीसदी उछल कर 83,734.25 पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 93.95 अंक यानी 0.37 फीसदी की बढ़कर 25,819.35 पर बंद हुआ था।


## चिप कंपनी क्वालकॉम भारतीय स्टार्टअप्स के सपोर्ट के लिए 150 मिलियन डॉलर निवेश करेगी




**नई दिल्ली।** दिग्गज अमेरिकी चिप कंपनी क्वालकॉम ने सभी प्रकार के भारतीय स्टार्टअप्स के सपोर्ट के लिए 150 मिलियन डॉलर निवेश करने का ऐलान कर दिया है। क्वालकॉम कंपनी ने कहा कि इसके जरिए उनकी कोशिश भारत में बढ़ती टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है। इसमें प्रमुख फोकस ऑटोमौटिव के लिए एआई, आईओटी, रोबोटिक्स और मोबाइल टेक्नोलॉजी पर होगा। क्वालकॉम के प्रेसिडेंट और सीईओ क्रिस्टियानो एमोन ने कहा, क्वालकॉम अपने नए स्ट्रेटेजिक एआई वेंचर फंड के माध्यम से उन कंपनियों में निवेश कर रहा है जो भारत में एआई के अगले अध्याय को आगे बढ़ा रही हैं। अमोन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक नए चरण में प्रवेश कर रही है, जहां इंटेलिजेंस सीधे उन उपकरणों और प्रणालियों में अंतर्निहित होगी जिन पर लोग प्रतिदिन निर्भर रहते हैं, चाहे वे स्मार्टफोन और पीसी, कारें, औद्योगिक मशीनें और रोबोट आदि हों। इससे अधिक समृद्ध और सार्थक अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह बदलाव संपूर्ण उद्योगों को नया रूप देगा। अमोन ने कहा कि भारत में सभी क्षेत्रों में एआई इनोवेशन को बढ़ावा देने में स्टार्टअप इकोसिस्टम की महत्वपूर्ण भूमिका है। कंपनी ने बताया कि यह वेंचर फंड भारत के तकनीकी परिदृश्य के प्रति क्वालकॉम की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता रेखांकित करता है और यह वैश्विक स्तर पर अत्याधुनिक एआई को आगे बढ़ाने में कंपनी के नेतृत्व के अनुरूप है। दरअसल क्वालकॉम का लक्ष्य उभरती कंपनियों को परिवर्तनकारी, बाजार में अग्रणी समाधान विकसित करने में मदद करना है, इसके लिए वह संस्थापकों को अपनी गहन तकनीकी विशेषज्ञता और वैश्विक उद्योग नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करके नवाचार को गति प्रदान करती है।

## सोने और चांदी की कमजोर शुरुआत

### सोना 629 रुपए की गिरावट पर खुला, चांदी में 1,829 की गिरावट




**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखी जा रही है। घरेलू वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 629 रुपये की गिरावट के साथ 1,55,132 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,55,761 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह 217 रुपये की कमजोरी के साथ 1,55,544 रुपये पर कारोबार कर रहा था। दिन के दौरान इसने 1,55,544 रुपये का उच्च और 1,55,116 रुपये का निचला स्तर छुआ। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष सोना 1,80,779 रुपये के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच चुका है। चांदी का मार्च कॉन्ट्रैक्ट 1,829 रुपये की गिरावट के साथ 2,42,439 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 2,44,268 रुपये था। कारोबार के दौरान यह 268 रुपये टूटकर 2,44,000 रुपये पर ट्रेड करता दिखा। दिन में चांदी ने 2,44,563 रुपये का उच्च और 2,42,439 रुपये का निचला स्तर दर्ज किया। इस साल चांदी 4,20,048 रुपये प्रति किलो के उच्चतम स्तर को छू चुकी है। वैश्विक बाजार कॉमेक्स पर भी दोनों की कीमतों में दबाव देखा गया। सोना 4,993.70 डॉलर प्रति औंस पर खुला और बाद में 20 डॉलर गिरकर 4,989.50 डॉलर पर कारोबार करता नजर आया। इस वर्ष इसका उच्चतम स्तर 5,586.20 डॉलर रहा है। चांदी 77.14 डॉलर प्रति औंस पर खुली और 0.50 डॉलर की गिरावट के साथ 77.09 डॉलर पर ट्रेड करती दिखी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।